* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

05 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 45

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

सोनिया गांधी के घर कांग्रेस स्ट्रैटजी ग्रुप की बैठक हुई








## गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या का मामला

# धनबाद जेल से दो पिस्टल बरामद, जेलर निलंबित

- धनबाद जेल में बंद 23 कैदियों को राज्य के अन्य जेलों में भेजा जायेगा
- धनबाद जेल में चौबीसों घंटे होगी सीसीटीवी से निगरानी
- घटना की होगी न्यायिक जांच, जल्द नियुक्त होंगे मजिस्ट्रेट

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद ।** धनबाद जेल में कैदी अमन सिंह की हत्या के मामले में महकमा एक्शन में आ गया है। तलाशी के दौरान जेल से दो पिस्टल बरामद हुए। धनबाद के जेलर मो. मुसत्कीम अंसारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा दो कक्षपालों (एक्स आर्मी मैन) की संविदा रद्द कर दी गयी है, जबकि पांच कक्षपालों को निलंबित कर दिया गया। गौरतलब है कि जिला प्रशासन एवं जेल प्रशासन द्वारा अलग-अलग टीम बना कर सभी वार्डों, सेलों एवं पूरे परिसर की सघन तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान छह मोबाइल और 18000 रुपये बरामद किये गये। वहीं, कैदियों में आपसी टकराव एवं गैंगवार की संभावना को देखते हुए अलग-अलग गुटों के कैदियों को फौरन अलग-अलग सेल में भेजा गया। साथ ही डीएम लॉ एंड ऑर्डर, अपर समाहर्ता, सिटी एसपी की त्रिस्तरीय समिति बना कर संपूर्ण घटनाक्रम एवं सुरक्षा में चूक की जांच के लिए निर्देशित किया गया है। जेल के सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान अमन सिंह हत्या कांड में प्रयुक्त हथियार को ट्रेस करते हुए कारा परिसर से दो पिस्टल बरामद किये गये हैं।



जेल आइजी और धनबाद के डीसी मीडिया से बात करते हुए

इसमें चार प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जेल के हॉस्पिटल वार्ड में घटनास्थल की बैरिकेडिंग करते हुए उसे सेनीटाइज कर दिया गया है। जेल प्रशासन द्वारा वैसे पदाधिकारी और कर्मी को चिह्नित किया गया है, जिनकी लापरवाही से घटना हुई। मंडल कारा धनबाद में कक्षपालों की कमी को देखते हुए सात कक्षपालों को अन्यत्र जेल से भेजा गया। घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए जेल सुपरिटेंडेंट, मंडल कारा धनबाद एवं डीसी की अनुशंसा के आलोक में कुल 23 कैदियों को राज्य के अन्य कारा में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है, परंतु मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी डीसीएलआर, जिला पुलिस के वरीय पदाधिकारी डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर को डे टू डे मॉनिटरिंग एवं गतिविधियों पर नजर रखने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है। राज्य सरकार के निर्देश पर आइजी सीआइडी असीम विक्रांत मिंज (आइपीएस) एवं आइजी प्रिजन उमाशंकर सिंह (आइएएस) के द्वारा संयुक्त रूप से मंडल कारा धनबाद का निरीक्षण कर जांच की और पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उधर, धनबाद डीसी ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को घटना की न्यायिक जांच करने के लिए न्यायिक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने का अनुरोध किया है।

### हाइकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान

**रांची (आजाद सिपाही)।** धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या के मामले पर झारखंड हाइकोर्ट ने मीडिया में छपी खबरों के आधार पर स्वत: संज्ञान लिया है। हाइकोर्ट ने इस मामले में जेल आइजी को मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया है। अदालत ने इस मामले की सुनवाई मंगलवार को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। साथ ही राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता को निर्देश लेने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने सोमवार को अदालत को बताया कि सरकार ने इस मामले की जांच के लिए एसआइटी गठित की है और वरीय अधिकारियों की टीम घटनास्थल पर जाकर जांच कर रही है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने डीजीपी को लिखा पत्र

# भूमि घोटाले में संलिप्त लोगों पर एफआइआर दर्ज हो: बाबूलाल

बोकारो वन प्रमंडल की वन भूमि को इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन ने जाली दस्तावेज तैयार कर अवैध तरीके से हड़पा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बोकारो में जमीन घोटाले का मामला उठाया है। इस संबंध में उन्होंने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को पत्र लिखा है, जिसमें भूमि घोटाले में संलिप्त लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने की मांग की है। पत्र के साथ उन्होंने वन प्रमंडल बोकारो द्वारा स्थनीय थाना प्रभारी और जिले के पुलिस अधीक्षक को भेजे गये पत्र को भी संलग्न किया है। बाबूलाल ने अपने पत्र की कॉपी बोकारो के पुलिस अधीक्षक को भी भेजी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पत्र में लिखा है कि बोकारो में वन क्षेत्र की भूमि के मामले में मो इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन का नाम सामने आया है। फर्जी कागजातों के जरिये मौजा तेतुलिया, थाना चास, थाना संख्या-38 के प्लॉट संख्या 426, रकबा 40.60 एकड़ एवं प्लॉट सं 450, रकबा 66.60 एकड़ भूमि पर कब्जा के मामले में साजिश रची। यह मामला बोकारो वन प्रमंडल की वन भूमि को इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन द्वारा जाली दस्तावेज तैयार कर अवैध तरीके से हड़पे जाने से है। बाबूलाल ने इस मामले में शिकायत मिलने के बाद बोकारो पुलिस की कार्रवाई को लेकर चिंता जाहिर की है। उसे संदेहास्पद बताया है। उनके मुताबिक वन विभाग द्वारा इस मामले में एफआइआर दर्ज करने के अनुरोध पर मुकदमा दर्ज किये बिना ही आइओ ने बिना वन विभाग का पक्ष जाने जांच रिपोर्ट जमा कर दी। बीएसएल के अधिकारियों ने आपसी मिलीभगत से संबंधित भूखंड को अधिग्रहित बताते हुए जांच रिपोर्ट में अपना मंतव्य दिया है।

राज्य में जमीन घोटालों का जिक्र करते हुए बाबूलाल ने कहा है कि जमीन घोटालों से जुड़े कई सनसनीखेज मामले सामने आ चुके हैं। संभव है कि इतने बड़े जमीन घोटाले के तार भी कई रसूखदार और सफेदपोशों से जुड़े हों। ऐसे में इस संबंध में जिला वन पदाधिकारी, बोकारो द्वारा समर्पित जांच प्रतिवेदन के आलोक में एफआइआर दर्ज किया जाना आवश्यक है। बाबूलाल ने पत्र में लिखा है कि जनहित और राज्यहित में इस कूट रचना के साथ हुए जमीन घोटाले की विस्तृत जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु एफआइआर दर्ज करने का निर्देश देना चाहूंगा।

# पराजय का गुस्सा सदन में न निकालें: मोदी

संसद का शीतकालीन सत्र शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार 4 दिसंबर से शुरू हो गया। यह सत्र 22 दिसंबर तक चलेगा। 19 दिन के दौरान दोनों सदनों में 15 बैठकें होंगी। लोकसभा में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने बैनर लहराये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष से अपील की। उन्होंने कहा कि बाहर मिली पराजय का गुस्सा सदन में मत निकालिए। सदन में सकारात्मक चर्चा कीजिए। उधर, राज्यसभा ने आप सांसद राघव चड्ढा का निलंबन रद्द कर दिया। वे अगस्त 2023 से निलंबित चल रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीतिक गर्मी बड़ी तेजी से बढ़ रही है। चार राज्यों के नतीजे आये हैं। बहुत ही उत्साहवर्धक परिणाम हैं। ये देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए हैं। महिलाएं, युवा, किसान और गरीब ये ऐसी महत्वपूर्ण जातियां हैं, जिनका एम्पॉवरमेंट जरूरी है। जब आप लोक कल्याण के लिए काम करते हैं तो एंटी-इन्कंबेंसी फैक्टर खत्म हो जाता है।

## न्यूज रील्स

### तमिलनाडु-आंध्र से आज टकरायेगा साइक्लोन मिचौंग

**चेन्नई।** बंगाल की खाड़ी से 2 दिसंबर को उठा साइक्लोन मिचौंग 5 दिसंबर को सुबह 12 बजे से पहले आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के तट से टकरा सकता है। तूफान का असर ओड़िशा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पुडुचेरी में रहेगा। अब तक 204 ट्रेनें और 70 फ्लाइट रद्द की गयीं हैं।

### मणिपुर में दो गुटों में गोलीबारी, 13 लोगों की मौत

**इंफाल।** मणिपुर में सोमवार को दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी में 13 लोगों की मौत हो गयी। घटना म्यांमार बॉर्डर से लगे कुकी बहुल इलाके टेंग्नौपाल जिले के लीथू गांव की है। असम राइफल्स के मुताबिक, इलाके के एक विद्रोही समूह ने म्यांमार जा रहे उग्रवादियों पर ये हमला किया है। मारे गये लोगों की पहचान नहीं हो पायी है।

### तेलंगाना में एयरफोर्स का ट्रेनर एयरक्राफ्ट क्रैश

**हैदराबाद।** इंडियन एयर फोर्स का एक ट्रेनिंग विमान सोमवार सुबह तेलंगाना में क्रैश हो गया। इस हादसे में दो पायलटों की मौत हो गई। प्लेन मेडक के बाहरी इलाके परिधि रवेली में क्रैश हुआ। विमान में दो पायलट मौजूद थे। जिसमें एक ट्रेनर थे जो नये कैडेट को प्लेन उड़ाना सिखा रहे थे।

## साहिबगंज में अवैध खनन मामला, पंकज मिश्रा को झटका

# सीबीआइ जांच पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

15 दिसंबर को होगी अगली सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपत्ति अर्जित करने और उन पैसों की मनी लांड्रिंग करने के आरोपी पंकज मिश्रा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्ट की बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने झारखंड हाइकोर्ट के उस आदेश पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया है, जिसमें साहिबगंज में अवैध खनन की सीबीआइ जांच का आदेश दिया गया था। अदालत अब इस मामले में 15 दिसंबर को सुनवाई करेगी। दरअसल, झारखंड हाइकोर्ट ने साहिबगंज में अवैध खनन की सीबीआइ जांच का आदेश दिया था। हाइकोर्ट के इस आदेश को पंकज मिश्रा ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दाखिल की थी।

### पंकज मिश्रा जुलाई 2022 में हुए थे गिरफ्तार

बता दें कि सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को इडी ने पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान इडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर चुकी है। वहीं इडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ रुपये नकदी जब्त की गयी थी। पंकज मिश्रा फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।






## मुख्यमंत्री 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में हुए शामिल

# केंद्र से बकाया मिले, तो विकास का काम होगा: हेमंत

305 करोड़ रुपये की 117 योजनाओं का शिलान्यास और 30 करोड़ रुपये की 20 योजनाओं का उद्घाटन किया, 64728 लाभुकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार अगर राज्य सरकार की बकाया राशि 1.36 हजार करोड़ का भुगतान करे, तो राज्यवासियों के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य हो सकेंगे। लाखों की संख्या में जरूरतमंदों को आवास, युवाओं की शिक्षा के लिए हजारों की संख्या में कॉलेज, लाखों छात्रों को छात्रवृत्ति समेत अन्य जन कल्याण कार्य राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। केंद्र सरकार द्वारा बिजली का 1200 करोड़ रुपये झारखंड का ले लिया गया और बिजली उपलब्ध कराने में भी कटौती की जाती रही। राज्य सरकार जल्द खुद का बिजली संयंत्र लगाने की कार्ययोजना पर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री सोमवार को गिरिडीह में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम में उन्होंने 305 करोड़ रुपये की 117 योजनाओं का शिलान्यास और 30 करोड़ रुपये की 20 योजनाओं का उद्घाटन किया। इसके अलावा राज्य के 64728 लाभुकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला। मुख्यमंत्री विभिन्न पंचायतों के लाभुकों से ऑनलाइन संवाद कर वस्तुस्थिति से अवगत भी हुए।



### बेटियों की पढ़ाई को लेकर सरकार गंभीर

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की बेटियों को अपनी पढ़ाई को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अतिरिक्त गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ भी सरकार दे रही है। अब उच्च शिक्षा और प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में योजना सहायक बनेगी। सरकार इस हेतु आर्थिक सहयोग करेगी। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से अब तक सरकार ने करीब आठ लाख किशोरियों को जोड़ा है।

### गांव जड़ है, आत्मा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव किसी भी राज्य के जड़ होते हैं। गांव सशक्त होगा तभी राज्य मजबूत होगा। सरकार की योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी। इस कड़ी में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। वर्तमान सरकार के गठन से पूर्व ऐसा किसी सरकार ने नहीं किया था। आज पदाधिकारी आपकी समस्या का समाधान आपके द्वार पर कर रहे हैं। राज्य भर के पंचायत और गांव में शिविर का आयोजन हो रहा है, ताकि अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजना का लाभ मिल सके। अगर पूर्व की सरकारों द्वारा लोगों की समस्या का समाधान किया गया होता, तो आज स्थिति कुछ और होती। लेकिन यह आपकी सरकार है, जो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु आपके द्वार पहुंच रही है। पदाधिकारी राज्यवासियों की सेवा में लगे हैं, जबकि पूर्व की सरकारों ने इन्हें अपनी सेवा में लगा रखा था।

### संस्थान प्रखंड स्तर पर स्थापित किये गये

हेमंत सोरेन ने कहा कि जो संस्थान जिला स्तर पर संचालित होते थे, वैसे संस्थानों को प्रखंड स्तर पर भी संचालित किया जाने लगा है। इसका प्रतिफल है कि कौशल प्राप्त हजारों युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया गया। नियुक्ति प्रक्रिया भी जारी है। आनेवाले दिनों में अन्य नियुक्तियां निकली जाएंगी। नियुक्ति नियमावली की अड़चनों को दूर कर कार्य किया जा रहा है। जल्द ही 40 हजार बहाली होंगी।

### संभले तो विपक्ष सरकार गिराने में जुट गया

हेमंत ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि महामारी के बाद राज्य सरकार संभालने में जुटी, तो विपक्ष सरकार गिराने में जुट गया। राज्य सरकार इसकी फ्रिक किये बिना नये तरीके से योजनाओं को लागू करने में जुटी हुई है। हक अधिकार के लिए राज्य सरकार लड़ाई लड़ रही है। इस अवसर मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता व मंत्री बेबी देवी, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, सरफराज अहमद व विधायक विनोद कुमार सिंह मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 59,400 रु./10 ग्राम
चांदी 79,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 05 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# मोदी की जीत हिंदुत्व की जीत है

## ■ मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनावी परिणाम ने दिखा दी हिंदुत्व की ताकत


राकेश सिंह

जिस सनातन संस्कृति ने हजारों वर्षों से भारत को जोड़े रखा है, उसे कुछ लोग मिल कर खंड-खंड करना चाहते हैं। देश के कोने-कोने में हर सनातनी को इनसे सतर्क रहना है। यह बात देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 सितंबर 2023 को कही थी। इस बात के गहरे अर्थ भी हैं।

### सनातन विरोध और तुष्टीकरण की नीति महंगी पड़ रही कांग्रेस को

भारत ही इकलौता देश है, जहां सनातन सांसें ले रहा है, लेकिन इन सांसों को भी छीनना चाहते हैं, नकली हिंदुत्व का चोला ओढ़नेवाले बहुरूपिये। इन बहुरूपियों से हर सनातनी को बचना है। ये वही बहुरूपिये हैं, जो भगवान राम को काल्पनिक कहते हैं, लेकिन जैसे ही चुनाव आता है, अपना सनातन का ड्रेस बक्से से निकालते हैं और आरती करने लग जाते हैं। मंदिर-मंदिर घूमते हैं। ये वही लोग हैं, जो कहते हैं कि मंदिरों में शक्तिहीन मूर्तियां होती हैं। ये वही लोग हैं, जो कहते हैं कि मंदिर जानेवाले छेड़खानी करते हैं। ये वही लोग हैं, जिन्होंने हिंदू आतंकवाद का शब्द इजाद किया। ये वही लोग हैं, जब पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक होती है, तो भारतीय सेना के शौर्य का सबूत मांगते हैं। ये वही लोग हैं, जिन्होंने 26/11 हमले के दौरान पाकिस्तान को क्लीन चिट दी थी। ये वही लोग हैं, जिन्होंने मुंबई में पाकिस्तान प्रायोजित 26/11 के आतंकी हमले का जिम्मेदार आरएसएस को ठहराया। ये वही लोग हैं, जो मालेगांव और समझौता ट्रेन धमाकों में हिंदू संगठनों को लपेटते हैं और कहते हैं कि देश में हिंदू आतंकवाद का खतरा मंडरा रहा है। ये वही लोग हैं, जो चंद्रयान के अवतरण बिंदु का नाम 'शिवशक्ति प्वाइंट' रखने पर सवाल उठाते हैं। ये वही लोग हैं, जो राम मंदिर निर्माण पर सवाल उठाते हैं। ये वही लोग हैं, जो हिंदू और हिंदुत्ववादी में फर्क बताते हैं और कहते हैं कि यह हिंदुओं का देश है, हिंदुत्ववादियों का नहीं। ये वही लोग हैं, जो कन्हैया लाल की हत्या पर चुप्पी साध लेते हैं। ये वही लोग हैं, जिन्हें जब देश में धार्मिक स्थलों का निर्माण होता है, तो स्कूल-कॉलेज निर्माण की बात याद आती है। लेकिन वहीं दूसरे धर्म के लोगों के लिए टैक्स फ्री सेवा की बात करते हैं। तीन तलाक पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पेशे से वकील कपिल सिब्बल ने राम की तुलना इस्लामी कुरीति से की थी। ये वही लोग हैं, जो कहते थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है।

### डिवाइड एंड रूल का फार्मूला भी फ्लॉप

अब इन नकली हिंदुत्व के ढोंगियों ने नया फार्मूला निकाला है। जाति के नाम पर सनातनियों को बांटने का। डिवाइड एंड रूल का फार्मूला। यह फार्मूला अंग्रेजों ने इजाद किया था और भारत के टुकड़े हो गये। समझा जा सकता है कि यह फार्मूला कितना खतरनाक है। आज विपक्ष जाति आधारित राजनीति करने को आतुर है। उसे लगता है कि हिंदुत्व की ताकत को तभी कमजोर किया जा सकता है, जब हिंदुओं को जाति के नाम पर बांट दो। लेकिन जैसे ही मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ तीन हिंदी पट्टी राज्यों का चुनाव परिणाम आया, विपक्ष का जाति आधारित राजनीतिक कार्ड फ्लॉप शो साबित हो गया। राहुल गांधी को ही ले लीजिए। जिस प्रकार से उनका सनातन विरोधी रवैया रहा, क्या सनातनियों ने उसे नहीं देखा। जब उदयनिधि स्टालिन ने सनातन के समूल नाश की बात कही थी, तो राहुल का स्टैंड क्या था, यह देश ने देखा। यही बात कोई नेता किसी अन्य धर्म के लिए कहता, तो राहुल गांधी, प्रियंका गांधी संग पूरा विपक्ष छाती पीट रहा होता। सड़कों पर उतर आते। जब हिंदुओं की शोभायात्रा पर पत्थर बरसाये जा रहे थे, तब कांग्रेस या विपक्ष का स्टैंड क्या था। वहीं जब योगी आदित्यनाथ या शिवराज सिंह चौहान जवाबी कार्रवाई करते हैं, तो संपूर्ण विपक्ष छाती पीट-पीट कर चिल्लाने आ जाता है। आखिर किसी खास विशेष के लिए इतना प्रेम कैसे उमड़ जाता है। जब धारा 370 हटी और कश्मीरी हिंदुओं के चेहरे पर मुस्कान आयी, तो विपक्ष को यह एक आंख न सुहाया।


### रामायण और हिंदू धर्मग्रंथों का उपहास महंगा पड़ा

हिंदुओं का एक ही देश है भारत और यहां भी अगर वह खुल कर अपनी संस्कृति, अपने त्योहारों और धर्म का प्रदर्शन नहीं कर सकता, तो कहां जाये। अयोध्या में दीपावली पर जब लाखों दीये जलते हैं, तब विपक्ष को गरीबों की चिंता सताती है। जब पटाखे फोड़े जाते हैं, तब प्रदूषण याद आता है। आज बिहार के स्कूलों में हिंदू त्योहारों की छुट्टियां रद्द की जा रही हैं और ईद, बकरीद, मुहर्रम की छुट्टियां बढ़ा दी गयी हैं। अब यह कौन सी राजनीति का परिचय दे रहे हैं नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव। जातिगत जनगणना बिहार से शुरू हुई, यानी हिंदुओं को जाति के नाम पर बांटने का फार्मूला ढूंढ़ा लालू-नीतीश ने। इसे चुनाव में अप्लाई किया राहुल ने। उसके बाद नतीजा क्या हुआ, सबके सामने है। कांग्रेस को जनता ने तीन राज्यों से गेट आउट कर दिया। बिहार के शिक्षा मंत्री और राजद नेता चंद्रशेखर ने रामचरित मानस को नफरत फैलाने वाली किताब कहा था। वहीं सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरित मानस पर प्रतिबंध लगाने की बात कही। आखिर देश में हिंदुओं को टारगेट क्यों किया जा रहा है। लेकिन तीन हिंदी पट्टी के चुनाव परिणाम आने के बाद विपक्ष की बोलती बंद है, जनता ने हिंदू विरोधी चेहरों को ऐसा जवाब दिया है कि उनका राजनीतिक अस्तित्व ही खतरे में है।

### अपमान का प्रतिकार

विषय यह नहीं कि हिंदुत्व कितने करोड़ लोगों की जीवनशैली, संस्कृति और उनकी आस्था का प्रतीक है। यहां विषय आत्म सम्मान का है। एक सामान्य सी समझ की बात है कि अगर किसी देश की आत्मा के साथ खिलवाड़ किया जायेगा, तो वह देश भी किसी दिन अपने इस अपमान का प्रतिकार करने के लिए बाध्य होगा। स्पष्ट है कि कांग्रेस और उस जैसे तत्व न केवल आग से खेल रहे हैं, बल्कि उन्हें इस देश की जनता, देश की प्रतिष्ठा, देश की आत्मा की जरा भी चिंता नहीं है। उन्हें पता होना चाहिए कि हिंदू और हिंदुत्व कोई रेत का ढेर नहीं, जिसे ठोकर मारने पर चोट नहीं लगेगी। 2023 के तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी वही हुआ। हिंदुओं ने कांग्रेस को ऐसी जगह चोट दी कि उसे उबरने में अब दशकों लगेंगे।





## कांग्रेस की गाली से मजबूत हो रहे मोदी

अगर किसी पार्टी का सबसे बड़ा नेता देश के प्रधानमंत्री को अपशब्द बोले, रे-ते करे तो उसकी राजनीतिक समझ कितनी होगी, यह समझा जा सकता है। जैसे ही राहुल गांधी ने पीएम मोदी को पनौती कहा, जनता समझ गयी कि राहुल गांधी में कभी बदलाव नहीं आ सकता। वह राजनीति करने के लिए फिट नहीं हैं। राहुल यह भूल जाते हैं कि वह देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी के सर्वेसर्वा हैं। एक बार जब राहुल गांधी की माता जी ने नरेंद्र मोदी को मौत का सौदागर कहा था, जहर की खेती करनेवाला कहा था। उसके बाद कांग्रेस का गुजरात से सफाया हो गया था। यही हाल कांग्रेस का राजस्थान में हुआ। राहुल गांधी देश के पीएम को कभी चौकीदार चोर है कहते हैं, कभी डकैत बताने की कोशिश करते हैं, कभी जेबकतरा बताने की बात करते हैं। राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी का अपमान करते हुए उन्हें जवानों के खून का दलाल तक कह डाला था। राहुल गांधी की तो छोड़िये, प्रियंका गांधी भी पीछे नहीं रहीं। उन्होंने पीएम मोदी को कायर कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की तुलना दुर्योधन से भी की। कभी उन्हीं की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पीएम मोदी को रावण कहते हैं। कभी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मधुसूदन मिस्त्री मोदी को औकात दिखाने की बात करते हैं। कभी झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोधकांत सहाय मोदी की तुलना हिटलर से करते हैं और कहते हैं प्रधानमंत्री हिटलर के रास्ते पर चलेंगे तो हिटलर की मौत मरेंगे। कभी कांग्रेस नेता शेख हुसैन कहते हैं जैसे कुत्ते की मौत होती है, वैसे ही नरेंद्र मोदी की मौत होगी। कभी महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष और विधायक नाना पटोले कहते हैं कि मैं मोदी को मार सकता हूं और उसे गाली भी दे सकता हूं। कभी कांग्रेस नेता उमंग सिंघार पीएम नरेंद्र मोदी की तुलना राक्षस से करते हैं। कभी कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला पीएम मोदी की तुलना बंदर से करते हुए कहते हैं कि अबकी बार-बंदर के हाथ में उस्तरा सरकार। कभी कांग्रेस नेता गौरव वल्लभ पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की तुलना कुख्यात अपराधी रंगा-बिल्ला से करते हैं। कभी दिग्विजय सिंह पीएम मोदी की तुलना जनरल डायर से करते हैं। कभी अधीर रंजन चौधरी ने पीएम मोदी की तुलना गंदी नाली से की थी। उन्होंने तो राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्र पत्नी तक कह डाला। पवन खेड़ा ने पीएम मोदी की तुलना आतंकी मसूद अजहर, ओसामा बिन लादेन, दाऊद इब्राहिम और आइएसआइ से कर दी थी। कांग्रेस प्रवक्ता खेड़ा ने टीवी बहस के दौरान कहा था कि मोदी का मतलब है मसूद अजहर, ओसामा, दाऊद और आइएसआइ। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर का बयान भला कौन भूल सकता है, जब उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को नीच कहा था। लेकिन इससे कभी राहुल गांधी को फर्क नहीं पड़ा। और भी कई अपशब्दों का प्रयोग कांग्रेस नेताओं द्वारा पीएम मोदी के लिए किया गया, लेकिन कांग्रेस ने जब-जब मोदी को गाली दी, मोदी उतने की ताकतवर होते गये।

> भारत ही इकलौता देश है, जहां सनातन सांसें ले रहा है, लेकिन इन सांसों को भी छीनना चाहते हैं, नकली हिंदुत्व का चोला ओढ़नेवाले बहुरूपिये। इन बहुरूपियों से हर सनातनी को बचना है।

### तुष्टीकरण की होड़ से कांग्रेस पस्त, भाजपा का उदय

कांग्रेस की मुस्लिम परस्ती 1986 में राजीव गांधी के समय शाहबानो केस पर आये गुजारा भत्ता फैसले को पलटने से शुरू हुई। इसके बाद रामजन्मभूमि को लेकर शुरू हुए आंदोलन के समय कांग्रेस के हिंदू नेताओं की चुप्पी और मुस्लिम परस्तों की तरफ से राम मंदिर आंदोलन का खुला विरोध कांग्रेस को महंगा पड़ा। रामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान 1989 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की लोकप्रियता में जबर्दस्त इजाफा हुआ था। 1984 में जहां उसने सिर्फ दो लोकसभा सीटें जीती थीं, वहीं 1989 के चुनाव में 85 सीटें जीत गयी थी। लालकृष्ण आडवाणी की रामरथ यात्रा रोके जाने के कारण हुए 1991 में हुए मध्यावधि चुनाव में भाजपा बढ़ कर 120 हो गयी थी। 1996 में कांग्रेस को पीछे छोड़ते हुए 161 सीटें जीत गयी और 1998 में 182 सीटें जीत कर अटल बिहारी वाजपेयी ने सरकार ही बना ली। चुनाव नतीजों के कुछ दिन बाद ही कांग्रेस ने सीताराम केसरी को हटा कर सोनिया गांधी को अध्यक्ष बना लिया था। 1989 के रामजन्मभूमि आंदोलन के बाद कांग्रेस को लगातार चार चुनावों में बहुमत नहीं मिला था, हालांकि 1991 में चुनावों के दौरान राजीव गांधी की हत्या के कारण आयी सहानुभूति की लहर ने कांग्रेस की अल्पमत सरकार बना दी थी, लेकिन कांग्रेस की इसी अल्पमत सरकार के दौरान 1992 में बाबरी ढांचा टूटने के बाद हिंदुत्व आधारित भाजपा की लोकप्रियता में जबर्दस्त इजाफा हुआ था। 1992 में जब बाबरी ढांचा टूटा था, तब भी कांग्रेस के भीतर सिर्फ एकतरफा आवाजें उठीं। मुस्लिम समुदाय को खुश करने के लिए कांग्रेस के भीतर से ही नरसिम्हा राव को जिम्मेदार ठहराने की कोशिश की गयी थी। इसी मुद्दे पर कांग्रेस टूट गयी थी। सीताराम केसरी और सोनिया गांधी के नेतृत्व में भी कांग्रेस ढांचा टूटने के लिए नरसिंह राव को जिम्मेदार मानती थी। इसलिए 1996 का चुनाव हारने के बाद राव को पहले अध्यक्ष पद से हटाया गया और बाद में 1997 में कोलकाता अधिवेशन में उनके मंच पर बैठने का भी विरोध हुआ।

### सोनिया गांधी की राजनीति में इंट्री

कोलकाता अधिवेशन में सोनिया गांधी ने कांग्रेस की सदस्यता ली। सदस्यता लेते ही उन्हें मुख्य अतिथि की तरह मंच पर लाया गया था। सोनिया गांधी की मौजूदगी और सीताराम केसरी की रहनुमाई में नरसिम्हा राव को अपमानित किया गया था। देश का हिंदू इसे देख रहा था, जो यह मानता था कि नरसिम्हा राव कहीं से भी ढांचा टूटने के लिए दोषी नहीं थे, लेकिन नरसिम्हा राव को अपमानित करके भी कांग्रेस को कोई फायदा नहीं हुआ। 1998 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सिर्फ एक सीट बढ़ कर 141 हुई थी, क्योंकि मुसलमान उससे खुश नहीं हुआ, और हिंदुओं की नाराजगी और बढ़ गयी। कांग्रेस की करनी और कथनी का अंतर यहीं से शुरू हुआ। 1996 और 1998 की लगातार दो हार के बाद और सोनिया गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस की कार्यसमिति ने 16 जनवरी 1999 में एक प्रस्ताव पास किया था, जिसमें कहा गया था कि हिंदूइज्म भारत में सेक्यूलरिज्म की सबसे प्रभावी गारंटी है।

### भगवा आतंकवाद का इजाद महंगा पड़ा कांग्रेस को

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वीएन गाडगिल उस समय कांग्रेस में हिंदुओं की एक मात्र आवाज थे। गाडगिल बार-बार कहा करते थे कि कांग्रेस में सेक्यूलरिज्म खत्म हो रहा है, मुस्लिम परस्ती बढ़ रही है। 2004 में जब कांग्रेस सत्ता में आयी तो उसने अपने दस साल के शासन में हिंदुओं को अपमानित करने और मुसलमानों को खुश करने की कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है। हिंदुत्व को बदनाम करने के लिए भगवा आतंकवाद की थ्योरी का इजाद किया गया। इस थ्योरी को जयपुर में कांग्रेस के चिंतन शिविर में मंच से दोहराया गया। आतंकवादी वारदातों को हिंदुओं के सिर मढ़ने के लिए झूठे केस बना कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। यहां तक कि मध्यप्रदेश में साध्वी प्रज्ञा ठाकुर को हिंदू आतंकी कहते हुए जेल में यातना तक दी गयी थी। इतनी भयंकर यातना कि वह ठीक से चल-फिर भी नहीं सकती थीं। पाकिस्तान प्रायोजित मुंबई में हुए 26/11 के आतंकी हमले का जिम्मेदार भी आरएसएस को ठहरा दिया गया, जबकि पूरी दुनिया सच्चाई जानती थी। समझौता एक्सप्रेस ब्लास्ट का जिम्मेदार भी हिंदुओं को ठहराया गया। रामसेतु के मुद्दे पर कांग्रेस सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हल्फिया बयान देकर कहा कि भगवान राम काल्पनिक हैं, उनके पैदा होने के सबूत नहीं हैं। इस तरह सिर्फ रामसेतु ही नहीं बल्कि राम जन्मभूमि पर भी कांग्रेस ने उनके अस्तित्व को नकार दिया था। कांग्रेस की 2004 से 2014 की हिंदू विरोधी मानसिकता का ही नतीजा है कि 2014 में हिंदुत्व का ऐसा उभार हुआ कि कांग्रेस 50-52 सीटों से आगे नहीं बढ़ पायी। पिछले साल उदयपुर में हुए कांग्रेस के चिंतन शिविर की राजनीतिक मामलों की कमेटी के मंथन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोद कृष्णन ने इन सब मुद्दों को उठाते हुए कहा था कि कांग्रेस की छवि हिंदू विरोधी हो गयी है। उन्होंने 2004 से 2014 तक की उन सारी घटनाओं का जिक्र भी किया था, जिनके कारण हिंदू कांग्रेस से नाराज हैं और उसकी छवि मुस्लिम परस्त पार्टी की बन गयी है। अब जब मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्यसमिति का गठन किया है और उसमें भारत तेरे टुकड़े होंगे का नारा लगाने वाले पूर्व कम्युनिस्ट नेता कन्हैया कुमार और मुस्लिम परस्ती करनेवाले दिग्विजय सिंह और जयराम रमेश को तो कार्यसमिति में रखा गया है, जबकि हिंदुओं की बात कहने वाले किसी को भी कार्यसमिति में नहीं रखा गया, तो आचार्य प्रमोद ने तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस में कुछ ऐसे नेता आ गये है, जो कांग्रेस को वामपंथ के रास्ते पर ले जाना चाहते हैं, इन नेताओं को वंदे मातरम, भारत माता की जय और भगवा से नफरत है।

> अब इन नकली हिंदुत्व के ढोंगियों ने नया फार्मूला निकाला है। जाति के नाम पर सनातनियों को बांटने का। डिवाइड एंड रूल का फार्मूला। यह फार्मूला अंग्रेजों ने इजाद किया था और भारत के टुकड़े हो गये। समझा जा सकता है कि यह फार्मूला कितना खतरनाक है। आज विपक्ष जाति आधारित राजनीति करने को आतुर है। उसे लगता है कि हिंदुत्व की ताकत को तभी कमजोर किया जा सकता है, जब हिंदुओं को जाति के नाम पर बांट दो। लेकिन जैसे ही मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ तीन हिंदी पट्टी राज्यों का चुनाव परिणाम आया, विपक्ष का जाति आधारित राजनीतिक कार्ड फ्लॉप शो साबित हो गया।

### कांग्रेस में नेता नहीं, युवराज, ब्यूरोक्रेट्स और टेक्नोक्रेट्स की भरमार

तीन राज्यों का चुनाव परिणाम आते ही कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णन ने कहा कि कांग्रेस को सनातन का श्राप लग गया। यह गलत भी नहीं है। कांग्रेस में आजकल ऐसे लोगों को ही ऊंची कुर्सी पर बैठाया जा रहा है, जो शौकिया राजनीति में आये हैं। लाभ के लिए राजनीति में आये हैं। जीवन भर पार्टी के लिए खून-पसीना बहानेवालों को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है और उनकी जगह जनता पर जुल्म ढाहनेवाले ब्यूरोक्रेट्स को थोप दिया जाता है। कांग्रेस में टेक्नोक्रेट की भरमार हो गयी है। ये ब्यूरोक्रेट्स और टेक्नोक्रट्स आजीवन कुर्सी पर चिपक कर बैठना चाहते हैं। यहां युवाओं की कद्र नहीं है। यहां सचिन पायलट को ही देख लीजिए, उनकी जगह अशोक गहलोत को तरजीह दी गयी, जो ठीक से बोल भी नहीं पाते। उम्र की मार ऐसी कि पैर लड़खड़ा जाते हैं। अगर ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा में नहीं जाते, तो आज वह भी हाशिये पर पड़े मिलते। सच कहा जाये, तो कांग्रेस में इन दिनों बूढ़ों के साथ-साथ बाहर से आनेवालों की भरमार हो गयी है। उन्हें ही सिर आंखों पर बैठाया जा रहा है, जो पानी पी-पीकर हिंदू देवी-देवताओं का उपहास उड़ाते हैं। रामायण से लेकर गीता तक को रद्दी कहते हैं।

> ये वही बहुरूपिये हैं, जो भगवान राम को काल्पनिक कहते हैं, लेकिन जैसे ही चुनाव आता है, अपना सनातन का ड्रेस बक्से से निकालते हैं और आरती करने लग जाते हैं। मंदिर-मंदिर घूमते हैं।

### मोदी युग में धार्मिक और सांस्कृतिक उदय

2014 के बाद जिस तरीके से मोदी युग में भारत का धार्मिक और सांस्कृतिक उदय हुआ, वह अपने आपमें मिसाल है। जिस तरीके से 500 सालों के इंतजार के बाद अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है, वह देश के करोड़ों हिंदुओं के मान-सम्मान और गौरव का विषय है। आज काशी विश्वनाथ धाम, सोमनाथ मंदिर का विस्तार, महाकाल लोक, केदारनाथ धाम और अन्य मंदिरों का पुनर्निर्माण हुआ और हो रहा है, वह देश में हिंदुओं के अस्तित्व को मजबूती प्रदान करता है। आज देश आर्थिक विकास के साथ-साथ धार्मिक विकास के रास्ते पर भी चल रहा है। ये समन्वय कोई सच्चा सनातनी ही कर सकता है। जिस प्रकार से तीन हिंदी पट्टी राज्यों के चुनाव परिणाम आये, वह यही संकेत देता है कि मोदी की जीत में सनातन की जीत है, हिंदुओं की जीत है, विकास की जीत है, आम आदमी की जीत है, नारी सम्मान की जीत है, अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति की जीत है। यह भारत की जीत है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.6 °c | 16.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.15 बजे |



### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आदिवासी छात्रावास पहुंचे, कहा

# आदिवासी समाज का जब तक मैं हूं अहित नहीं होगा

आदिवासियों के शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए तत्पर है हमारी सरकार

आदिवासियों के लिए विशेष स्थान होना चाहिए



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** आदिवासी छात्रावास गिरिडीह में मल्टीपर्पस हॉल, पुस्तकालय, छात्रावास की चहारदीवारी कार्य तथा छात्रावास में रसोईया की व्यवस्था का प्रयास जल्द किया जायेगा। गिरिडीह कॉलेज में पीजी की पढ़ाई जल्द शुरू हो, इसके लिए कार्ययोजना जल्द तैयार की जायेगी। ये बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहीं। मुख्यमंत्री सोमवार को आदिवासी छात्रावास गिरिडीह में छात्रों के द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था की बेहतरी के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए आगे बढ़ रही है। यहां के लोग सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से कैसे सशक्त हों, इसके लिए सरकार तत्परता के साथ कार्य कर रही है। इस राज्य को हमसभी लोग मिलकर जुलकर विकास की राह में तेज गति से आगे बढ़ायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक मैं हूं, आदिवासी समाज का कुछ भी अहित नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी संस्कृति का संरक्षण जरूरी है। यहां के धार्मिक स्थल जाहेर थान की घेराबंदी का कार्य होगा। इस देश में आदिवासियों का विशेष स्थान होना चाहिए।

इस अवसर मंत्री बेबी देवी, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय विधायक डॉ. सरफराज अहमद, जिला परिषद सदस्य हेंगा मुनि मुर्मू एवं अन्य मौजूद थे।

### मिलन समारोह का आयोजन : डॉ अशोक नाग ने आजसू का दामन थामा

# झारखंड में कोई सुरक्षित नहीं, यहां न विधि है और न व्यवस्था: सुदेश महतो

विधानसभा चुनाव के परिणाम पर कहा, जनता का एनडीए के प्रति विश्वास बढ़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और विधायक सुदेश महतो के मुताबिक राजनीति में सत्ता की चुनौती सदैव आती रहेगी, परंतु राज्य के विकास में जरूरी विषय न छूटे, यह पार्टी की पहली प्राथमिकता है। पार्टी कार्यालय में सोमवार को आयोजित मिलन समारोह में उन्होंने कहा कि आम लोगों का योगदान मतदान तक है, परंतु बौद्धिक लोगों का योगदान व्यापक एवं अहम होता है। राजनीतिक प्लेटफार्म में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है, क्योंकि सकारात्मक राजनीति के लिए सकारात्मक विचारों की आवश्यकता है। इस दौरान डॉ अशोक नाग के साथ कई शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों ने पार्टी का दामन थामा। इससे पहले सुदेश कुमार महतो के आवासीय कार्यालय में रॉयल प्रोफेशनल एंड शिवभारती फार्मेसी कॉलेज की निदेशक डॉ रूमी राजखोवा कच्छप समेत कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में डॉ अशोक नाग और उनके साथियों का स्वागत करते हुए सुदेश ने कहा कि अशोक नाग झारखंड को समझने और जमीनी स्तर पर काम करने वाले व्यक्ति हैं। बुद्धिजीवियों को राजनीति में आने से राज्य की आवश्यकता पर सकारात्मक काम करने में बल मिलेगा। इन्हें जनता हित से जुड़े हर काम को करने का पूर्ण सहयोग आजसू पार्टी देगी।



रविवार को आये तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए सुदेश महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व एवं देश की जरूरत को जनता ने भारी मतों से जीत दिलायी है। आजसू पार्टी ने पिछले चुनाव में राष्ट्रीय राजनीति में दखल दिया है। यह परिणाम आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में एक आकर्षक बल देगा। धनबाद के जेल में हुई घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में झारखंड में कोई सुरक्षित नहीं है। झारखंड में न विधि है, न व्यवस्था है। इंडिया गठबंधन पर उन्होंने कहा कि यह एक काल्पनिक समझौता है, जिसका नेता और नीति दोनों ही स्पष्ट नहीं है। मौके पर डॉ अशोक नाग ने कहा कि आज उनकी घर वापसी हो रही है। सुदेश महतो रोल मॉडल हैं। राजनीति का जो भी ककहरा सीखा, वो उनसे और आजसू पार्टी से सीखा। मिलन समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ देवशरण भगत, डोमन सिंह मुंडा, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष पार्वती देवी,सुधीर यादव,रामजीत गंझू, मजबूल रहमान, अमन शाहदेव और सत्यनारायण मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना, उच्चस्तरीय लोगों से सम्पर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी। |
| वृष | रोजी-रोजगार के क्षेत्र में सफलता, यशस्वी कार्य करने का अवसर, राजनीतिक लाभ। |
| मिथुन | प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रूका हुआ काम पूरा होगा, सुख-सौहार्द की वृद्धि। |
| कर्क | आत्मविश्वास में वृद्धि,धन-द्रव्य का लाभ,नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएं सफल होगी। |
| सिंह | सक्रियता बनाये रखें, सभी काम देरगसबेर पूरा होगा, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे। |
| कन्या | पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे, पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा, जमीन-मकान संबंधी काम पूरे होंगे। |
| तुला | काम-काज की स्थिति में सुधार, अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे। |
| वृश्चिक | संकल्पित कार्य पूरे होंगे, आकस्मिक लाभ, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| धनु | विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। |
| मकर | सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ,हर्षदायक समाचार मिलेंग। |
| कुंभ | स्वास्थ्य में सुधार, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेग। |
| मीन | व्यापार में लाभ, समस्याओं का निराकरण होकर नौकरी में कुछ उन्नति होने की संभावना। |

# सरकारी भूमि हस्तांतरण नीति 2023 लागू

पांच साल में हस्तांतरित भूमि पर काम पूरा नहीं होने पर मिल सकता है 2 साल का अवधि विस्तार

**सबलीज दिये जाने से पहले कैबिनेट की स्वीकृति जरूरी**

भूमि पर सबलीज दिये जाने के पहले कैबिनेट की स्वीकृति लेनी होगी। सरकारी भूमि पर लीजधारक द्वारा थर्ड पार्टी राइट किये जाने के लिए भी कैबिनेट की स्वीकृति ली जायेगी। निजी कंपनियों को सामाजिक कार्यों के लिए भी जमीन दी जा सकेगी। धार्मिक कार्यों के लिए भी जमीन देने के लिए स्पष्ट नीति बनी है।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार ने सरकारी भूमि हस्तांतरण नीति 2023 लागू कर दिया है। राजस्व भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। नये सिरे से लीज रेंट भी तय किया गया है। भूमि की लीज बंदोबस्ती के लिए पूरी प्रक्रिया निर्धारित की गयी है। लीज पर जो भूमि दी गयी है, उसमें अगले पांच साल के भीतर वह कार्य लीजधारकों को करना होगा, अगर किसी कारणवश लीजधारक अपना कार्य पूरा नहीं कर पाता है, तो संबंधित जिले के उपायुक्त इसकी समीक्षा करेंगे। डीसी की अनुशंसा पर अब दो साल का अधिकतम अवधि विस्तार उस कार्य के लिए भू-राजस्व विभाग दे सकेगा।अब उचित कारण बता अधिकतम सात सालों के लिए जमीन पर विकास कार्य करने या प्लाट इत्यादि स्थापित करने का लीजधारकों को समय मिलेगा। पहले पांच साल में योजना जमीन पर नहीं उतरी तो भू-वापसी होती थी। सारी स्थिति ठीक रही तो लीज नवीकरण भी किया जायेगा। नवीकरण का आवेदन नहीं देने पर जमीन वापस ली जायेगी।

बता दें कि राज्य में वर्तमान में गैरमजरूआ भूमि की लीज बंदोबस्ती, स्थानांतरण के लिए कई संकल्प, परिपत्र जारी किये गये हैं, लेकिन उक्त परिपत्रों के कार्यान्वयन में कई कठिनाइयां आ रही थीं। सीएम के निर्देश पर उपरोक्त कठिनाई को दूर करने के लिए अध्यक्ष, निदेशक भू-अर्जन, भू-अभि लेख एवं परिमाप निदेशालय की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय कमेटी गठित की गयी थी। इस कमेटी में अपर सचिव उद्योग, उप सचिव वित्त, अवर सचिव राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग को सदस्य बनाया गया था।

समिति द्वारा झारखंड, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, हरियाणा, महाराष्ट्रा, मध्यप्रदेश, बिहार एवं छत्तीसगढ़ राज्यों की नीति का अध्ययन किया गया जिसकी रिपोर्ट सरकार को 20 अक्टूबर 2023 को समर्पित कर दी गयी।

**इस तरह की नीति सामान्यतः** लीज की बंदोबस्ती 30 वर्षों के लिए होगी। अपवाद स्वरूप अधिकतम 99 वर्षों तक की जा सकेगी। झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों, संस्था, उपक्रम को निःशुल्क स्थायी हस्तांतरण होगा।

झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों, संस्थान, उपक्रम, भारत सरकार के विभिन्न संस्थ एवं उपक्रम, अन्य किसी राज्य सरकार के संस्था एवं उपक्रम, निजी संस्था द्वारा सामाजिक कार्य यथा स्वास्थ्य, शैक्षणिक संवाएं उपलब्ध कराने के लिए औद्योगिक, खनन कार्य के लिए निजी संस्था द्वारा सामाजिक कार्य तथा स्वास्थ्य सेवाएं, शेक्षणिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए तथा औद्योगिक, खनन कार्य छोड़कर अन्य कार्यो के निमित लीज बंदोबस्ती केवल तब किया जाये जब सरकारी भूमि उक्त संस्थान के प्रोजेक्ट की भूमि में समाविष्ट हो एवं उक्त सरकारी भूमि का क्षेत्रफर उक्त संस्थान के प्रोजेक्ट भूमि में समाविष्ट हो एवं उक्त समाविष्ट सरकारी भूमि का क्षेत्रफल संस्थान के प्रोजेक्ट की कुल भूमि के क्षेत्रफल का 20 प्रतिशत से अधिक न हो एवं उक्त संस्थान के द्वारा परियोजना से संबंधित गैर सरकारी भूमि का क्रय कर लिया गया हो तथा इसके प्रमाण के साथ ही समाविष्ट सरकारी भूमि के लीज बंदोबस्ती का प्रस्ताव संस्थान द्वारा दिया गया हो। जंगल झाड़ी किस्म की भूमि के हस्तांतरण के क्रम में वन संबंधित विभिन्न एक्ट, नियम का अनुपालन किया जाना चाहिए। भूमि पर भवन हो तो उसकी राशि जमा की जानी चाहिए।

# सांसद निशिकांत दुबे को हाइकोर्ट से राहत बरकरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को अगली सुनवाई तक विस्तार दिया है। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम चौधरी की अदालत में निशिकांत दुबे की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने उनके मामले को दूसरी बेंच में हस्तांतरित करने का निर्देश देते हुए पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार दिया है। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और अधिवक्ता पार्थ जालाने अदालत में पक्ष रखा। यह मामला गोड्डा में सड़क जाम करने से जुड़ा हुआ है। निशिकांत दुबे के खिलाफ जिला प्रशासन ने वर्ष 2010 में प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। जिसे रद्द करने की मांग को लेकर झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है।

# बाबूलाल मरांडी 5 और 6 दिसंबर को संथाल परगना में

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सोमवार को रांची दुमका इंटरसिटी एक्सप्रेस द्वारा दुमका के लिए रवाना हुए। श्री मरांडी 5 एवं 6 दिसंबर को पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा आयोजित मोटर साइकिल रैली में शामिल होंगे। 5 दिसंबर को श्री मरांडी दुमका से काठीकुंड, गोपीकांदर, गुमा मोड़, महेशपुर, अमरापाड़ा, हिरणपुर होते हुए लिट्टीपाड़ा, कुमारभाजा पहुंचेंगे। 6 दिसंबर को श्री मरांडी लिट्टीपाड़ा से पाकुड़िया तक मोटर साइकिल यात्रा में शामिल होंगे। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने दी।

# सशरीर कोर्ट में पेश हुए मधु कोड़ा सहित अन्य आरोपित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा सहित अन्य आरोपित कोर्ट में सशरीर पेश हुए। आरोपितों में मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वास्तावड़े, विनोद सिन्हा शामिल थे। सुनवाई के दौरान अन्य आरोपितों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मधु कोड़ा की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने उनके खिलाफ ट्रायल पर रोक का आदेश दिया है। इसलिए अन्य आरोपितों के मामले भी फिलहाल स्थगित किये जायें। आरोपितों का आग्रह सुनने के बाद अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 5 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। यह जानकारी अधिवक्ता भानु ने दी।



# भाकपा माओवादी संगठन के नक्सलियों ने की पोस्टरबाजी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के नक्सल प्रभावित सोनुआ थाना क्षेत्र में भाकपा माओवादी नक्सलियों ने रविवार रात बैनर और पोस्टर बाजी करके एक बार फिर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।



नक्सलियों ने रविवार रात सोनुआ थाना अंतर्गत सोनुआ-लोंजो मुख्य मार्ग और बांसकाटा तरफ जगह-जगह बैनर और पोस्टर लगा दिए हैं। नक्सलियों ने दो से आठ दिसंबर तक प्लगा की 23वीं वर्षगांठ मनाने का आह्वान किया है। इसके अलावा नक्सलियों ने कोल्हान वन क्षेत्र में सीआरपीएफ का एफओबी कैंप जब तक रहेगा तब तक माओवादी के बुबी ट्रप रहने, का बैनर लगाया है। इसके अलावा बैनर में कई अन्य बातें लिखी गई हैं। सूचना मिलते ही सोनुआ थाना पुलिस ने पोस्टर और बैनर हटाना शुरू कर दिया।

# साहिबगंज के गांव में पुलिस की रेड राइफल के साथ चार संदिग्ध गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिला के राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेगमगंज गांव के समीप राधानगर थाना पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने चार अवैध राइफल बरामद किये, साथ ही चार संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में भी लिया। हिरासत में लिये गये व्यक्ति को थाना लाकर पूछताछ की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दो अलग-अलग व्यक्ति के घर अवैध रूप से हथियार रखा है। इसी सूचना पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई की है, जिसमें पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कथित रूप से अन्य विस्फोटक पदार्थ भी बरामद होने की सूचना है। दरअसल, साहिबगंज जिला के राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत वीर नगर के दियारा इलाके में कुछ असामाजिक तत्व फसल की बर्बादी कर रहे थे। सूचना पाकर राधानगर गांव की एक महिला जब खेत पहुंची और लोगों को फसलों की बर्बादी करने से मना किया, तो उन्होंने महिला को धमकी दी। पीड़िता पोक्खो देवी ने राधानगर थाना में मामले की लिखित शिकायत की और आरोप लगाया कि बीते 24 नवंबर की सुबह उनको पता चला कि दियारा क्षेत्र में उनके खेत में लगी गेहूं की फसल को राधानगर थाना इलाके के विनय मंडल, शंकर मंडल, नरेश मंडल, नसरुल उर्फ नस्सी शेख, अशोक मंडल, अजय मंडल ने गलत तरीके से मेरे रुपये और जमीन हड़प करने की नीयत षड्यंत्र और साजिश के तहत बंगाल के एकरामुल शेख एवं अन्य हथियार के बल पर फसल को बर्बाद कर रहे थे।

# ब्लैकबोर्ड के स्कॉलरशिप टेस्ट में 25 सौ से ज्यादा बच्चे हुए शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के बच्चों के लिए उत्तम शिक्षा का पर्याय बन चुका रांची का सबसे प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान दी ब्लैकबोर्ड ने रविवार को कक्षा 11वीं से 12वीं में जा रहे बच्चों के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया। संत अलोइस हाइस्कूल, मीडिल स्कूल और इंटर कालेज में परीक्षा ली गयी। इस अवसर पर सीबीएसइ, आइसीएसइ और जैक बोर्ड के 2593 बच्चों ने टेस्ट में भाग लिया। यह टेस्ट 1:30 घंटे का था जिसमें बच्चों को फिजिक्स, केमेस्ट्री और मैथ, बॉयोलाजी के 25-25-25 बहुविकल्पी सवाल पूछे गये थे। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक विनय सर ने बताया कि दी ब्लैकबोर्ड हर साल यह परीक्षा गरीब पृष्ठभूमि से आनेवाले प्रतिभाशाली बच्चों को पढ़ाई में प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित करता है। ब्लैकबोर्ड हर साल 70-80 गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करता है और सैकड़ों गरीब बच्चों को फीस में रियायत भी देता है। रांची ही नहीं पूरे झारखंड में ब्लैकबोर्ड की साख बढ़ी है और यह छात्रों का चहेता बनता जा रहा है। बच्चों का कहना है कि यहां शिक्षा की शैली उन्हें आकर्षित करती है। डाउट्स का समाधान बहुत ही सरल तरीके से बताया जाता है। इस अवसर पर संस्थान के बच्चों में गजब का जोश देखा गया। बच्चों ने बताया कि परीक्षा के सवाल थोड़ा उलझाने वाले थे, लेकिन थोड़ा सोचने पर सारे सवाल बन गये।






# अपराध स्थापित हुए बिना नहीं चल सकता आपराधिक मामला

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि सिविल मामलों में आपराधिकता स्थापित नहीं होने पर आपराधिक कार्यवाही जारी रखने की अनुमति देना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग माना जायेगा। इसके साथ ही अदालत ने सिविल कोर्ट में लिए गए आपराधिक संज्ञान और सभी प्रक्रिया को निरस्त कर दिया। इस मामले में स्व। जगत नारायण प्रसाद की बेटियों ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस ने इसकी जांच की तो पता चला कि यह मामला दीवानी प्रकृति का है। लेकिन शिकायतकर्ता ने इसके खिलाफ शिकायतवाद दर्ज करायी। बाद में पुलिस ने इस मामले को दीवानी मामला बताते हुए सक्षम न्यायालय में फाइनल रिपोर्ट पेश कर दी। इसके बाद भी सिविल कोर्ट ने आपराधिक मामले में संज्ञान लिया और प्रक्रिया जारी रखी। सिविल कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ नवीन कुमार सिन्हा और उज्जवल नारायण ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। प्रार्थियों की ओर से निचली अदालत की कार्यवाही का विरोध किया गया और कहा गया कि पार्टिशन डीड से जुड़े इस मामले में प्रार्थियों के पिता नहीं बल्कि दादा के कानूनी उत्तराधिकारियों के बीच पार्टिशन था। सिविल मामले में बिना अपराध स्थापित हुए निचली अदालत द्वारा आपराधिक प्रक्रिया जारी रखना उचित नहीं है।

# कटकमदाग अंचल कार्यालय में कर्मचारी को सीआइ का प्रभार

### जांच कर जल्द ही निर्णय लिया जायेगा : अंचलाधिकारी

**भास्कर उपाध्याय**

**कटकमदाग (आजाद सिपाही)।** हमेशा सुर्खियों में रहनेवाला कटकमदाग अंचल कार्यालय इन दिनों नियम कानून के विरुद्ध लिये गये फैसलों के लिए फिर चर्चा का केंद्र बन गया है। मामला कटकमदाग अंचल कार्यालय का है, जहां अंचल निरीक्षक दिलीप गुप्ता के रिटायर होने के बाद एक चिट्ठी निकाल कर हल्का कर्मचारी बालेश्वर कुमार को अंचल निरीक्षक का पदभार दिया जाता है। बालेश्वर कुमार के द्वारा अंचल निरीक्षक का पदभार ग्रहण किया जाता है। तब आमजन को लगता है कि अब अंचल निरीक्षक के होने से उनका रुका हुआ काम हो जायेगा। पर वर्तमान अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार के द्वारा चार दिन पूर्व एक चिट्ठी फिर निकाली जाती है जिसके अनुसार वर्तमान अंचल निरीक्षक बालेश्वर कुमार को हटाते हुए हल्का कर्मचारी अमित कुमार राय को कटकमदाग अंचल निरीक्षक का पदभार दिया जाता है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर क्या कारण रहा कि 15 दिनों के अंदर ही बालेश्वर कुमार को हटाते हुए अमित कुमार राय को अंचल निरीक्षक बनाया गया, जबकि अमित कुमार राय इसी कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रेवाली के निवासी हैं। हल्का कर्मचारी अमित कुमार राय पहले से ही अपने होम ब्लाक की कई पंचायतों के प्रभार में हैं, जिससे पहले ही वह सवालों के घेरे में हैं। अब उसी अमित कुमार राय को अंचलाधिकारी के द्वारा कटकमदाग अंचल का अंचल निरीक्षक बनाया गया है। अंचलाधिकारी के द्वारा लिया गया यह फैसला कई सारे सवाल खड़ा कर रहा है कि आखिर किस नियम कानून के तहत एक ऐसे व्यक्ति को पूरे प्रखंड का कार्यभार सौंप दिया, जो उसी प्रखंड क्षेत्र का निवासी है और पहले से ही सवालों के घेरे में रहा है। बताते चलें कि इसी कटकमदाग अंचल के पूर्व बड़ा बाबू को फर्जी हस्ताक्षर के आरोप में जेल भेजा जा चुका है।

**क्या कहते हैं अंचलाधिकारी**

जब इस पूरे मामले पर कटकमदाग अंचल अधिकारी प्रशांत कुमार से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय में स्टाफ की कमी है तथा उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि संबंधित कर्मचारी इसी ब्लाक से है। जांच कर जल्द ही निर्णय लिया जायेगा। अब देखना होगा कि इस मामले पर कटकमदाग अंचल अधिकारी द्वारा क्या निर्णय लिया जाता है तथा जिला उपायुक्त के द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की जाती है।

## आज का धरना-प्रदर्शन स्थगित



कोडरमा (आजाद सिपाही)। ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने 5 दिसम्बर के प्रस्तावित धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासनिक दबाव और फिर रविवार देर शाम वार्ता के बाद संघ ने बैकफुट पर आते हुए धरना कार्यक्रम को स्थगित करने की घोषणा कर दी। बता दें कि ढिबरा मुद्दे को लेकर ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने 5 दिसंबर को समाहरणालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया था। जिसके बाद प्रशासन ने ढिबरा मुद्दे और ढिबरा मजदूरों के समक्ष उत्पन्न स्थिति पर संघ के नेताओ को वार्ता के लिए बुलाया। इस दौरान संघ ने ढिबरा से जुड़े मांगो का स्मार पत्र भी उपायुक्त को सौंपा। संघ के अध्यक्ष कृष्णा घटवार ने बताया कि ढिबरा के ज्वलंत मुद्दे को लेकर आंदोलन की घोषणा की गयी थी। प्रशासन ने आंदोलन के प्रमुख मांगो को सीएम के समक्ष रखने का आश्वासन दिया है। साथ ही ढिबरा मजदूरों के समक्ष उत्पन्न बेरोजगारी, भूखमरी और पलायन की स्थिति को दूर करने का भरोसा दिया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ संदीप मीणा ने ढिबरा मजदूर स्क्रैप संघ के मांगो पर पहल करने का आश्वासन दिया। इस दौरान संघ से जुड़े राजकिशोर सिंह, कलीम अंसारी, मो इस्लाम खान भी मौजूद थे।

## विभिन्न मुद्दों को लेकर बैठक

कोडरमा (आजाद सिपाही)। समाजसेवी प्रकाश रजक ने बताया कि 6 दिसंबर दिन बुधवार समय 11 बजे साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलायी गयी है। इस बैठक में मजदूर, किसान, नौजवान, छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। प्रगतिशील लोगों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का अपील किया गया है। बैठक के दौरान एक मोर्चा का गठन किया जायेगा मोर्चा स्थानीय नीति लागू करने, कोडरमा जिले में हो रहे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने, ढिबरा चुनने वाले मजदूरों पर हो रहे जुल्म के खिलाफ लड़ाई तेज करने छात्र-छात्राओं को समय पर छात्रवृत्ति नहीं मिलने पर लड़ाई लड़ने और मुद्दों पर विचार किया जायेगा।

## गंगाधर बने विश्वकर्मा समाज के प्रखंड अध्यक्ष




डोमचांच (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज डोमचांच प्रखंड के ग्राम बगरीडीह में प्रखंड सम्मेलन सह चुनाव आयोजित किया गया जिसमें सर्वसम्मति से गंगाधर राणा को प्रखंड अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। प्रखंड महासचिव राधे राणा तथा प्रखंड कोषाध्यक्ष रणजीत राणा को निर्वाचित किया गया। उपाध्यक्ष के लिए महावीर राणा औश्र कैलाश राणा को निर्वाचित किया गया। इस सम्मेलन में निर्वाचन के लिए पर्यवेक्षक सुखदेव राणा जिला महासचिव व भागीरथ राणा सतगावां प्रखंड अध्यक्ष द्वारा संपन्न करवाया गया। कार्यक्रम में कोडरमा जिला अध्यक्ष सुभाष राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सभा का संचालन चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा ने किया। प्रदेश महासचिव हीरामन मिस्त्री, प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूलाल राणा, प्रदेश संगठन प्रोफेसर कैलाश राणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साधु शरण मिस्त्री, प्रदेश संगठन सचिव भुवनेश्वर राणा, जिला कोषाध्यक्ष रामदेव राणा, कोडरमा नगर अध्यक्ष अरुण कुमार राणा, जयनगर प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र राणा के साथ-साथ डोमचांच प्रखंड के सभी पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि की उपस्थिति में निर्वाचन कार्य संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में लखन राना, त्रिवेणी राणा, भुवनेश्वर राणा, मुकेश राणा, खूबलाल राणा, राजेश राणा, धनेश्वर राणा, तुलसी राणा, शिवनंदन राणा, रामू राणा, अरविंद राणा, राजू राणा, खूब लाल राणा, उमेश कुमार राणा, लालमोहन राणा, रामेश्वर राणा, सकलदेव राणा, दिलीप कुमार राणा, मुकेश राणा, बबलु राणा, मंटू राणा, प्रदीप राणा आदि उपस्थित रहे।

## दिव्यांगों ने मनाया अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस



कोडरमा (आजाद सिपाही)। संघर्ष दिव्यांग संघ कोडरमा ने अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर झुमरीतिलैया के करमा मेडिकल कॉलेज मैदान में एक बैठक कर दिव्यांग दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक कुमार मेहता व संचालन अधिवक्ता धीरजनाथ गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम में कोडरमा जिला के सभी प्रखंडों से दिव्यांगजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि संघ के जिला अध्यक्ष सह विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी योगेंद्र कुमार पंडित थे। योगेंद्र कुमार पंडित ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस बहुत ही संघर्ष और आंदोलन करने पर मिला है। यह मान सम्मान और हक अधिकार किसी देश की सरकारों ने नहीं दिया है बल्कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1981 को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग व्यक्तियों का वर्ष घोषित किया था तब जाकर दिव्यांगों को एक दिवस के रूप में मिला है। तब से प्रत्येक वर्ष 3 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। अजय पंडित और राजू दास ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पहली बार वर्ष 3 दिसंबर 1992 को आयोजित किया गया था तब से आज तक प्रत्येक वर्ष 3 दिसंबर को दिव्यांग दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। कार्यक्रम में फागू दास, धर्मेंद्र शर्मा, मो नसीम, सुभाष यादव, संदीप साव, मो फरियाद, मो शमशेर, मो असलम, विजय पंडित, ओमप्रकाश राम, पिंटू राणा, सुरेंद्र यादव, दुर्गी दास, मंसूर आलम, तनवीर अख्तर, आलोक कुमार, अजय यादव, दुलार रिख्यासन, बंसी मेहता, राजन कुमार मेहता, विकास राणा और दर्जनों की संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित थे।

## मोदी जो कहते हैं, वही करते हैं: बटेश्वर

कोडरमा (आजाद सिपाही)। विधानसभा चुनाव के नतीजों में राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बीजेपी की जीत पर पार्टी के वरीय नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि चुनाव परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि तुष्टीकरण और जाति में बांटने की राजनीति के दिन समाप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी जो कहते हैं, वही करते हैं और आने वाले साल 2024 के लोकसभा चुनाव और झारखंड के विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने इस जीत पर पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को बधाई दी। मेहता ने रविवार शाम को बरकट्ठा विधानसभा के विभिन्न इलाकों का दौरा कर कार्यकर्ताओं से मिलकर उन्हें बधाई दी और मिठाई बांटी। इनके साथ केदार साव, केदार यादव, समन ठाकुर, केदार महतो, रोहित कुमार भी मौजूद थे।

### हजारीबाग जेल का डीसी-एसपी ने किया निरीक्षण

# अलर्ट मोड में रहने का निर्देश

**सदर एसडीओ समेत 12 प्रशासनिक टीम निरीक्षण के दौरान रहीं मौजूद**



आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में सोमवार को उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे की संयुक्त अगुवाई में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सदर एसडीएम विधा भूषण कुमार समेत 12 दंडाधिकारी औचक निरीक्षण की कारवाई में मौजूद रहे। यह निरीक्षण लगभग ढाई घंटे तक चला। इस औचक निरीक्षण की कारवाई में जिला प्रशासन की टीम ने केंद्रीय कारागार के अस्पताल, कैंटीन, बैरक व अन्य जगहों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण की कार्रवाई के उपरान्त मीडिया से बातचीत के क्रम में बताया कि जेल से कुछ भी अतिगंभीर सामग्री प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि धनबाद में हुई घटना को देखते हुए राज्य के सभी कारागार को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश प्राप्त है ताकि इस प्रकार की घटना को रोका जा सके। निरीक्षण में लगभग 10 मीटर का एक रस्सी,1 पेन ड्राइव, खैनी का पैकेट, छड का घुमावदार दुकड़ा व चाकूनूमा चम्मच आदि सामग्री बरामद किये गये जिन्हें जब्त कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया की राज्य के अन्य हिस्से में हुए जेल की घटना को देखते हुए यह औचक निरीक्षण की कार्रवाई की गहै, यह एक रूटीन जांच प्रक्रिया भी है जो हर एक या दो माह में की जाती है।

## जनता को भरोसा सिर्फ भाजपा पर : पूनम साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



बड़कागांव। बड़कागांव विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू ने विधानसभा चुनाव में आये तीनों राज्यों के नतीजे पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों के नतीजे ने ये साबित कर दिया कि जनता को सिर्फ और सिर्फ भाजपा पर भरोसा है। तीनों राज्यों पर भाजपा की जीत पर बयान जारी करते हुए युवा नेत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की कल्याण कारी योजना का लाभ देश के आखिरी पायदान तक के व्यक्ति को मिल रहा है जिसके कारण हर तरफ लोगों ने अपना विश्वास सिर्फ और सिर्फ भाजपा पर जताया है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने इस जीत का श्रेय भाजपा के कार्यकर्ताओं को दिया और विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी, झारखंड की जनता इस झूठ फरेब की सरकार से त्रस्त हो चुकी है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि जनता अपना भरोसा भाजपा के ऊपर ही दिखायेंगी।

## 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



केरेडारी। प्रखंड के बेलतु पंचायत स्थित पंचायत भवन में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गयो इस कार्यक्रम में आम जनता की समस्याओं को लिखित रूप से लेकर समाधान भी किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख सुनीता देवी, उपप्रमुख अमेरिका महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, सीओ रामरतन बर्णवाल, मुखिया जितनी देवी मौजूद थी। इस कार्यक्रम के माध्यम से जरूरतमंद 25 लोगों को वृद्धा पेंशन स्वीकृत किया गया। जबकि दिव्यांग पेंसन 2, राशन कार्ड 34, राशन कार्ड में सुधार 12, क्रेडिट कार्ड 6, जॉब कार्ड 18 व 100 लोगों को साडी धोती का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिडिओ अमित कुमार ने कहा की राज्य सरकार इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार आम जनता की समस्याओं को ऑन द स्पॉट समाधान कर रही है। मौके पर बिस सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम, उप प्रमिख अमेरिका महतो, बीपीओ सुमन कुमार, रवि राजा सहित प्रखंड कार्यालय में कार्यरत कर्मी व सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल

आजाद सिपाही संवाददाता




हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के प्रशासनिक भवन के समक्ष छात्र संघ चुनाव करवाने कि मांग को लेकर छात्रों ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दिया। आन्दोलन का नेतृत्व कर रहे अभिषेक राज ने कहा हम गर्व के साथ कहते हैं कि भारत को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र होने का गौरव प्राप्त है लेकिन लोकतंत्र की पहली सीढ़ी को ही हम बाधित करने पर तुले हुए हैं। इसमें कोई दोमत नहीं कि छात्र संघ लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करता है क्योंकि इससे जनता का राजनीतिक प्रशिक्षण सुनिश्चित होता है। पीजी के छात्र अभिषेक राज भूख हड़ताल पर बैठे हैं बाकी छात्र उनका समर्थन कर रहे है। देर शाम छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष, रजिस्ट्रार, फाइनेंस ऑफिसर, सीसीडीसी, छात्रों से मिलने पहुंचे और समझा बुझा के भूख हड़ताल खत्म करवाने का कोशिश किया गया। छात्रों ने साफ कहा कि जब तक छात्र संघ चुनाव की घोषणा नहीं हो जाती भूख हड़ताल जारी रहेगा। मौके पर छात्र लवकुश पांडेय, कुणाल कुमार, गुलाम सरवर, धीरज कुमार, राज किशोर, राहुल, बंटी, अंकित भगत, राजगोपाल, सोनू, संस्कार, आदर्श आनंद, अनुराग, जयेश, पवन, विवेक, अमरदीप, बंटी, सचिन, चेतन, हरेंद्र, शुभम आदि छात्र मौजूद थे।

## झारखंड कुशवाहा महासभा जिला कार्यसमिति की बैठक कल

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। मेहता कुशवाहा भवन जुलू पार्क हजारीबाग में झारखंड कुशवाहा महासभा, जिला कार्यसमिति की बैठक कल दोपहर 11 बजे बुलाई गयी है। इस बैठक में मुख्य संरक्षक पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, संरक्षक पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, उमेश प्रसाद मेहता जिला परिषद् अध्यक्ष हजारीबाग, प्रदेश संगठन मंत्री बटेश्वर प्रसाद मेहता, जिला अध्यक्ष मुकुटधारी महतो समेत जिले के पदाधिकारी, कार्यसमिति के सदस्य, प्रखंड अध्यक्ष, सचिव, महासचिव और प्रदेश के विभिन्न मोर्चा के पदाधिकारी विशेष रूप से आमंत्रित किये गये है। यह जानकारी जिला महासचिव इंद्रदेव प्रसाद मेहता ने दी है। इसमें संगठन को मजबूत करने समेत कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की जायेगी।

## कटकमदाग में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



कटकमदाग। आपकी योजना - आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कटकमदाग पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। उप समहर्ता जयंत कुमार तिवारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा, अंचल अधिकारी प्रशांत कुमार, प्रमुख कुमारी विनीता, मुखिया अंजू देवी और उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। जेएसएलपीएस की दीदियो ने अतिथियों को प्राकृतिक पत्तों स्व निर्मित ताज पहनाकर स्वागत किया। जेएसएलपीएस के दीदियों में से एक सखी मंडल को सीसीएल के द्वारा 6 लाख का चेक दिया गया। जरूरतमंद विधवा, दिव्यांग और वृद्ध के बीच 30 कंबल का वितरण किया गया, वही सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत 15 लाभुकों को साड़ी धोती दिया गया। साइकिल खरीद के लिए 10 छात्र छात्राओं के बीच चेक राशि प्रदान किया गया। शिविर में अबुवा आवास योजना के तहत 310 लाभुकों का आवेदन प्राप्त हुआ जबकि गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए 17 आवेदन लिया गया। शिविर में पंचायत भवन कटकमदाग में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, खाद्य आपूर्ति, बिजली, राजस्व, जेएसएलपीएस, कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, शिक्षा, पशुपालन, कृषि, 15 वें वित्त आयोग आदि संबंधित विभाग के स्टॉल लगाये गये थे। कटकमदाग पंचायत मुखिया अंजू देवी ने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले तमाम सहयोग कर्ताओं और प्रखंड से आये सभी अधिकारियों व कर्मियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत सचिव गोकुल महतो, रामप्रसाद महतो, ब्रह्मदेव साव, अकास कुमार, सोनी कुमारी, दीपक रंजन, कृष्ण कुमार, लेखा पाल विकास कुमार, अंचल कंप्यूटर ऑपरेटर मिथिलेश कुमार, राजू कुमार की अहम भूमिका रही।

## बच्चों के बीच बांटे गये शैक्षणिक किट



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। मध्य विद्यालय धर्मपुर में सोमवार को शैक्षणिक किट का वितरण किया गया। स्थानीय मुखिया कांति देवी की उपस्थिति में वर्ग तीन से आठवीं कक्षा तक के कुल 358 स्कूली बच्चों के बीच पोशाक, जूता, कॉपी-किताब, कलम, पेंसिल व अन्य शैक्षणिक किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया ने बच्चों को कहा कि आप सबों को पठन-पाठन सामग्री उपलब्ध कराया गया है, ताकि संसाधन की कमी के कारण किसी भी बच्चे का पढ़ाई बाधित ना हो सके। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए उत्साहित किया। मौके पर प्रधानाध्यापक चेतनारायण प्रसाद, गीता कुमारी, कामेश्वर राम, तुलसी राम, राजेश कुमार, तुलसी ठाकुर, संतोष ठाकुर व अन्य उपस्थित रहे।

## आइसेक्ट विश्वविद्यालय में नॉलेज ओलंपियाड का आयोजन 10 दिसंबर को



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में आगामी 10 दिसंबर को नॉलेज ओलंपियाड का आयोजन किया जायेगा, जिसमें 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। उक्त जानकारी आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने दी। उन्होंने कहा कि नॉलेज ओलंपियाड में सामान्य ज्ञान, तर्क ज्ञान, सामान्य विज्ञान, संख्यात्मक क्षमता और कंप्यूटर पर आधारित 10-10 कर कुल 50 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जायेंगे। परीक्षा ओएमआर शीट पर आयोजित की जायेगी। जिसके आधार पर विजेताओं की घोषणा की जायेगी। डॉ गोविंद ने बताया कि 10वीं, 11वीं और 12वीं सभी वर्गों में हर वर्ग के टॉप तीन प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। वहीं इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि दरअसल विश्वविद्यालय अपने उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु शैक्षणिक तकनीकों में निरंतर नवीनीकरण और मूल्यानुरूप नीतियों के तारतम्य में नॉलेज ओलंपियाड का आयोजन कर रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि नॉलेज ओलंपियाड 2023 में शामिल सभी प्रतिभागियों को आगामी सत्र जून 2024 और जुलाई 2024 में आईसेक्ट की ओर से संचालित किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश पर पंजियन शुल्क पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। इच्छुक विद्यार्थी आईसेक्ट विश्वविद्यालय के मटवारी स्थित सिटी कैंपस या तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस या 9304522673, 8292846702, 7004488172 पर संपर्क कर पंजीकरण करा सकते हैं। नॉलेज ओलंपियाड को सफल बनाने एसएनके उपाध्याय, माधवी मेहता, डॉ रोजीकांत, डॉ प्रीति व्यास, आशा गुप्ता, हिमांशु चौधरी, मुकेश कुमार, रोहित मिंज समेत अन्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहें हैं।

## आइलेक्स ने डीएवी कनहरी को पांच विकेट से हराया



बरही (आजाद सिपाही)। सोमवार को लक्ष्मी देवी जयसवाल मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमी-फाइनल का मैच खेला गया। जिसमें पिछले 10 वर्षों के चैंपियन डीएवी कनहरी का मुकाबला आईलेक्स पब्लिक स्कूल बरही से था। डीएवी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवरों में 10 विकेट पर 50 रन बनाये। जिसमें अलोक कुमार ने सर्वाधिक 17 रन बनाये। जवाबी पारी खेलते हुए आईलेक्स की टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 18 ओवरों में हीं इसे प्राप्त कर लिया। आईलेक्स की तरफ से शिव यादव ने शानदार 20 रन बनाये और 4 विकेट भी झटके। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कोच भूषण कुमार और टीम की सराहना करते हुए कहा कि इस जीत ने नये आयाम को सेट कर दिया है और इसके साथ हीं पूरा विश्वास है कि फाइनल में भी जीत हमारी हीं होगी। शैलेश कुमार ने पूरी टीम से वादा किया कि फाइनल के मैच में वे स्वयं उपस्थित रहेंगे। इसके साथ हीं उन्होंने कहा कि ये जीत निरंतर अभ्यास, अनुशासन और धैर्य का हीं फल है।

## गरडीह में झामुमो की हुई बैठक



इचाक (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमेटी की बैठक डाडीघाघर पंचायत के ग्राम गरडी में हुई। अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा के पंचायत अध्यक्ष सुरेश टुडू और संचालन उमेश रविदास ने किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला संजोक मंडली के मुख्य संयोजक झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, विशिष्ट अतिथि रामकिशोर मुर्मू, सोनाराम मांझी, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, 20 सूत्री सदस्य दिगम्बर कुमार मेहता, रामप्रवेश सिंह, रामचंद्र मेहता, बाबुन हसदा, संतोष मेहता उपस्थित हुए। संजीव बेदिया ने कहा कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा कार्य जमीन पर हो रहा है। जैसे बिरसा कुप, बिरधा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, सोना सोबरन योजना के तहत धोती, साड़ी, लूंगी सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी में स्वेटर, जूता, पोशाक दो जोड़ा और गरीब असहाय को कंबल वितरण किया जा रहा है। कल्याण विभाग से सभी बेरोजगारों को रोजगार के लिए सब्सिडी पर सभी तरह की गाड़ियां दी जा रही है। इस बैठक में मुख्य रूप से रामेश्वर सिंह, धनीराम टुडू, लखीराम मांझी, पंचायत समिति सदस्य लीलावती देवी, उप मुखिया मालो देवी, सुरेंद्र मरांडी, सुरेंद्र तुरी, महेंद्र हेंब्रम, विजय भोक्ता, प्रकाश मेहता समेत कई उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

चरही (आजाद सिपाही)। हजारीबाग-रांची नेशनल हाईवे के 14 माइल स्थित फौजी होटल के सामने सोमवार की संध्या सड़क दुर्घटना में स्कूटी (जेएच 24 जी 9173) चालक को अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौत हो गई। मौके पर चरही पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पायी थी।

# मोदी की गारंटी

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों का सेमीफाइनल कहे जा रहे विधानसभा चुनावों के नतीजों ने कुछ बातें बिल्कुल साफ कर दी हैं। पहली, बीजेपी उत्तर भारत में बेहद ताकतवर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का कोई जवाब फिलहाल किसी के पास नहीं है। इन चुनावों में कांग्रेस ने प्रदेश नेताओं को तरजीह देने की रणनीति अपनायी थी, जबकि बीजेपी सभी राज्यों में कलेक्टिव लीडरशिप के आधार पर पीएम मोदी के चेहरे के भरोसे मैदान में उतरी थी। चुनाव नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि आम वोटरों के बीच पीएम मोदी के नाम और चेहरे का सिक्का आज भी पहले की ही तरह चलता है। दूसरी, बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने मुफ्त रेवड़ियों की घोषणा करने में उदारता दिखायी थी, लेकिन वोटरों ने कांग्रेस की गारंटी के बजाय मोदी की गारंटी को प्राथमिकता दी, जिससे साफ है कि मोदी के नाम की विश्वसनीयता कहीं ज्यादा है। तीसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि इन चुनावों में कांग्रेस का कास्ट सेंसस का कार्ड नहीं चला। इस कार्ड की अहमियत इस बात से समझी जा सकती है कि बीजेपी भी इस मसले पर दबाव में थी और रक्षात्मक मुद्रा में दिख रही थी, लेकिन चुनाव नतीजों से साफ हो गया है कि ओबीसी का सपोर्ट काफी हद तक बीजेपी के साथ बना हुआ है। ऐसे में आगामी लोकसभा चुनावों के लिहाज से यह मसला अपनी अहमियत खो चुका है। राज्यों की बात की जाये तो मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान को इस बात का श्रेय देना होगा कि मुख्यमंत्री उम्मीदवार नहीं बनाये जाने के बावजूद वह पूरे दम-खम से मैदान में डटे रहे और बड़ी जीत हासिल की। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस सत्ता से बाहर जरूर हुई, लेकिन दोनों जगह इसने अच्छी फाइट दी। इस लिहाज से मानना होगा कि सत्ता गंवाने के बाद भी कांग्रेस दोनों राज्यों में काफी हद तक अपनी जमीन बचाये हुए है। कांग्रेस नेतृत्व के लिए बुरी बात यह है कि वह छत्तीसगढ़ में अपनी जीत मान कर चल रही थी और कई हलकों में भी ऐसे ही दावे किये जा रहे थे, लेकिन राज्य में बीजेपी का जमीनी स्तर पर कैंपेन काम आया। तेलंगाना में कांग्रेस को शानदार जीत मिली है। वहां छह महीने पहले तक उसे मुकाबले में भी नहीं माना जा रहा था। मगर क्षेत्रीय पार्टी बीआरएस को उसने बुरी तरह पराजित कर दिया। ऐसे में यह सवाल खासा अहम हो गया है कि इंडिया गठबंधन यहां से किस तरह आगे बढ़ेगा। क्या उसमें शामिल अन्य क्षेत्रीय पार्टियां कांग्रेस को अपने लिए चुनौती के रूप में देखेंगी? क्या प्रतिकूल चुनाव नतीजों से कांग्रेस को लगा झटका उसे अन्य सहयोगी दलों के लिए ज्यादा स्वीकार्य बनायेगा? इन सवालों के जवाब अगले कुछ दिनों और हफ्तों में मिलेंगे, लेकिन इतना तय है कि बीजेपी अब ज्यादा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेगी, जबकि विपक्षी गठबंधन को अपने तरकश के लिए नये तीर खोजने होंगे।

**बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने मुफ्त रेवड़ियों की घोषणा करने में उदारता दिखायी थी, लेकिन वोटरों ने कांग्रेस की गारंटी के बजाय मोदी की गारंटी को प्राथमिकता दी, जिससे साफ है कि मोदी के नाम की विश्वसनीयता कहीं ज्यादा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**'संतन के ढिग रहत है सबके हित की बात' की भावना को चरितार्थ करते हुए महाराज ने भागवतजी को एक लंबा प्रवचन दे डाला। जिसका मूल आशय यह था कि संघ और भाजपा सहित देश के सभी राजनीतिक दल रेवड़ियां बांट कर भारत का विकास करने का जो दावा कर रहे हैं, उससे भारत कभी सुखी और संपन्न नहीं बन सकता। बल्कि मानसिक और नैतिक रूप से दुर्बल और सामाजिक रूप से विभाजित राष्ट्र बन रहा है, जो देश के भविष्य के लिए बहुत घातक है।**

# आक्रामकता और हिंसा बढ़ाने वाले दल समाज का भला नहीं कर सकते

**विनीत नारायण**

पिछले दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत वृंदावन के सुप्रसिद्ध संतश्री हित प्रेमानंद गोविंद शरणजी महाराज के दर्शन करने गये। आजकल देश भर के वीआइपी और विराट कोहली जैसी सैलिब्रिटी, जो भी वृंदावन आता है, वह महाराज के दर्शन करने अवश्य जाता है। इनमें से ज्यादातर लोग इसलिए जाते हैं, क्योंकि पिछले दो-तीन वर्षों में महाराज श्री सोशल मीडिया पर पूरी दुनिया में बहुत तेजी से वायरल हुए हैं। बाकी लोग उनका आशीर्वाद लेने जाते हैं और थोड़े से जिज्ञासु लोग उनसे ज्ञान लेने जाते हैं। माना जा सकता है कि भागवतजी भी प्रथम श्रेणी के ही दर्शनार्थी थे, जो आशीर्वाद या आध्यात्मिक ज्ञान लेने नहीं, बल्कि महाराज के करोड़ों प्रशंसकों के बीच वहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराने गये थे।

'संतन के ढिग रहत है सबके हित की बात' की भावना को चरितार्थ करते हुए महाराज ने भागवतजी को एक लंबा प्रवचन दे डाला। जिसका मूल आशय यह था कि संघ और भाजपा सहित देश के सभी राजनीतिक दल रेवड़ियां बांट कर भारत का विकास करने का जो दावा कर रहे हैं, उससे भारत कभी सुखी और संपन्न नहीं बन सकता। बल्कि मानसिक और नैतिक रूप से दुर्बल और सामाजिक रूप से विभाजित राष्ट्र बन रहा है, जो देश के भविष्य के लिए बहुत घातक है। महाराज का जोर इस बात पर था कि धर्मांधता, उत्तेजना, आक्रामकता और हिंसा को बढ़ाने वाले दल समाज का भला नहीं कर सकते। यह

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत वृंदावन के सुप्रसिद्ध संतश्री हित प्रेमानंद गोविंद शरणजी महाराज के दर्शन करने गये।**



मुझे आश्चर्य होता है कि बड़े-बड़े मंचों से धार्मिक प्रवचन करने वाले लोग कमांडो और पुलिस के घेरे में रह कर गर्व का अनुभव करते हैं। माया-मोह त्यागने का उपदेश देने वालों की कथनी और करनी में इस भेद के कारण ही देश की आध्यात्मिक चेतना का विकास नहीं हो पा रहा है। कुछ ऐसी ही बात प्रेमानंदजी महाराज ने डॉ मोहन भागवतजी से कही।

प्रवचन बड़ी तेजी से दुनिया भर में वायरल हो चुका है। इसे सुन कर भागवतजी निरुत्तर हो गये। क्या यह आशा की जा सकती है कि संघ में इस विषय पर आत्मविश्लेषण व चिंतन किया जायेगा? क्योंकि स्वयं महाराज प्रायः यह कहते हैं कि उनके प्रवचन को सुनने से कोई लाभ नहीं, जब तक उसे आचरण में न लाया जाये। प्रेमानंद महाराजजी देश के एक अति शक्तिशाली राजनेता से इतने कड़े शब्दों में ऐसा इसलिए कह सके, क्योंकि उनका हृदय निर्मल है और उन्होंने जीवन में कठोर तप किया है और उन्हें किसी भी सरकार से किसी लाभ, उपाधि या सहायता की कोई अपेक्षा नहीं है।

अब जरा परिदृश्य को बदलिए और देखिए उन तथाकथित संतों की ओर जो अध्यात्म का चोला ओढ़ कर वैभव, सत्ता और ग्लैमर का सुख भोग रहे हैं। किसी एक का नाम लेने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि इनकी फेहरिस्त बहुत लंबी है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे सभी आत्मघोषित सद्गुरुओं, महामंडलेश्वरों, शंकराचार्यों और मठाधीशों की पूछ अचानक बढ़ गयी है। धर्म के नाम पर अरबों रुपये की संपत्ति जमा कर लेने वाले ऐसे सभी 'मीडियाजीवी संत' आजकल भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा दी गयी एक्स, वाई या जेड श्रेणी की पुलिस सुरक्षा के घेरे में चलते हैं।

इनकी सुरक्षा पर इस देश के मेहनतकश करदाताओं के टैक्स का अरबों रुपया हर साल खर्च हो रहा है, जबकि करदाताओं को इसका कोई लाभ नहीं मिलता। हिरण्यकश्यप के वध के बाद उसके खून से सनी आंतड़ियों की माला पहने रौद्र रूप में सामने खड़े नृसिंह भगवान को शांत करने गए सुकुमार बालक प्रह्लादजी ने कहा कि भगवन मुझे आपके इस भयानक रूप से डर नहीं लगता, पर अपनी वासनाओं से डर लगता है, जो मेरी आध्यात्मिक राह में बाधक हैं।

सुरक्षा के घेरे में चलने वाले इन संतों ने अपने प्रवचनों में अनेक बार श्रीमद् भागवत के इस प्रसंग का उल्लेख किया होगा? पर क्या इससे मिले ज्ञान पर कभी मंथन भी किया? हमने तो विरक्त संतों से यही सुना है कि लाभ, पूजा, प्रतिष्ठा के पीछे भागने वाले कभी आध्यात्मिक प्रगति नहीं कर सकते।

आप पूछ सकते हैं कि जब दूसरे विशिष्ट व्यक्तियों को सरकार की तरफ से इस तरह की सुरक्षा दी जाती है तो इन मशहूर संतों को सुरक्षा क्यों न दी जाये? दोनों परिस्थितियों में अंतर है। बाकी लोग अपने सत्कर्मों या कुकर्मों के कारण लगातार मौत के भय में जीते हैं, इसलिए वे सरकार से सुरक्षा मांगते हैं। जबकि स्वयं को संत मानने वाले उस आध्यात्मिक मार्ग के पथिक हैं, जिसमें चाह गयी चिंता मिटी, मनुआ बेपरवाह। जिनको कछु न चाहिए, वे साहन के साह। आध्यात्मिक मार्ग पर चलने वाले को मौत का क्या भय? गोस्वामी तुलसीदास जी भी कह गए हैं, हानि-लाभ जीवन-मरण, यश-अपयश विधि हाथ। फिर मौत से क्या डरना?

मुझे आश्चर्य होता है कि बड़े-बड़े मंचों से धार्मिक प्रवचन करने वाले लोग कमांडो और पुलिस के घेरे में रह कर गर्व का अनुभव करते हैं। माया-मोह त्यागने का उपदेश देने वालों की कथनी और करनी में इस भेद के कारण ही देश की आध्यात्मिक चेतना का विकास नहीं हो पा रहा है। कुछ ऐसी ही बात प्रेमानंदजी महाराज ने डॉ मोहन भागवतजी से कही। पिछले चार दशकों में यह आम रिवाज हो गया है कि आपराधिक चरित्र के राजनेता, चाहे किसी भी दल के क्यों न हों, सरकारों द्वारा प्रदत्त पुलिस सुरक्षा के घेरे में चलते हैं। इसका समय-समय पर समाज में विरोध भी हुआ और सर्वोच्च न्यायालय में जनहित याचिकाएं भी दायर हुई हैं पर कोई सरकार इस कुरीति को रोकना नहीं चाहती क्योंकि उसे इन आपराधिक छवि के नेताओं का इस्तेमाल अपनी सत्ता बनाने और चलाने में करना होता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# पॉलिटेक्निक कॉलेज में भव्य रंगारंग कार्यक्रम



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गम्हारिया।** सरायकेला खरसावां जिले के गम्हारिया स्थित राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में नए बैच की छात्राओं का सोमवार को भव्य रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सरायकेला एसडीओ पारुल सिंह मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत कार्यक्रम का नाम आगाज 2023 रखा गया। इस अवसर पर खूबसूरत मंच पर सीनियर छात्राओं द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाले कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। जानकारी देते हुए महिला पॉलिटेक्निक के प्राचार्य संजीव कुमार ने बताया झारखंड के तमाम राजकीय पॉलिटेक्निकों में इस पॉलिटेक्निक का स्थान अग्रणी है। यहां के काफी बच्चे सफल होते देखे गए है। ऐसा माहौल अमूमन निजी विद्यालयों या निजी कॉलेजों में ही देखा जाता है। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में सीनियर बच्चों द्वारा नए बैच के बच्चों के लिए कार्यक्रम किया गया। यह अपने आप में एक उदाहरण पेश कर रहा है। कार्यक्रम में गम्हरिया थाना प्रभारी आलोक कुमार दुबे, मुखिया सविता हांसदा आदि मौजूद रहे।

# जुगसलाई में आज निकलेगी कलश शोभा यात्रा, बुधवार को मंगल पाठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** श्री राणी सती सत्संग समिति जुगसलाई द्वारा श्री राणी सती दादीजी का 24वां दो दिवसीय श्री मंगसीर नवमी महोत्सव का आयोजन 5 एवं 6 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जायेगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी हो गयी है। जुगसलाई गर्ल्स स्कूल रोड़ स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर फूलों एवं लाइटों से सज-धज कर तैयार हैं। सोमवार को समिति की महिला सदस्यों द्वारा मंगलवार की सुबह निकलने वाली शोभा यात्रा के लिए कलश सजाकर तैयार किया गया। सोमवार की संध्या चार बजे से दादी को मेहंदी लगाने का कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें समिति की माहिलाओ ने भजन कीर्तन कर दादी मां के हाथ और पांव में मेंहदी लगायी और भजनों के माध्यम से रिझाया।

मेहंदी कार्यक्रम में शामिल सदस्यों द्वारा भजनों पर नृत्य भी किया गया। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल (रिंगसिया) ने बताया कि इस वर्ष भी दो दिन महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है।

पहले दिन मंगलवार 5 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से कलश शोभा यात्रा निकलेगी और दोपहर 2.30 बजे से दादी भागवत का कार्यक्रम होगा।

दूसरे दिन बुधवार को दोपहर 2.30 बजे से सामूहिक मंगल पाठ का आयोजन होगा। दोनों दिन धार्मिक कार्यक्रम रंगलाल मैरिज हाउस, डी कोस्टा रोड जुगसलाई मे होगा। उन्होंने आगे बताया कि दादी भागवत कथा का पाठ करने के लिए मुंबई से सुदर्शन कुमार और सामूहिक मंगल पाठ का वाचन करने के लिए भागलपुर से रिया शर्मा को आमंत्रित किया गया हैं। इस धार्मिक महोत्सव को सफल बनाने के लिए श्री राणीसती सत्संग समिति के सभी सदस्य लगे हुए हैं।

# योजनाओं का लाभ उठा कर आत्मनिर्भर बनें : मंगल कालिंदी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटमदा।** जुगसलाई विधानसभा के पटमदा प्रखंड की बनकुंचिया पंचायत भवन में सोमवार को राज्य सरकार की महात्वाकांक्षी योजना आपकी योजना-आपकी सरकार - आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। इस अवसर विधायक ने शिविर में लगे सभी विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया। मौके पर अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिये। विधायक ने कहा झारखंड सरकार की लक्ष्य है शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना। उन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेकर आत्म निर्भर बनने की सलाह दी। इस दौरान ग्रामीणों ने अबुआ आवास, सर्वजन पेंशन, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, मनरेगा समेत अन्य विभागों में ग्रामीणों ने सैकड़ों की संख्या में आवेदन पत्र जमा किया। मौके पर विधायक ने सोना सोबरन धोती-साड़ी, असहाय बुजुर्गों के बीच कंबल, पेंशन स्वीकृति पत्र, स्कूली बच्चों व महिला समूहों के बीच परिस्थितियों का वितरण किया। इस अवसर पर जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो, उप प्रमुख श्रीदेवी माझी, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू,बीस सूत्री अध्यक्ष कालीपद महतो, बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज,सीओ चंद्रशेखर तिवारी, सीडीपीओ नीतू कुमारी, मुखिया गुरुचरण हेम्ब्रम, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, आनंद महतो समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

# हर दिन थाना में मॉर्निंग मीटिंग, मिलेगा टास्क ऑफ द डे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के एसएसपी किशोर कौशल नयी पुलिसिंग को जमशेदपुर में लागू कर रहे है। इसके जरिये जहां थानेदारों और पुलिसवालों को अपने क्षेत्र में पैदल भ्रमण करने को कह रहे है। वहीं अब सभी थानेदारों को यह कहा गया है कि वे लोग हर दिन सुबह अपने थाना क्षेत्र में मीटिंग करें। सारे पुलिस पदाधिकारी के साथ थानेदार मीटिंग करेंगे और टास्क ऑफ द डे सभी को दिया जायेगा। इसके बाद जब उनकी ड्यूटी खत्म होगी तो उनको टास्क की प्रगति की जानकारी देकर फिर अपने घर



जायेंगे। इसकी शुरुआत सोमवार से कर दी गयी है। अपराध नियंत्रण, उदभेदन और अपराधियों पर नकेल कसने के उद्देश्य के लिए जमशेदपुर नगर क्षेत्रान्तर्गत एक नयी पहल की शुरूआत की गयी है। इसके तहत सभी थाना प्रभारी प्रतिदिन प्रातःकाल में थाना में पदस्थापित पदाधिकारियों के साथ दैनिक बैठक का संचालन करेंगे। इस बैठक हेतु थाना में पदस्थापित प्रत्येक पदाधिकारी द्वारा प्रतिदिन किये जाने वाले कार्यों का विभाजन एवं निर्धारण करने के लिए एक विहित प्रपत्र तैयार किया गया है। बैठक में थाना प्रभारी उक्त विहित प्रपत्रानुसार पदाधिकारीवार लंबित वारंट, कुर्की, सम्मन के निष्पादन, फरारियों की गिरफ्तारी, आरोप पत्रित अपराधिकर्मियों के भौतिक सत्यापन, थाना में लंबित चरित्र एवं पासपोर्ट सत्यापन, सीसीटीएनएस प्रविष्टि, लंबित कांडों के अनुसंधान एवं निष्पादन, विधि-व्यवस्था संधारण तथां आवश्यकतानुसार विविध कार्यों का विभाजन करते हुए थाना में पदस्थापित प्रत्येक पदाधिकारी को टास्क ऑफ द डे निर्धारित करेंगे ताकि प्रत्येक पदाधिकारी की भूमिका एवं जबाबदेही तय की जा सके। थाना प्रभारी द्वारा बैठक के दिन उक्त प्रपत्रानुसार विगत दिन के प्रदर्शन की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जायेगा। संबंधित सहायक पुलिस अधीक्षक, सभी पुलिस उपाधीक्षक, अंचल निरीक्षक, नगर क्षेत्र इस पहल के प्रभावी क्रियान्वयन एवं बेहतर निगरानी हेतु प्रत्येक सप्ताह में कम से कम एक बार अपने क्षेत्रान्तर्गत किसी एक थाना की दैनिक बैठक का संचालन करते हुए थाना प्रभारी एवं अन्य पदस्थ पदाधिकारियों के प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे तथा किसी भी पदाधिकारी द्वारा गैर-अनुपालन एवं लापरवाही बरते जाने की स्थिति में सबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाही हेतु प्रतिवेदन समर्पित करेंगे।

# चाकुलिया के पास बाइक, साइकिल और ट्रक में हुई टक्कर, चार घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाकुलिया।** श्यामसुंदरपुर थाना अंतर्गत एनएच 18 पर बांसदा और केरूकोचा के बीच पलपला नाला पर बने पुलिया के ऊपर साइकिल, बाइक और ट्रक में टक्कर होने से बाइक चालक गगन गिरी (34), पत्नी लिजा गिरी (28) व दो साल बेटी शांति गिरी दुर्घटनाग्रस्त ट्रक का मोबिल चैंबर फट जाने से गरम मोबिल के कारण तीनों बुरी तरह से झुलस गये।

वहीं साइकिल सवार चुनका टुडू (31) ट्रक और पुलिया के



बीच फंस गया, जिसे कड़ी मशक्कत के बाद निकाल कर चारों घायल को स्थानीय लोगों की सहायता से 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया। यहां पर चारों का प्राथमिक उपचार होने के बाद बेहतर इलाज के लिए टीएमएच जमशेदपुर रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार गगन गिरी अपने परिवार के संग प्रथम अष्टमी का कपड़ा खरीदने बांसदा आये हुए थे। कपड़ा खरीदने के पश्चात अपने घर मुढाल वापस लौट रहे थे। वहीं साइकिल सवार भी अपने ससुराल बांसदा से केरूकोचा लौट रहा था। सड़क दुर्घटना होने की सूचना पाकर श्यामसुंदरपुर पुलिस घटना स्थल पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

## 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह को ले आमंत्रण और भिक्षाटन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के द्वारा आगामी 6 दिसंबर दिन बुधवार को होने वाले 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर सोमवार को शहर के लोगों को आमंत्रण देने तथा भिक्षाटन कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान शहर के दुकानदार वह राहगिरो के द्वारा उन्हें सहयोग किया गया। इस अवसर पर कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी सचिव विकास कुमार माली वह पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा मुख्य रूप से शामिल थे। इस अवसर पर विकास कुमार माली ने बताया कि 6 दिसंबर को 101 असहाय निर्धन गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह शहर के दानरो नदी स्थित छठ घाट के पास कराया जायेगा। जिसे लेकर बुधवार को शहर के लोगों को आमंत्रण और भिक्षाटन कार्यक्रम किया गया।

# देश मोदी जी के नेतृत्व में लगातार बढ़ रहा है आगे: भानु प्रताप शाही

**तीन राज्यों में भाजपा की जीत के बाद बंशीधर नगर में बटी मिठाईयां**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा के प्रचंड जीत के बाद भाजपाइयों ने बंशीधर नगर बाजार में आतिशबाजी कर, ढोल नगाड़े बजाकर जीत का जश्न मनाया। मौके पर भाजपाइयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई और लोगों के बीच में मिठाई बाटी, झूमते-नाचते भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारा लगा रहे थे देश में एक ही गारंटी मोदी गारंटी, भाजपा कार्यकर्ताओं ने अबकी बार 400 पार के नारा लगाकर झूमते नजर आये। मौके पर भाजपा नेता सह भवनाथपुर विधानसभा के विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि देश मोदी जी के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहा है, देश के लोगों का मोदी जी पर भरोसा है भारत के किसान, मजदूर, नौजवान, व्यवसाई सभी विकास के लिए मोदी जी की ओर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीनों राज्यों में डबल इंजन की सरकार के माध्यम से चौमुखी विकास होगा आने वाला दिनों में लोकसभा में हम सब 400 के पार जायेंगे। उन्होंने जीत पर सभी विधायकों के साथ-साथ करोड़ों राष्ट्रभक्त भाजपा के कार्यकर्ताओं, तीनों राज्यों की जनता, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दिया है। शाही ने कहा कि पूरे देश में भगवा और कमल का लहर है हर जगह कमल खिला है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा में झारखंड में 81 में से 71 पर कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि देश मोदी जी पर विश्वास करता है और मोदी जी की बातों को ही गारंटी मानते हुए देश के नौजवान, बृद्ध, किसान, मजदूर, व्यवसाई सभी वर्गों के लोग मोदी जी पर भरोसा करते हुए मोदी जी के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि विकास विरोधी कांग्रेस छलने वाली, झूठ बोलने वाली, धोखा देने वाली पार्टी है। जनता उसके नियत को बहुत पहले ही जान गयी है कांग्रेस के झांसे में कोई आने वाला नही है। मौके पर कुमार कनिष्क, अशोक सेठ, शिवधारी राम, रघुराज, लक्ष्मण, बिकाश, मुकेश, विभूतिभूषण, मथुरा, अविनाश, ओम प्रकाश सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# साइबर अपराध का आरोपी गिरफ्तार

## मैसेज कर एप बनाने के नाम पर लोगों से करता था पैसे की ठगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिले के बंशीधर नगर थाना अंतर्गत चचारिया गांव निवासी रामनाथ साव का पुत्र अखिलेश कुमार को गढ़वा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रेस वार्ता कर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने युवक की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिबिम्ब एप्प के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की बिहार के शेखपुरा जिला चेबाड़ा थाना निवासी योगेश्वर ठाकुर के पुत्र संतोष कुमार तथा जयपुर के सोडाला थाना क्षेत्र के संजय सैनी द्वारा उक्त एप्प पर साइबर ठगी से संबधित अपराध की घटना दर्ज करायी गयी थी। उक्त घटना में प्रयुक्त मोबाइल नंबर 8789050 270 और फोन पे नंबर 9973170116 का संचालन गढ़वा से ही अज्ञात साइबर अपराधी द्वारा किया जा रहा था। तत्पश्चात पुलिस उपाधीक्षक चिरंजीव मंडल के नेतृत्व में एक टीम गठन कर टीम के सदस्यों द्वारा उपरोक्त घटना में शामिल अपराधी का पता लगाकर मोबाइल और फोन पर नंबर का सत्यापन करते हुए। उपरोक्त मोबाइल नंबर के धारक अखिलेश कुमार को नगर ऊटारी से गिरफ्तार कर लिया गया। छापामारी के उपरांत अखिलेश कुमार के द्वारा घटना में प्रयुक्त डेल कंपनी का लैपटॉप एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन दो सिम लगा हुआ बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपने स्वीकारित बयान में स्वीकार किया कि उसके द्वारा ही साइबर ठगी करने हेतु अपने मोबाइल पर संचालित व्हाट्सएप फेसबुक अन्य सोशल मीडिया साइबर पर वेबसाइट बनाने का फर्जी प्रचार प्रसार का झांसा देकर रिमोट एक्सेस एप्प अन्य टैक्स सिम विवर आदि का सहारा लेकर वेबसाइट बनाने के नाम पर यूपीआई फोन पर गूगल पे के माध्यम से अपने बैंक खाते में पैसा मंगवा लिया जाता था। और पैसा आने के उपरांत ठगी किये गये व्यक्तियों के व्हाट्सएप और मोबाइल नंबर को ब्लॉक कर दिया जाता था। इस प्रकार की ठगी उसके द्वारा 500 से 600 लोगों के द्वारा किया गया। छापेमारी दल में पुलिस उपाधीक्षक चिरंजीव मंडल पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह कुणाल किशोर आरक्षी हेमंत कुमार यादव सुनील राम चौकीदार दयाराम पासवान का नाम शामिल है।

# महिलाएं आपात स्थिति में पुलिस को करें सूचित: दीपक कुमार पांडे

**महिलाओं की सुरक्षा और बचाव के लिए झारखंड पुलिस की एक पहल**

**एंड्राइड मोबाइल में प्ले स्टोर से करें शक्ति एप डाउनलोड**


आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढवा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने अपने कार्यालय से जिले के महिलाओं की सुरक्षा और बचाव के लिए झारखंड पुलिस की एक पहल पर एंड्रॉयड मोबाइल मे शक्ति एप्प डाउनलोड करने की अपील की है। और साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस कि यह एक अच्छी पहल है। जिस एप्प के माध्यम से सभी स्थानीय महिलाओं की सुरक्षा में गढ़वा पुलिस हमेशा तैयार रहेगी और सही समय पर उनके पास पहुंच उन्हें सुरक्षा मुहैया करेगी। महिलाएं किसी भी आपात स्थिति में सीधे पुलिस नियंत्रण कक्ष तथा साथ ही अपने रिश्तेदारों दोस्तों के मोबाइल फोन पर मुसीबत में होने की सूचना भेज सकती हैं। पंजीकृत यूजर अपने मोबाइल फोन की होम स्क्रीन पर मौजूद हेल्प बटन को स्पीकर अलर्ट भेज सकती है। जैसे ही हेल्प बटन स्पीकर किया जाएगा ठीक उसी समय पुलिस नियंत्रण कक्ष में तथा साथ ही साथ उनके रिश्तेदारों दोस्तों के लिए एक अलर्ट संदेश भेज दिया जायेगा। एंड्राइड मोबाइल फोन में इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर शक्ति झारखंड पुलिस गवर्नमेंट इन से डाउनलोड करें अपने नाम के साथ मोबाइल नंबर को पंजीकृत करें मुसीबत में होने की सूचना परिजनों को देने के लिए कम से कम तीन रिश्तेदार मित्रों के नाम व मोबाइल नंबर संबंधित मेनू में जाकर पंजीकृत करें।

# सांसद ने बंद पड़ी ट्रेनों के परिचालन का मामला उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सोमवार को लोकसभा में सांसद विष्णु दयाल राम ने नियम 377 के तहत बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन एवं मेराल रेलवे स्टेशन पर रॉची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 एवं पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 का ठहराव करने संबंधी मामले को उठाया। सांसद ने कहा कि कोविड-19 के दौरान बंद की गयी बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन अभी तक प्रारम्भ नहीं हो सका है। उक्त ट्रेन का परिचालन प्रारम्भ नहीं होने से पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 11 रेलवे स्टेशनों क्रमशः नगर उंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोड़, तोलरा, लालगढ़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज एवं चियांकी के यात्रियों कों आवागमन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही साथ रांची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 एवं पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 का ठहराव मेराल रेलवे स्टेशन पर नहीं की जा रही है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से रेल मंत्री से अनुरोध है कि बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन पुनः प्रारंभ करने एवं रॉची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/ 18614 एवं पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/ 23348 का ठहराव मेराल रेलवे स्टेशन पर करने की कृपा की जाय।

# विद्यार्थियों ने परीक्षा फॉर्म नहीं भरे जाने पर जमकर किया हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** स्थानीय जमा दो उच्च विद्यालय में बारहवीं की परीक्षा फॉर्म नहीं भरे जाने को लेकर आक्रोशित विद्यार्थियों ने जमकर हंगामा किया। विद्यार्थियों द्वारा फार्म भरने का काउंटर बंद मिला था। बच्चों ने इसकी शिकायत प्रभारी प्रधानाध्यापिका से की। प्रभारी द्वारा यह कहकर पल्ला झाड़ लिया गया कि शिक्षक शमी अहमद को इसकी जिम्मेवारी दी गयी थी। जो बिना सूचना दिए बिना प्रभार दिए बाहर चले गए हैं। बच्चो ने इसकी शिकायत अंचल पधाधिकारी कांडी से की। फॉर्म भरने के लिए दिन भर बच्चे इंतजार करते रहे लेकिन बच्चो का फॉर्म नहीं भरा गया। अभिभावकों ने कहा कि कांडी प्लस टू उच्च विद्यालय की अव्यवस्था की शिकायत लगातार मिलने के बाद भी विभाग द्वारा इसमें सुधार की किसी तरह की पहल नहीं किया जाना बहुत ही दुख की बात है। अभिभावकों ने कहा कि इसी तरह फॉर्म भरना बंद रहा तो 12 दिसंबर के बाद प्रतिदिन चार सौ रुपये फाइन देना होगा। परेशान बच्चों में सत्य प्रकाश दुबे, दिलीप, विजय, राजेंद्र, विमलेश सहित सैकड़ों छात्र छात्राओं का नाम शामिल है। प्रभारी प्रधानाध्यापिका विद्यानी बाखला ने कहा कि संबंधित शिक्षक शमी अहमद के नहीं रहने से परेशानी हुई। कहीं जा रहे तो लिखित सूचना देनी चाहिए।

### क्या कहा सीओ ने

**बच्चों की शिकायत के बाद स्कूल में तहकीकात कर कांडी के अंचलाधिकारी मो आफताब आलम ने कहा कि उक्त शिक्षक से उनकी बात हो गयी है। उन्होंने कहा कि आज शाम को वे चार्ज दे देंगे। मंगलवार से फॉर्म भरा जायेगा।**

# वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्र के निर्धारण को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** उपायुक्त गढ़वा -सह- अध्यक्ष वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्र, शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण हेतु जिला स्तरीय केंद्र चयन समिति की बैठक सपन्न की गयी, जिसमें मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार, समिति के सदस्यगण, जिला स्तर के संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थें। वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण संबंधी सूची उपायुक्त व समिति के अन्य सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। परीक्षा केन्द्रों के चयन हेतु समिति ने निर्णय लिया कि वैसे विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाये जाएं, जहां समुचित पेयजल की व्यवस्था, शौचालय और चारदीवारी आदि की व्यवस्था हो। साथ ही बैठक में इस बात पर चर्चा की गयी कि परीक्षा केन्द्रों की दूरी संबंधित विद्यालयों से अधिक न हो, जिससे परीक्षार्थियों को अपने परीक्षा केंद्र पर जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़े। बैठक के दौरान चयन समिति के सदस्यों और माननीय विधायक प्रतिनिधि 80 विधानसभा क्षेत्र अशर्फी राम तथा 77 विधानसभा क्षेत्र भोला चंद्रवंशी और माननीय सांसद प्रतिनिधि पलामू लोकसभा क्षेत्र प्रमोद कुमार चौबे द्वारा सुरक्षा और सहूलियत की दृष्टिकोण से कुछ परीक्षा केन्द्रों के बदलाव के बारे में भी प्रस्ताव रखा गया, जिस पर विचारोपरांत निर्णय लेने की बात कही गयी।

# तेलंगाना में एआइएमआइएम की जीत पर विजय जुलूस निकाला



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** तेलंगाना में एआईएम आईएम ने सात विधान सभा से चुनाव लड़ा था। वहीं सातों विधानसभा में एआईएमआईएम ने जीत हासिल की है। गढ़वा में एआईएमआईएम के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी में एआईएमआईएम जिला कार्यालय से विजय जुलूस निकाला। मौके पर एआईएमआईएम के पूर्व प्रत्याशी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ. एमएन खान ने कहा कि तेलंगाना में एआईएमआईएम की बड़ी जीत ने साबित कर दिया है कि 2024 में एक बार फिर बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब कुछ बड़ा करने वाले हैं। गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के लोग लगातार एआईएमआईएम से जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर एम एन खान ने किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष शाकिर अंसारी, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, युवा के जिला अध्यक्ष मुजाहिम अंसारी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 'वादा पूरा करो हेमंत सरकार, सहायक अध्यापक आपके द्वार'

**सहायक शिक्षकों ने विधायक को 5 सूत्री मांग पत्र सौंप वेतनमान दिलाने की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता



स्थानीय विधायक को ज्ञापन सौंपते पारा शिक्षक

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर विधानसभा के सहायक शिक्षकों ने वर्त्तमान सरकार द्वारा चुनावी घोषणा पत्र का अनुपालन ना करने की स्थिति में 'वादा पूरा करो हेमंत सरकार, सहायक अध्यापक आपके द्वार' सांगठनिक कार्यक्रम के तहत स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही को 5 सूत्री मांग पत्र सौंप वेतनमान दिलाने की मांग की। विधायक को दिए पत्र में बताया गया कि जेएमएम एवं कांग्रेस के महागठबंधन ने गत विधानसभा चुनाव के पूर्व वादा किया था कि सरकार बनने के तीन माह के अन्दर सभी पारा शिक्षकों को वेतनमान दिया जायेगा। समान काम के समान वेतन के तहत पारा शिक्षकों को वेतनमान का तोहफा दिया जायेगा। मगर सरकार बनने के चार वर्ष गुजर जाने के बाद भी वेतनमान सहित अन्य मुद्दों पर सकारात्मक पहल नहीं की गयी। मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही ने पारा शिक्षकों की इस स्थिति के लिये संघ के पूर्व नेता विक्रांत ज्योति को जिम्मेदार बताते हुए कहा सरकार आप सबो में केवल उन्माद भरकर सत्ता में लौटी है। पारा शिक्षको की समस्या निराकरण को लेकर मैं ही नही पूरी पार्टी संवेदनशील है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आपकी मांगो को पुरजोर तरीके से उठाया जायेगा। इस अवसर पर दर्जनों पारा शिक्षक उपस्थित थे।

# काम में लापरवाह जेई और क्लर्क निलंबित

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने की करवाई**

**लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत न्यूनतम 3 माह के कारावास का भी है प्रावधान**

आजाद सिपाही संवाददाता



फोटोः उमेश ठाकुर



फोटोः भावेश रविदास

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या 160 से 169 तक के बीएलओ के पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त भावेश रविदास, कनीय अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0-2, गढ़वा क्षेत्र भ्रमण के दौरान वे अपने अधीनस्थ मतदान केंद्रों में से किसी भी मतदान केंद्रों पर उपस्थित नहीं पाये गये। इनके द्वारा अपने बीएलओ को उपलब्ध कराने हेतु दिया गया चेकलिस्ट अपने पास ही रखे हुए थे, जिस कारण मतदान केंद्र संख्या-160 से 169 के बीएलओ चेकलिस्ट नहीं भर पायें। चेकलिस्ट नहीं भरने के कारण इन मतदान केंद्रों का फॉर्म प्रोसेसिंग का कार्य प्रभावित हुआ है। इस संबंध में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी -सह- अंचल अधिकारी, गढ़वा के स्तर से उनसे पूछा गया स्पष्टीकरण का जवाब भी भावेश रविदास के द्वारा नहीं दिया गया। जबकि दूसरे मामले में उमेश ठाकुर, लिपिक, गोविंद 2 उच्च विद्यालय, गढ़वा को मतदान केंद्र संख्या 120 पर बीएलओ का कार्य करने हेतु प्रतिनियुक्त किया गया था। क्षेत्र भ्रमण के दौरान इनके द्वारा अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर निर्वाचन संबंधी कार्य नहीं किया गया है। इनसे भी स्पष्टीकरण पूछा गया था, इनसे प्राप्त जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। दिनांक 29.11.2023 तक इनके बूथ पर फार्म-06 की संख्या शून्य थी। जिसके कारण उल्लेखित मतदान केंद्र पर निर्वाचन का कार्य प्रभावित हुआ है। इस संदर्भ में श्री ठाकुर से पूछा गया स्पष्टीकरण का जवाब अप्राप्त है। शेखर जमुआर के द्वारा भावेश रविदास, कनीय अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0- 2, गढ़वा एवं उमेश ठाकुर, लिपिक, गोविन्द 2 उच्च विद्यालय, गढ़वा को निर्वाचक नामावली की तैयारी में अपने पदीय कर्तव्य के पालन नहीं किए जाने का दोषी मानते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। दोनों कर्मी को निलंबित करने के बाद उनके नियंत्री पदाधिकारी कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल - 2 गढ़वा और जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा को आदेश तमिला हेतु तत्काल भेज दिया गया। बताया गया कि निर्वाचन से जुड़े इस संबंध में उन्होने बताया कि निर्वाचन संबंधी कार्य में किसी भी स्तर पर कोई पदाधिकारी/कर्मी द्वारा शिथिलता बरते जाने/कार्य लंबित रखने या रूचि नहीं लेने पर वैसे पदाधिकारी/कर्मी के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत निलंबन, विभागीय कार्रवाई, विधिक कार्रवाई के साथ-साथ न्यूनतम 3 माह और अधिकतम 2 वर्ष तक के कारावास का भी प्रावधान है।

# जरासंध महोत्सव सह मिलन समारोह 10 को

**जरासंध महोत्सव सह मिलन समारोह गढ़वा के लिए ऐतिहासिक होगाः सन्नी चंद्रवंशी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** चंद्रवंशी समाज की ओर से अगामी 10 दिसंबर को टाउन हॉल के मैदान में जिला स्तरीय जरासंध महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को लेकर चंद्रवंशी समाज की ओर से प्रचार- प्रसार जोर- शोर से किया जा रहा है। चंद्रवंशी समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में घूम- घूमकर अपने समाज के लोगों को कार्यक्रम में आने का निमंत्रण भी दे रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर सोमवार को मेराल प्रखंड के दलेली स्थित पंचमुखी मंदिर से प्रचार रथ रवाना किया गया। समाज के युवा राष्टीय अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी, संयोजक विनोद चंद्रवंशी, भागीरथी चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर कुंदन चंद्रवंशी, सोनू, बिगन चंद्रवंशी, सुरेश बाबर, सूरज, दिनेश सहित कई लोग उपस्थित थे।

**क्या कहा युवा राष्टीय अध्यक्ष सन्नी ने :** चंद्रवंशी समाज के युवा राष्टीय अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी ने कहा कि आगामी 10 दिसंबर को चंद्रवंशी समाज द्वारा जरासंध महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में गढ़वा- रंका विधानसभा के विभिन्न गांवों से समाज के लोग कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि गढ़वा विधानसभा के अलावे गढ़वा, पलामू, लातेहार के अलावे बिहार, छतिसगढ़, यूपी राज्य से भी समाज के लोग कार्यक्रम में भाग लेंगे। उसको विधायक बना भी सकता है और सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम भी कर सकता है।

## वृद्ध को मंत्री के हाथों मिला पेंशन योजना का लाभ



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** डॉ रामेश्वर उरांव, माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्यकर तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड, रांची द्वारा किस्को प्रखण्ड के बगड़ू पंचायत के बगड़ू जामुनटोली निवासी रतिया उरांव को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिया गया। रतिया ने बताया कि पेंशन योजना का लाभ मिलने से वे काफी प्रफुल्लि्त हैं। राज्य सरकार बेहतर कार्य कर रही है और इसके लिए वे मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हैं।

# अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचा रही सरकार : डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा जिले में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस क्रम में सर्वप्रथम किस्को प्रखंड के ग्राम बगडु जामुन टोली एवं लोहरदगा नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 9,14,15 के अंतर्गत खादगढ़ा मैरेज हॉल कार्यक्रम में उपस्थित होकर उन्होंने कहा की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण पूरे राज्य के विभिन्न पंचायत और वार्ड में शिविर लगाकर आयोजित किया जा रहा है। जनता के द्वार तक पहुंच कर



विकास कार्यों से अंतिम व्यक्ति को जोड़ने का काम कर रही है और उनके सारे समस्याओं का समाधान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ इस शिविर के माध्यम से दिया जा रहा है। पंचायत और वार्ड स्तर पर आयोजित शिविरों में नई योजना यथा अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, सामुदायिक और व्यक्तिगत वनपट्टा से संबंधित मामले, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र में जरूरी संशोधन, भूमि से जुड़े मामले, आयुष्मान कार्ड, आम जनों के सामाजिक-आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े मामले, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रम विभाग अंतर्गत श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण, राजस्व अभिलेखों में संशोधन-परिमार्जन, आधार और राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबधित शिकायत का निवारण समेत अन्य कार्य का निष्पादन किया जाएगा। कुछ मामलों में उपरोक्त योजना के तहत आवेदन भी लिए जाएंगे, जिसका समाधान एक सप्ताह के अंदर करने का प्रयास किया जाएगा, आज पूरे राज्य में 20 लाख राशन कार्ड लाभुकों को हमारी सरकार ने उपलब्ध कराया है। सरकार ने ऐसी व्यवस्था किया है की सरकारी पदाधिकारी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पोटली बना कर जनता के द्वार तक जाएंगे और अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित कर समाज की मुख्य धारा में जोड़ा जा रहा, मनुष्य को जीवन जीने के लिए रोटी कपड़ा एवं मकान की आवश्कता होती है जिसके लिए अबुआ आवास योजना के तहत घर, एवं तन ढकने के लिए धोती साड़ी योजना के तहत धोती साड़ी, एवं पोषाहार भोजन के लिए चावल के साथ साथ दाल भी उपलब्ध कराया जा रहा है, सर्वजन पेंशन योजना के तहत भी जरूरतमंदों को लाभ दिया जा रहा है।

## श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति की बैठक संपन्न



**लातेहार।** लातेहार श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार की मासिक बैठक अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता उर्फ भोला प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में मंदिर के उपरी तल्ले के सभी छह कमरों का सुंदरीकरण कराने का निर्णय लिया गया। कमरों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया ताकि यहां ठहरने वाले लोगों को कोई परेशानी नहीं हो। संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि इन 30 सालों में मंदिर की प्रतिष्ठा काफी दूर दूर तक फैल गयी है। अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि मंदिर के विकास के लिए सामुहिक रूप से कार्य करने की दरकार है। सचिव आशीष टैगोर ने मंदिर के विकास के लिए विगत दो वर्षों में की गयी कार्यों की जानकारी दी। बैठक में मासिक दानपात्र खोला गया। कोषाध्क्ष राजू प्रसाद ने बताया कि इस महीने दान पात्र व वाहन पूजन से 20 हजार रुपए संग्रह किये गये हैं। बैठक में उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, सह सचिव रविंद्र प्रजापति, रंजीत कुमार, दीपक विश्वकर्मा, धनेश्वर प्रसाद व परितोष ठाकुर आदि शामिल थे।

## सेविकाओं के साथ सीडीपीओ ने की बैठक

**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में सोमवार को सीडीपीओ नंदीरानी ने सेविकाओं के साथ बैठक की। बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा गई। इस दौरान गर्भवती महिला, धातृ महिला, आंगनवाड़ी केंद्रों पर शून्य से पांच साल तक के अतिकुपोषित बच्चे, बीमार व्यक्ति व 80 साल से अधिक के वृद्धि व्यक्तियों की सूची को लेकर आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में वर्गवार सेविका व सहायिका से संबंधित प्रतिवेदन, आंगनबाड़ी केंद्र, भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्धता से संबंधित कागजात, मुख्यमंत्री कन्या कन्यादान योजना का सावित्रि बाई फूलो झानो, आधार सत्यापन, आंगनवाड़ी केंद्र का खुलना, लाभार्थियों को जोड़ना व अन्नप्राशन व गोद भराई सहित अन्य सामुदायिक गतिविधियों के संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सीडीपीओ ने सेविका व बाल विकास परियोजना में कार्यरत सभी कर्मियों को अविलंब सभी लंबित कार्यों का निष्पादन करने को कहा। मौके पर पर्यवेक्षिका नीलम मिंज,मंजू उरांव,माया देवी,सुमित्रा देवी,शिला देवी सहित सभी सेविका मौजूद थे।

# शिविर में 1794 आवेदन मिले, जिसमें आबुआ आवास के सबसे अधिक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह ।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का सोमवार को प्रखंड के छेंचा पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन पंचायत सचिवालय में किया गया। शिविर में पूरे पंचायत से काफी संख्या में लोगों की भीड़ थी। जिसका उद्घाटन बीड़ीओ राकेश सहाय, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, वरीय झामुमो नेता सह 20 सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी, मुखिया आशा देवी, राजद प्रखंड अध्यक्ष आदित्य यादव, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष सुरेश मिश्रा समेत अन्य अतिथियों द्वारा बारी बारी से दीप प्रज्वलित कर किया गया। बीडीओ राकेश सहाय ने शिविर में मिलने वाली सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की



अपील किया। विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह ने भी सरकार की संचालित सभी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में छेंचा पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग जुटे हुए थे। जिसमें 1794 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जबकि 258 आवेदन का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। वही शिविर में आबुआ आवास योजना का 526 सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हुए जबकि सर्वजन पेंशन योजना 16, जरूरतमंद लोगों के बीच 50 कंवल वितरण हुआ। इसके अलावा बीच धोती साड़ी, जॉब कार्ड समेत अन्य सामानों का वितरण हुआ।कई तरह के प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार, शिक्षा पदाधिकारी नागेंद्र सिंह, सभी वार्ड सदस्य सभी विभिन्न राजनीतिक दल के राजनीतिक प्रतिनिधि समेत प्रखंड एवं अंचल से जुड़े सभी कर्मियों समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' में उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका/ लातेहार।** प्रखंड के जान्हो पंचायत में दिन सोमवार को झारखंड सरकार द्वारा संचालित योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जान्हो पंचायत के लोगों का उमड़ी भीड़। शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर पंचायत से आए हुए लोगों को सरकार की चलाई जा रही योजनाओं को जानकारी दी गई। आयोजन शिविर का शुभ आरंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी, अंचल अधिकारी संतोष शुक्ला, जान्हो मुखिया बहादुर उरांव,स्त्र१ङ्क आत्मा सिंह, पंचायत समिति रूबी देवी अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर मे आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए विकास प्रखंड



पदाधिकारी मनोज तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगों तक लाभ पहुंचाना। लोगों को पूरा-पूरा लाभ मिलेगा। सुदरवर्ती इलाकों से प्रखंड मुख्यालय नहीं आ पाते वैसे लोगों को शिविर में अपना समस्या रख सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों के द्वारा शिविर में आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें अबूवा आवास 1200, सिंचाई कुप योजना, जाति/ आय/ जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र/ दिव्यंग्यता प्रमाण पत्र 19, मोटेशन ,मापी, लगान रसीद तथा आयुष्मान कार्ड 10, आवेदन प्राप्त शामिल है। जबकि शिविर में ऑन स्पांट सभी आवेदन का निष्पादन किया गया। आयुष्मान कार्ड 10 निष्पादन हुए, सर्वजन पेंशन,12, कमल वितरण, 114 निष्पादन हुए। इस अवसर पर जनसेवक चंदन गुप्ता, रोजगार सेवक चंदन बर्मा, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसपीएस मनोज कुमार, , समाजसेवी अजीत यादव, मनरेगा अभियंता अजय लकड़ा, कई जन प्रतिनिधि समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## वेद शास्त्र के प्रचंड विद्वान राजेंद्र पाठक का उनके रांची आवास में निधन

**बारियातू ।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम डाढा के गोपालपुर निवासी वेद शास्त्र के प्रचंड विद्वान राजेन्द्र पाठक 93 वर्ष का सोमवार को रांची आवास में निधन हो गया। राजेन्द्र पाठक के निधन की खबर मिलते ही प्रखंड क्षेत्र में शोक कि लहर दौड़ पड़ी। राजेन्द्र पाठक के छोटे पुत्र सह रांची हाईकोर्ट के अधिवक्ता पवन कुमार पाठक ने बताया कि मेरे पिता राजेंद्र पाठक कुछ दिनों से अस्वस्थ थे उनका इलाज सेवासदन में चल रहा था।सोमवार अहले सुबह



उन्होंने अंतिम सांस ली। राजेन्द्र पाठक के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए पैत्रिक गाँव डाढा लाया गया।जहां जिप सदस्य रमेश राम, देवदत सिंह, अर्विन्द सिंह, पवन प्रसाद, विशनाथ सिंह, सुबोध सिंह, आनन्द राज, नन्द किशोर सिंह सहित सैंकड़ों लोगों ने अंतिम दर्शन किया। राजेन्द्र पाठक का दाह संस्कार वारानसी के मणिकर्णिका घाट पर किया जाएगा . राजेन्द्र पाठक के निधन से समाज को अपूरणीय छती हुई है।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य पथ स्तिथ कुटमु यात्री शेड के समीप सोमवार को ऑटो पलटने से तीन लोग घायल हो गए। उक्त लोग शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। तीनो छेचा पंचायत के चपरी निवासी थे। जिसके बाद एम्बुलेंस के माध्यम से तीनो लोगो को भेजा गया एमएमसीएच मेदिनीनगर भर्ती कराया गया।

## सड़क दुर्घटना में बची पूर्व जिला परिषद सदस्य

**बरवाडीह (आजाद सिपाही) ।** सड़क दुर्घटना में बाल बाल बचे बरवाडीह पश्चिमी क्षेत्र के पूर्व जिला परिषद सदस्य नाजमा प्रवीण व उनके पति मनान अंसारी।इस सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार रांची से अपने घर पोखरी अपने स्कोर्पियो से वापस मध्य रात्रि लौट रहे थे। इसी बीच रांची में ही स्विफ़्ट डिजायर कार ने उनकी स्कोर्पियो मे जोरदार टक्कर मार दी।जिससे स्कोर्पियो के परखच्चे उड़ गए।वही इसमे नाजमा प्रवीण ,मन्नान अंसारी और उनकी पुत्री घायल हो गए। फिलहाल स्तिथि खतरे से बाहर है।

# शिक्षक समय पर रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें: बीइइओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** शैक्षणिक कार्य के अलावे मासिक प्रतिवेदन भी आवश्यक है। शिक्षक समय पर रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें। उक्त बातें मध्य विद्यालय लोहरदगा में आयोजित शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्टी में बीईईओ रामजीवन नायक ने कही। बीईईओ श्री नायक ने कहा कि शिशु पंजी फॉर्मेट में जमा करना है। साथ ही ईकल्याण, यूडाइस मेंडीटोरी फील्ड, प्रयास कार्यक्रम क्रियान्वन से सबंधित रिपोर्ट यथाशीघ्र जमा करें। बैठक में शिक्षक शैलेन्द्र कुमार सुमन, मुमताज अहमद, मनी उरांव, अरुण राम,जितेंद्र मित्तल, विजय दास, एनामुल हक, मिथिलेश कुमार, मंजू देवी, सीमा शर्मा, अनिल सिंह, इंद्रावती देवी, सावित्री मधुर, सुबोध लाल साहू, सलोमी लकड़ा, रीता कुजूर, मुश्ताक अहमद, नव कुमार, चोन्हस उरांव, सत्यनारायण साहू, गंगा उरांव आदि मौजूद थे।

## पुलिस ने भैंस चोर को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाने की पुलिस ने सोमवार को भौरों पंचायत के घासिया गांव में छापेमारी कर भैंस चोर को गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया की सोरंदा घासिया टोली निवासी बंधनु उरांव ने 11 मार्च 2023 को अपने भैस की चोरो को को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया था ।जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोमवार को भैस चोर सोरंदा निवासी प्राथमिकी अभियुक्त सोरंदा गांव निवासी साहदेव लोहरा के 19 वर्षीय पुत्र बाबूलाल लोहरा को गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया।

# मंदिरों में नगर भ्रमण कर अयोध्या से आये कलश अक्षत का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** 500 वर्षों के बाद अयोध्या राम मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत 22 जनवरी को मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होना है । इस निमित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा पूरे संपूर्ण भारत में निमंत्रण हेतु अयोध्या से कलश एवं अक्षत का वितरण किया जाएगा। जिसकी शुरूआत प्रांत से लोहरदगा जिला तक आ चुकी है। उससे पूर्व कलश को प्रत्येक मंदिरों में नगर भ्रमण कर स्थापित किया जाएगा। मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवा टोली मंदिर प्रांगण से शोभा यात्रा निकाली गई। जो बरवा टोली हनुमान मंदिर,ईस्ट गोला रोड देवी मंदिर, शिव मंदिर, महावीर चौक हनुमान मंदिर अप्पर बाजार होते हुए शोक विनाशक संकट मोचन हनुमान मंदिर गुदरी बाजार में कलश व अक्षत मंदिर में रखा



गया। जिसमें मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष राम लखन प्रसाद, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य लाल ओंकार नाथ शाहदेव, मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर अध्यक्ष रमेश साहू, विभाग कारवा किनेश्वर महतो, नगर संचालक पुष्कर महतो, विश्व हिंदू परिषद संरक्षक परमेश्वर साहू, प्रांत पदाधिकारी प्रदीप राणा, विश्व हिंदू परिषद सह मंत्री रंजीत साहू, शोक विनाशक संकट मोचन हनुमान मंदिर अध्यक्ष सुमित राय उर्फ डब्लू, मंदिर पुजारी पंकज मिश्रा, बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू, विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष अशोक साहू, बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह, बजरंग दल सनी कुमार साहू, बजरंग दल शाह गोरक्षा प्रमुख चंदन गोप, बजरंग दल पूर्व संयोजक प्रमोद प्रजापति, नगर पर्यावरण प्रमुख सत्यम कुमार, बजरंग दल नगर सासंयोजक अनुभव कशकार, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की सभी माताए बहने और सभी राम भक्त शोभायात्रा में शामिल थे।

## सीओ के रूप मे बीडीओ ने लिया अतिरिक्त प्रभार, सीओ को दी गयी विदाई

**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 04 दिसंबर सोमवार को कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय के प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कैरो अंचल के 15 वें अंचलाधिकारी के रुप मे अतिरिक्त प्रभार ले लिया है,वही अंचल मे पदस्थापित 14 वें अंचलाधिकारी कमलेश उराँव को अंचल कर्मियो के द्वारा एक विदाई समारोह आयोजित कर कमलेश उराँव को विदाई दी गई बिदित है कि पिछ्ले दिनो सरकार के पत्र संख्या-2 रा0 स्था0 - 14/2020-3617 रा0 श्री कमलेश उराँव झा0 प्र0 से0 (गृह जिला राँची) अंचल अधिकारी कैरो को स्थानांतरित करते हुए तत्काल प्रभाव से विभाग के द्वारा अगले आदेश तक अंचल अधिकारी ठेठईटाँगर सिमडेगा के पद पर पदस्थापित किया गया था। उसी के आलोक मे आज 04 दिसंबर को निवर्तमान सीओ कमलेश उराँव को विदाई दी गई। मौके पर प्रखंड 20 सुत्री सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी,समीद अंसारी,अंचल निरीक्षक अनंत शयनम विश्वकर्मा,सुरज मोहन साहू,शम्भु सोनी,संजय साहू,राजस्व कर्मचारी विन्देश्वर उराँव,इन्द्रदेव कच्छप,दीपक तिर्की,सुरेश उराँव, सुबाष महली,लाल अविनाश नाथ शाहदेव,संनाउल्लाह अंसारी,पंकज कुमार लाल,भरत प्लाई,मनोज साहू,ललेश पांडे,उमेश प्रजापति,रामबुझावन गुप्ता,आदेशपाल विजय ठाकुर सबो ने सीओ कमलेश उराँव को माला पहनाकर विदाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व की देन है भाजपा की जीत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो/ लोहरदगा ।** कैरो चार राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना में तीन राज्यों छत्तीसगढ़, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत के साथ जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कैरो मंडल अध्यक्ष लखन उरांव ने कहा कांग्रेस की लोक लुभावन वादे को जनता अब बेहतर ढंग से समझ चुके हैं। विकास के नाम पर सिर्फ और सिर्फ छलावा मिला। आजादी के सात दशक तक सिर्फ कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार ने भारत मे शासन किया परंतु जनता को धोखा देने का नीति तो कांग्रेस



का मुख्य एजेंडा है।जिसको अब जनता बखूबी समझ गए हैं। भारतीय जनता पार्टी की विकास नीति पर आम जनता को पूर्ण भरोसा है। जिसका जीता जागता उदाहरण कोरोना वैक्सीन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आगामी पांच वर्षों तक मुफ्त राशन, शौचालय योजना, जनधन योजना, नल-जल योजना, पीएम किसान योजना के तहत प्रति वर्ष छः हजार रुपए सीधे किसानों के खाता में देकर मोदी जी ने किसानों को जो सम्मान किया है। मौके पर मंडल अध्यक्ष लखन उरांव, बजरंग उरांव, नजीर आलम खान, विशेश्वर प्रसाद दीन, कैलाश महतो, राजेन्द्र महतो, मोहन साहु, सूरजमोहन साहु दिलीप सिंह श्रवण मुंडा, रामपवितार सोनी विनोद रविदास सुषेण महतो कुलदीप सिंह गोविंद महतो, लाखो उरांव, सुखन उरांव, राधेश्याम लोहरा, गोविंद महतो, दीपक साहू, शिवचरण तुरी, फलिन्द्र रविदास, संजय महली, रामबुझावन गुप्ता, इत्यादि भाजपा कार्यकताओं ने जीत पर प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को बधाई दी।

# अपहरण मामले के दो आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल





आजाद सिपाही संवाददाता

**कुड़ू/ लोहरदगा ।** कुडू थाना कांड संख्या 123/23 के प्राथमिक अभियुक्त रांची जिले के चान्हो थाना अंतर्गत सोंस गांव निवासी रवि महली पिता स्व बुधराम महली और अप्राथमिक अभियुक्त बलसोकरा गांव निवासी शमीम अंसारी पिता रकीब अंसारी को कुडू थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में सोमवार को जेल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि कुडू थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की के अपहरण मामले को लेकर लड़की की मां ने कुडू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# घायल युवक को एंबुलेंस चालक ने पहुंचाया अस्पताल

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला ।** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चपका के समीप एक अज्ञात बेहोश पड़े घायल युवक को एंबुलेंस चालक ने उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज कर उसे गुमला रेफर कर दिया गया। वही एंबुलेंस चालक उसे सदर अस्पताल लेकर आया। जहां घायल युवक का इलाज चल रहा है।वही एंबुलेंस चालक ने बताया चपका के समीप सड़क किनारे युवक बेहोशी की हालत में पड़ा था। वही उसकी बाइक भी सड़क किनारे गिरा पड़ा है उसके सिर चेहरा व शरीर के अन्य हिस्से में काफी चोट लगी है। वही एंबुलेंस चालक ने बताया कि उसके जख्म का खून सूखा हुआ है जिससे प्रतीत होता है की घटना रविवार रात की ही है। उसे कोई वाहन टक्कर मार कर चला गया होगा। वहीं सदर अस्पताल में युवक की पहचान नहीं हो पाई। उसके पॉकेट में ना ही पर्स ना कोई कागज और ना ही मोबाइल मिला। लगता है कोई उसका सामान निकाल कर ले गया होगा और वह बेहोशी की हालत में ही है। उसके कान से खून का रिसाव बंद नहीं हो रहा है। इलाज कर रहे डॉक्टर ने कहा की घायल की स्थिति गंभीर है इसे रिम्स रेफर किया जाएगा।

## गुमला में कलयुगी पोते की दरिंदगी

# लाठी से पीट पीट कर दादी को मार डाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** गुमला जिला अंतर्गत पालकोट थाना स्थित बनइडेगा पाटाटांडर ग्राम निवासी अमृत एक्का ने अपने 65 वर्षीय वृद्ध सगी दादी जुलियानी एक्का के सर - माथे में लाठी से सीधा प्रहार कर हत्या कर दिया और फरार हो गया। परिजनों ने बताया कि बीते रात्रि में अमृत एक्का नशें से धुत्त होकर अपने घर पहुंचा और अपने पिता से उलझ पड़ा और लड़ाई झगड़ा करने लगा। यह देख उसकी दादी 65 वर्षीय वृद्ध महिला जूलियानी एक्का बीच बचाव करने पहुंच गई। जिसपर अमृत एक्का और भड़क गया और नशे की हालत में अपने ही पिता की जन्मदात्री और अपनी सगी दादी को उक्त कलयुगी पोते ने लाठी - डंडे से वार कर और पीट-पीटकर अपनी दादी का हत्या कर फरार होने में सफल रहा। बाद में उक्त घटना की जानकारी होते ही पालकोट थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर मृतक जूलियानी एक्का के शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया और पोस्टमार्टम के बाद उसके शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया।



# पैसा ठगे जाने का आरोप, न्याय की लगायी गुहार



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** पालकोट थाना क्षेत्र के फुटकल निवासी प्रिस्का इंदवार ने जालसाजी कर रुपए हड़पने का मामले में एसपी को ज्ञापन सौंप कर न्याय की गुहार लगाई है। ज्ञापन में कहा गया है कि उसे व उसके भाभी गोरेती तिर्की को विगत 2014 में कटहरडांड पालकोट निवासी करमा गोप व सुमित बेक उसके घर आया और उन दोनों को सिसन मिचुअल वेनेफिट इंडिया लिमिटेड बोकरो का एजेंसी बतलाकर पैसा जमा करने को कहा। जिस पर आवेदिका व उसकी भाभी ने आरोपियों को पैसा दे दी। जिसमें प्रिस्का इंदवार से तीन लाख रुपए व उसके भाभी गोरेता तिर्की से 50 हजार रुपए लिया। इसके बाद वर्ष 2019 में समय सीमा पूरा होने पर दोनों महिलाओं द्वारा बार-बार एजेंटो से रुपए मांगने पर टाल मटोल किया जा रहा है। इस संबंध पर आवेदिका ने अपने पैसा की वापसी व कार्रवाई करने का मांग की है।

# ग्रामीणों ने भारत को विकसित राष्ट्र का लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रेडवा पंचायत में सोमवार को शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्य अतिथि विधायक जिग्गा सुसारन होरो, पुर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव व एसडीओ राजीव नीरज उपस्थित हुए। शिविर में 80 वृद्धों को कंबल व 40 लोगों के बीच धोती-साड़ी, लुंगी वितरण सहित विभिन्न विभागों द्वारा परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

शिविर में अबुआ आवास योजना के 619, मनरेगा के 216, विरसा सिंचाई कूप संवर्धन के 10, आयुष्मान कार्ड के 27, पेंशन के 29, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 83, सावित्री बाई फुले के 26, केसीसी के 22, गुरुजी क्रेडिट कार्ड के 7,अमाधान पोर्टल नया पंजीकरण 104,संपत्ति व भुमि मापी के 20 आवेदन सहित कुल 1436 आवेदन प्राप्त हुए।

वहीं हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत रेडवा पंचायत भवन में सभी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

मौके पर प्रमुख मीना देवी, बीससूत्री अध्यक्ष सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रवि उरांव, बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रौशन खलखो, मुखिया सुभानी देवी,पंचायत समिति सदस्य कल्याणी कुमारी, बीएओ अजय कुमार साहु, बीपीओ गीता कुमारी, बीपीएम रिजवाना, आवास समन्वयक आलोक कुमार मिश्रा, सीआई अजय कुमार,पंस संत साहु, चमरु साहु सभी रोजगार सेवक, जनसेवक, राजस्व उप निरीक्षक सहित सभी विभागों के कर्मी-अधिकारी कंप्यूटर आपरेटर व ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## मीटर रीडिंग नहीं होने से लाभ से उपभोक्ता वंचित

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में विधुत विभाग द्वारा मीटर रीडिंग नही होने से बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल देने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहाँ एक ओर बिजली बिल नहीं मिलने के कारण उपभोक्ता बिल नहीं दे पा रहे है वही दूसरी ओर उपभोक्ताओं को सरकार के 100 यूनिट फ्री बिजली योजना का लाभ भी नही मिल पा रहा है। लंबे समय तक बिजली मीटर रीडिंग नही होने और एक ही बार अनेक महीनों का बिल आने से 100 यूनिट से अधिक बिजली रीडिंग होगी जिससे उपभोक्ताओं को सरकार के योजना का लाभ नही मिल पायेगा।इस सम्बन्ध कामडारा विधुत प्रमंडल के अभियंता कंचन टूंडू ने कहा कि बिजली एजेंसी चेंज हुआ है जिसके कारण रीडिंग नही हो पा रहा है लेकिन इस मंथ से शुरू हो जाएगा।

# डीएवी गुमला ने टीसीआइ गोविंदपुर को 6-0 हराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल में डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के अंतर्गत कलस्टर स्तर की अंडर 14 बालक वर्ग का पहला फुटबॉल मैच टीसीआई गोविंद पुर और सिमडेगा के बीच खेला गया। जिसमें टीसीआई गोविंदपुर की टीम ने 6-0 के अंतराल से मैच जीत लिया। वहीं बालक वर्ग के अंडर 19 मैच डीएवी कपिलदेव और सिमडेगा के बीच खेला गया। जिसे डीएवी कपिलदेव ने पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 के अंतराल से जीत लिया। अंडर 19 की बालिका वर्ग की फाइनल फुटबॉल मैच डीएवी गुमला और टीसीआई गोविंदपुर के बीच खेला गया जिसे डीएवी गुमला ने पेनाल्टी शूटआउट में 1-0 के अंतराल से जीत लिया। अंडर 14 के बालक वर्ग फाइनल फुटबॉल मैच डीएवी गुमला और गोविंदपुर के बीच खेला गया जिसे टीसीआई गोविंदपुर ने 1-0 के अंतराल से जीत लिया। वहीं अंडर 17 बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला टीसीआई गोविंदपुर और डीएवी गढ़वा के बीच खेला गया जिसे टीसीआई गोविंदपुर ने 2 -1 के अंतराल से जीत लिया। बेडमिंटन की अंडर 19 की फाइनल प्रतियोगिता डीएवी कपिलदेव और डीएवी गुमला के मध्य खेला गया जिसे डीएवी कपिलदेव ने जीत लिया। अंडर 14 बेडमिंटन का फाइनल मैच डीएवी लोहरदगा और सिमडेगा के बीच खेला गया जिसे लोहरदगा ने जीत लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ रामाकांत साहू जी ने सभी विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और राज्य स्तर के सभी मैचों की तैयारी परिश्रम के साथ करने की सलाह दी और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। बताते चलें कि सभी विजयी प्रतिभागियों को कल समापन समारोह में अतिथि के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## पेड़ से गिर कर युवक हुआ घायल

**गुमला (आजाद सिपाही) ।** सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत कसीरा गांव निवासी 27 वर्षीय आनंद रौतिया गांव में शुक्रवार को बकरी चराने गया था वही एक पेड़ में चढ़कर बकरियों के खाने के लिए पत्ता तोड़ रहा था तभी पेड़ से फिसल कर मुंह के बल वह जमीन पर गिर गया और बेहोश हो गया वही शाम को सभी बकरियां घर लौटी लेकिन युवक घर नहीं पहुंचा तब शुक्रवार की रात परिजन उसे ढूंढने निकले और एक पेड़ के नीचे उसे बेहोशी की हालत में पाया इसके बाद उसे घर लाया गया लेकिन घर में कोई मर्द नहीं होने के कारण उसे दो दिनों तक इलाज के लिए अस्पताल नहीं लाया जा सका इसके बाद घायल की पत्नी ने अपने रिश्तेदारों को बुलाया और उसे सदर अस्पताल भर्ती कराया गया वहीं उसके चेहरा व शरीर में काफी चोट लगी है और वह बात नहीं कर रहा है सिर्फ इशारा से बात करता है

# गुमला में 8 व 9 दिसंबर को लगेगा पुस्तक मेला

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले में पुस्तक प्रेमियों , पाठकों एवं विद्यार्थियों के लिए एक बेहतरीन अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के प्रयासों से झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में एवं ₹सिकछा कर भेंट₹ गतिविधि के तहत जिले में प्रथम पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारी अपनी अंतिम चरण पर है। आगामी 8 एवं 9 दिसंबर को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में आयोजित दो दिवसीय पुस्तक मेले में सैंकड़ों पुस्तके देखने को मिलेगी। जिसमें बेहतरीन प्रकाशकों के सिलेबस की किताबों के साथ साथ साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों से संबंधित भी सभी किताबे देखने को मिलेगी। जिला शिक्षा अधीक्षक मो.वसीम अहमद द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार इस पुस्तक मेले में 13 गेस्ट स्पीकर एवं 13 प्रकाशक शामिल होंगे, इसके अलावा अन्य गेस्ट स्पीकर्स से भी संपर्क स्थापित किया जा रहा हैं। इस पुस्तक मेले से जिले के स्कूल ऑफ एक्सीलेंस एवं अन्य मॉडल स्कूलों के लिए प्रस्तावित पुस्तकालयों के लिए पुस्तकों का भी क्रय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुस्तक मेले में देश भर के प्रमुख प्रकाशक, विभिन्न भाषाओं के लेखक एवं झारखंड के बड़े पुस्तक विक्रेताओं को इस दो दिवसीय पुस्तक मेले के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि पुस्तक मेले में सभी के लिए प्रवेश निः शुल्क रहेगा। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जानकारी दी कि जिले में पुस्तक मेले के आयोजन करने के पीछे का मुख्य उद्देश्य है कि जिले के पाठकों, विद्यार्थियों एवं जिले के विभिन्न क्षेत्र के नागरिकों के बीच पुस्तक पढ़ने की रुचि को जागृत करना है। इस पुस्तक मेले में सभी प्रकार के पाठकों के लिए पुस्तकों को शामिल किया जाएगा जिसमें विभिन भाषाओं और विषयों के साहित्य पर पुस्तके, पाठ्यक्रम ( स्कूल और कॉलेज), तथा प्रतियोगिता परीक्षा की भी पुस्तके इस पुस्तक मेले में उपलब्ध होंगी। बताते चलें कि पुस्तक मेले में एक विशेष पैनल डिस्कशन सेशन का भी आयोजन किया जा रहा है , जहां गेस्ट स्पीकर्स अपने विचारों को सभी के समक्ष साझा करेंगे जिसका सीधा प्रसारण भी यूट्यूब चैनल एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए किया जाएगा।

## पुलिस ने 54 पीस ऑनरेक्स कप सिरप किया बरामद

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर में प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बिक्री का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसा ही मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। गुमला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आजाद बस्ती स्थित मो. साहिल के घर में छापेमारी की। छापेमारी में उसके घर से 54 पीस ऑनरेक्स कप सिरप बरामद किया है। उक्त घर में पुलिस ने पानी के सिंटैक्स के अंदर से एक स्कूल बैग में बरामद किया है।जानकारी प्रभारी थानेदार सुदामा राम ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रजा कॉलोनी निवासी मो. साहिल के घर में प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बिक्री की जाती है। इसके बाद थाना की पुलिस घर पहुंच पूरे घर को खंगाला लेकिन नशीली दवा नहीं मिला। जिसके बाद छत में रखे सिंटेक्स की तलाशी लेने पर वहां से एक बैग में 54 पीस सिरप बरामद किया।

# गुमला पॉलिटेक्निक में हुआ सेमिनार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** स्थानीय गुमला पॉलिटेक्निक के सभागार में 'माई जर्नी ऑफ लर्निंगः इंडिया टू यूएसए' शीर्षक पर एक प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मेम्फिस विश्वविद्यालय (टेनेसी, अमेरिका) के फोगेलमैन कॉलेज में विपणन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुभाष झा ने सभा में उपस्थित छात्र-छात्रावों एवं शिक्षकों को सम्बोधित किया` यह कार्यक्रम वैश्विक शैक्षणिक परिदृश्य में अपना रास्ता बनाने के इच्छुक छात्रों के लिए प्रेरणा और ज्ञान के स्रोत के रूप में सामने आया। सेमिनार की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष झा, संस्था के निदेशक अभिजित कुमार, प्राचार्य डॉ शीबा नारायण साहू एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया । इसके बाद सभा को संबोधित करते हुए डॉ सुभाष झा ने भारत से संयुक्त राज्य अमेरिका तक की अपनी अविश्वसनीय यात्रा के बारे में अंतर्दृष्टि साझा की, जिसमें चुनौतियों, विजय और शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने विपणन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के क्षेत्र में अपने विशाल अनुभव को साझा किया, छात्रों के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा की और उन्हें वास्तविक जीवन परिदृश्यों में इन अवधारणाओं को कैसे लागू किया जाए, इस पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की। सेमिनार में केस स्टडीज और समूह चचाएं भी शामिल थीं, जिससे प्रतिभागियों को विषय की बेहतर समझ हासिल करने में मदद मिली।

## महिला ने दुर्व्यवहार और मारपीट करने का लगाया आरोप

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत तिर्रा केमताटोली गांव निवासी उदासन नाग कि पत्नी रजनी टोप्पो ने बसिया थाने में एक आवेदन देकर बसिया थाने के एएसआई विनोद टोप्पो द्वारा दल बल के साथ होटल में आकर दुर्व्यवहार करने और ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी को दिए आवेदन में रजनी टोप्पो ने कहा है कि रविवार शाम लगभग 5 मेरे होटल में एक ट्रक ड्राइवर चाऊमीन खाने आया था तभी विनोद टोप्पो पुलिस बल के साथ मेरे होटल में आए और ट्रक ड्राइवर को लात घुसे से मारते हुए ट्रक ड्राइवर से गाली गलौज करने लगे।वहीं मेरा हाथ पकड़ कर मुझसे मोबाईल छीनने लगे एव मेरी बेटी के साथ अभद्र व्यवहार कर मार पिट करने कि बात कहीं। रजनी ने कहा कि इससे पूर्व भी 16 नवम्बर को एक ट्रक द्वारा मेरे होटल को छत्तीग्रस्त कर दिया गया था।

# केओ कॉलेज गुमला में अभूतपूर्व रहा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस

डॉ प्रसनजीत मुखर्जी की कलम से



केओ कॉलेज गुमला में संपन्न दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन काफी दिलचस्प रहा। सम्मेलन का विषय एथनो बॉटनी एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी एंड मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च संपन्न हुआ। कई मायनों में यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन अभूतपूर्व छाप छोड़ने के अलावा कई सीख के साथ अनेकों क्षेत्रीय राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर जनमानस युवाओं, छात्र छात्राओं महिलाओं, वैध, जनजातीय समुदाय आदि समूहों को जागरूकता उत्पन्न कर गया। सबसे पहले तो झारखंड के अत्यंत सुदूर जिले के कॉलेज में इस तरह के अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन ही एक कठिन कार्य प्रतीत हो रहा था जिसमें आयोजकों ने अपनी महत्व भूमिका निभाकर न सिर्फ इस कॉलेज साथ ही गुमला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर ला खड़ा किया बल्कि आयोजन के प्रति बाहर से आए हुए मेहमानों की प्रशंसा भी बटोरी।




बताना होगा कि यहां कनाडा, श्रीलंका जैसे देशों के वैज्ञानिकों की भागीदारी रही साथ ही देश के नामचिन संस्थानों जैसे बोटनिकल सर्वे आफ इंडिया कोलकाता, सीएफटीआरआई मैसूर, नेशनल बोटैनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट लखनऊ, नीरी नागपुर के वैज्ञानिकों ने अपनी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं देश के 15 से अधिक राज्यों के लगभग 300 से अधिक प्रतिभागी युवा वैज्ञानिकों ने इस महा आयोजन में शिरकत किया। कॉन्फ्रेंस का आयोजन के ओ कॉलेज गुमला के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल, सोसाइटी ऑफ इथनो बोटानिस्ट लखनऊ एवं सेंटर फॉर सोशल एंड एनवायरमेंटल रिसर्च रांची द्वारा किया गया था इस अवसर पर झारखंड एवं देश-विदेश के सामाजिक, शैक्षणिक, विज्ञान एवं शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे वैज्ञानिकों एवं समाज सेवायों को सम्मानित भी किया गया।

उद्घाटन सत्र में जहां राज्यपाल के शैक्षिक सलाहकार एवं महान शिक्षाविद प्रोफेसर ई बाला गुरुसामी बतौर मुख्य अतिथि गुमला कॉलेज में इस आयोजन को एक बेहतरीन आयोजन बताया। वहीं कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने इस महा आयोजन को कॉलेज एवं विश्वविद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। साथ ही राज्यपाल के विशेष कार्य प्राधिकारी श्री संजीव कुमार ने इसे बेहतर आयोजन के साथ-साथ मिल का पत्थर बताया अन्य अतिथियों में नेशनल बोटनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट लखनऊ के डॉ मंजूषा श्रीवास्तव एवं डॉ अनिल कुमार गोयल ने आयोजन को सफल बताया और इस सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में आयोजन के लिए आयोजन समिति की प्रशंसा की।

पहले दिन 29 नवंबर को 100 से ज्यादा शोधार्थी एवं वैज्ञानिकों ने चार तकनीकी सत्र में 100 से ज्यादा शोध पत्र प्रस्तुत किया साथ ही स्थानीय एवं बाहर के आए हुए कलाकारों ने बेजोड़ समां बांधा और प्रतिभागियों का मनोरंजन की किया। दूसरे दिन 30 नवंबर को भी 3 तकनीकी सत्र, 2 ओरल सत्र में लगभग 40 शोध प्रश्न प्रस्तुत किया गया वहीं, एक पोस्टर सत्र में लगभग 20 पोस्टर प्रस्तुत किए गए। समापन समारोह में कार्तिक उरांव की पुत्री एवं पूर्व शिक्षामंत्री गीताश्री उरांव बतौर मुख्य अतिथि ने भी कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय आयोजन पड़ाव नहीं होना चाहिए बल्कि इसे एक शुरूआत की तरह देखा जाना चाहिए यह एक बेहतर पहल है वहीं विशिष्ट अतिथि वन उत्पादकता संस्थान के निदेशक डॉ अमित पांडेय ने कहां की आयोजन में तीन संस्थाओं को एक साथ मिलकर कार्य करना बेहतर प्रतीत होता है आज का दौर सहभागिता का है किसी भी कार्य अथवा शोध के लिए सहभागिता एवं साझेदारी आवश्यक है जो इस आयोजन में दिखाई दिया।

आयोजन समिति ने प्रतिभागियों के लिए ठहरने के लिए वन उत्पादकता संस्थान रांची, अराउस गुमला, सितारा गुमला, परिसदन गुमला, मत्स्य विद्यालय में ठहरने का इंतजाम किया था। इस आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो ए जे खालको के अलावा तमाम शिक्षकों, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिंहा एवं राजपाल भवन ने कोई कसर नहीं छोड़ी। अक्ष टेंट हाउस ने लाइट, टेंट एवं साउंड को बेहतर प्रबंधन किया वहीं कैटरर्स अतुल मुखर्जी ने प्रतिभागियों को स्वादिष्ट भोजन करवाया। जिसकी भूरी भूरी प्रशंसा हुई। कॉन्फ्रेंस के आयोजन सचिव डॉ प्रसंजीत मुखर्जी के बेहतर प्रबंधकीय कौशल की झलक इस आयोजन के दौरान दिखाई दिया।

## सरसोत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरसोत अंतर्गत रा.ऊ.म. के मैदान में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान अकांक्षी प्रखण्ड कॉर्डिनेटर प्रणव कुमार सिंह, एमओ ब्रजेश कुमार, जीप सदस्य मंजू देवी और मुखिया विनय कुमार सिंह आदि के द्वारा संयुक्त रूप से परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में 15 स्टॉल के माध्यम से लगभग सभी योजनाओं से करीब 600 आवेदन प्राप्त हुए। विदित हो कि कार्यक्रम में अधिकतर अबुआ आवास योजना के लिए ग्रामीण आवेदन दे रहे हैं। इस दौरान जीप सदस्य प्रतिनिधि राजेश राम, प्रधान सहायक सरयु बैग, पंस विनोद रवि, निरंजन सिंह, एचएम अर्जुन राम, रोजगार सेवक अशोक कुमार, दिलीप चंद्रवंशी, पूर्व मुखिया सुरेश चौधरी, फुटुक कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, जितेंद्र प्रजापति, बालकुमार राम सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## बाइक के धक्के से एक व्यक्ति घायल

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद के देवरी ओपी थाना क्स्रेत्र के सोनपुरवा गांव के समीप रविवार की रात बाइक के धक्के से एक व्यक्ति घायल हो गया, घायल व्यक्ति को रात्रि में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति हैदरनगर के सजवन गांव निवासी 40 वर्षीय सत्येंद्र मेहता है, जो शाम को पैदल चल कर गेहूं पिसवाने जा रहे थे उसी क्रम में बाइक ने टक्कर मार दिया, जिससे घायल हो गया।

# आदिवासियों की जमीन छीनने नहीं दी जायेगी : डॉ शशिभूषण

## पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता सुदूरवर्ती गांव डेमा पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी (पलामू)।** पांकी विधायक डां शशिभूषण मेहता ने सोमवार को डेमा गांव पहुंच लोगों से हालचाल जाना। इस दौरान कई ग्रामीण जमींदार और वनकर्मियों के रवैये से आजिज होकर बोलने में फफक कर रोने लगे। राजस्व गांव डेमा में पचीस -तीस घर चेरो,उरांव,भुइयाँ,कोइरी जाती के लोग निवास करते हैं। ग्रामीण विनय सिंह ने कहा कि तीन पीढ़ी से इस गांव में इसी जमीन पर रहते आ रहे है। लेकिन वन विभाग के कर्मी द्वारा उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि डेमा गांव से ग्रामीणों को उजाड़ने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। तीन चार पीढ़ियों से रहते आ रहे प्रतिमा देवी, सुनीता कुंवर, बासमती देवी, बिफनी देवी, मोहन उरांव, बिरेन्द्र सिंह, सरिता देवी, तुलसी भुइयां, विशुनदेव उरांव, सुदामा सिंह मालती देवी सहित कई लोगों को वन विभाग के कर्मी उजाड़ना चाहते हैं। आदिवासियों को लाचार करने वाली राज्य सरकार आदिवासियों के साथ अत्याचार कर रही है। विधानसभा सत्र में आदिवासियों को पट्टा दिलाने के लिए आवाज उठाई जायेगी। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि जान देंगे पर जमीन नहीं देंगे।

## डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स वॉलीबॉल महाकुंभ का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के क्रीड़ांगन में चल रहे डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2023 के अंतर्गत वॉलीबॉल महाकुंभ का समापन हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि कर्नल अमिताभ मुखर्जी कमांडिंग ऑफिसर 44वां बटालियन एनसीसी पलामू थे।

विशिष्ट अतिथि संजीव श्रीवास्तव प्राचार्य डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज डाल्टनगंज, डां जयकुमार नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक सह सदस्य स्थानीय प्रबंधन समिति एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज, पीपी गुप्ता प्राचार्य गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, राकेश भरुचि प्राचार्य एलिट पब्लिक स्कूल, अश्लेष पांडे प्राचार्य रोटरी पब्लिक स्कूल, राहुल सिंह प्राचार्य ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल, बीजू जोसेफ प्राचार्य हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल मेदिनीनगर, उमेश उरांव अभिभावक प्रतिनिधि, दुर्गा प्रसाद जौहरी अध्यक्ष वालीबॉल एसोसिएशन पलामू मुख्य रूप से उपस्थित थे।

इस प्रतियोगिता में 14 वर्ष आयु में बालक वर्ग में प्रथम स्थान डीएवी पब्लिक स्कूल कथारा, द्वितीय स्थान डीएवी स्वांग तथा तृतीय डीएवी डाल्टनगंज ने प्राप्त किया। 14 वर्ष आयु बालिका वर्ग में प्रथम स्थान डीएवी पब्लिक स्कूल स्वांग, द्वितीय स्थान डीएवी डाल्टनगंज ने प्राप्त किया। इस वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी राजन यादव डीएवी कथारा एवं बालिका वर्ग में भारती कुमारी डीएवी स्वांग चुनी गयी।

17 वर्ष आयु बालक वर्ग में प्रथम स्थान डीएवी पब्लिक स्कूल कथारा, द्वितीय डीएवी बोकारो एवं तृतीय स्थान डाल्टनगंज ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान डीएवी पब्लिक स्कूल कथारा, द्वितीय बोकारो सेक्टर 4 एवं तृतीय स्थान डीएवी डाल्टनगंज ने प्राप्त किया। 19 वर्ष आयु वर्ग बालक वर्ग में प्रथम स्थान डीएवी पब्लिक स्कूल कथारा, द्वितीय स्थान स्वांग तथा तृतीय स्थान डीएवी पब्लिक स्कूल ढोरी ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान डीएवी पब्लिक स्कूल सावांग, द्वितीय डीएवी भंडारीदह तथा तृतीय डाल्टनगंज ने प्राप्त किया।

इन सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए मेजबान विद्यालय के प्राचार्य डां जीएन खान ने कहा कि आपने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए उत्तम खेल दिखाए। मैं सभी विजेताओं को बधाई देता हूं। उन्होंने बताया कि इस टूनामेंट में झारखंड के विभिन्न जिलों से 13 टीमो ने 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग में भाग लिया । जिसमें कुल 220 बालक बालिकाओं ने भाग लिया। डी ए वी के 60 लाख पूर्ववर्ती छात्र हैं, जो अनेक क्षेत्रों में देश की सेवा कर रहे हैं ।

## पूर्व सैनिकों ने मनाया नौसेना दिवस



नौसेना के पूर्व लेफ्टिनेंट को सम्मानित करते पूर्व सैनिक।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद स्थित कार्यालय में क्षेत्र के सभी पूर्व सैनिकों ने आज नौसेना दिवस मनाया। इस अवसर पर सभी ने वीर शहीद जवानों को नमन करते हुए नौसेना की उपलब्धियां पर एक दूसरे को बधाई थी । बैठक कि संचालन हवलदार सुधीर सिंह ने किया एवं अध्यक्षता प्रमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित संगठन में एक मात्र नौसेना से रिटायर्ड लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद को अंग वस्त्र पुर्व सैनिक का मोमेंटो एवं फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए उन्हें सभी ने बधाई दी। कैप्टन दुखन सिंह ने कहा कि नौसेना की 1971 के लड़ाई में बहुत बड़ी भूमिका रही थी जिसमें भारतीय नौसेना के जहाजों ने कराची बंदरगाह को तहस-नहस कर दिया था। लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि आज की नौसेना में काफी बदलाव हुआ है आज भारतीय नौसेना किसी भी देश से टक्कर में लेने में सक्षम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के संरक्षक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कर्नल डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने नेवी पर विस्तार से सभी को जानकारी देते हुए तीनों सेना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ने कहा कि आज हमारा भारत के शिपयार्ड में बने नौसैनिक जहाज एवं तीनों सेनाओं के उपकरणों को देश में उपयोग हो रही है साथ ही आज के दिन हमारा देश दुसरे देशों को भी सैन्य संबंधित उपकरण देने में सक्षम है। मौके पर सूबेदार सत्येंद्र ठाकुर, महाराज सिंह, अशरफी पाल, दिलीप मेहता, उदय प्रताप सिंह, हवलदार अवध माली, प्रसाद सिंह, समाजसेवी लोकनाथ केसरी, विनोद राम समेत सैनिक के परिजन और काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने डीडीसी को ज्ञापन देकर सड़क बनवाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के लादी एवं गरदा में सड़क निर्माण की मांग को लेकर भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने उप विकास आयुक्त को ज्ञापन दिया है। जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि सड़क जनता की मूलभूत आवश्यकता है सड़क के अभाव में विकास अधूरा माना जाता है। सड़क का निर्माण विभाग एवं सरकार की जवाब देही है। गरदा एवं लादी का सड़क बदतर स्थिति में है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे आए दिन दुर्घटना का आशंका बनी रहती है। बड़े गाड़ी, स्कूल बस व राहगीरों के आवागमन में कठिनाई होती है। गरदा में भोला सिंह के घर से हरभोंगा मोड तक लगभग दो किलोमीटर तथा लादी में रामगढ़ मुख्य सड़क से लादी विद्यालय तक का लगभग दो किलोमीटर सड़क बनवाने का मांग किया है। जिला अध्यक्ष श्री पांडे ने गरदा और लादी के लिए अलग-अलग स्थानीय जनता का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन उप विकास आयुक्त को दिया है।

ज्ञापन देने वालों में जिला उपाध्यक्ष हरिनारायण, महामंत्री अरविंद पांडे, जिला कोषाध्यक्ष सुनील सिंह, राकेश शुक्ला,कमल पाठक, मोहम्मद अख्तर, पवन सोनी, शिव सेवक सिंह, दिवाकर दीक्षित, जनेश्वर सिंह, राजेंद्र दीक्षित, सुरेंद्र सिंह, अरविंद बैठा, शैलेंद्र सिंह, जितेंद्र राम, अंतु लाल रजक, रंजन सिंह, विनोद मिस्त्री, ओम प्रकाश आदि लोग शामिल थे।

## विद्यार्थियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने को लेकर शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग के निर्देश पर विदेश सिंह इंटर महाविद्यालय हैदरनगर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग्य विद्यार्थियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया की गई। शिविर में योग्य विद्यार्थियों का पंजीकरण कर संबंधित बीएलओ को अग्रसारित किया गया। विदेश सिंह इंटर कालेज के सचिव विनोद कुमार सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर मंगलवार तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर में इण्टर कॉलेज के सभी विद्यार्थियों का डाटा सत्यापन कार्य भी झारखण्ड अधिविद परिषद के निर्देश पर किया जा रहा है। सत्र 2023 -25 के लिए नियमित एवं स्वतंत्र रूप से पंजीकृत छात्र छात्राओं के पंजीयन एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने वाले छात्र- छात्राओं के डाटा सत्यापन एवं संशोधन का काम शिविर में किया गया। उन्होंने बताया कि यह शिविर मंगलवार को भी कालेज परिसर में लगाया जाएगा। शिविर में शिक्षक व कर्मचारी विकास कुमार, मनीष मिश्रा, पवन जायसवाल, रूपा कुमारी, सुनीता कुमारी, दीपक कुमार मौजूद थे।

## परिवार की संख्या बढ़े तो उन्हें स्वस्थ रहने के लिए पेड़ों की संख्या भी बढ़ानी होगी : पर्यावरण धर्मगुरु

**पर्यावरणविद ने नाती के जन्मदिन और पोती के विवाह पर बालूमाथ कस्तूरबा विद्यालय में किया पौधरोपण**

आजाद सिपाही संवाददाता




वैदिक मंत्रोचार के साथ नवरत्न पौधा स्थापना करते पर्यावरणविद व अन्य।

**मेदिनीनगर।** लातेहार जिले के बालूमाथ में पर्यावरण धर्म के तहत विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपनी पुत्री शिक्षिका ज्योति कुमारी को पुत्ररत्न प्राप्ति व पोती नैंसी की शादी के अवसर पर बालूमाथ के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में नवरत्न का पौधा लगाकर उत्सव को यादगार बनाया। पर्यावरणविद की पुत्री ज्योति कुमारी(शिक्षिका) ने तीन दिसंबर को रांची के एक निजी हॉस्पिटल में पुत्र को जन्म दिया है। जबकि नावा बाजार के राजेश जायसवाल की बच्ची नैंसी की शादी होटल निवार्णा में चतरा के मनोज जायसवाल के पुत्र अंकित के साथ संपन्न हुई है। इस अवसर पर वनरखी मूमेनट के प्रणेता कौशल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ विद्यालय में नवरत्न पौधे लगाते हुए बच्चों को पर्यावरण धर्म के साथ पर्यावरण, प्रकृति व प्रदूषण से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए उन्हें पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधा का इस्तेमाल कम से कम करने से स्वयं के साथ आने वाली पीढ़ी भी सुरक्षित रहेगी। इस शुभ अवसर पर इटखोरी मां भद्रकाली के मंदिर में चंदन और बारहमासी थाईलैंड के आम का पौधा श्री जायसवाल ने लगाया। विद्यालय के वार्डेन शिखा कुमारी ने पर्यावरण के क्षेत्र में पर्यावरणविद कौशल के द्वारा देश विदेश में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की।

जन्मदिन के अवसर पर नानी सह डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, रोहित जायसवाल, लालमन जायसवाल, शिल्पा जायसवाल और शादी समारोह में सुदामा देवी, रामा देवी, बालकिशोर प्रसाद, रमाकांत, प्रसाद, विनोद प्रसाद, अमरेश प्रसाद, शीला देवी, आकश, अरुण जायसवाल, अरविंद, कोमल कस्तूरबा विद्यालय में सहायक शिक्षिका एलिजा बेद, कुमुद टोप्पो, सुषमा कुमारी, रानी, पूनम, तानिया, सुमिता, देवंती आदि शामिल थी।

# स्पोर्ट्स



**वेस्टइंडीज का वनडे में दूसरा सबसे बड़ा रन चेज: इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया, होप ने 49वें ओवर की 4 गेंदों में 3 छक्के**

## चैंपियंस ट्रॉफी: शहीद बिरसा क्लब जोरार सेमीफाइनल में

### आज भिड़ेगी रेल एफसी कोलकाता और राजा स्पोर्ट्स बरियातू की टीम

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** शहीद बिरसा क्लब जोरार की टीम 18वीं चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टुर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गयी। सोमवार को गेतलसूद स्कूल मैदान में खेले गये बेहद रोमांचक मुकाबले में जोरार ने हेहल स्पोटिंग को सडनडेथ में 5-4 से हराया। निर्धारित समय तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर था। 36वें मिनट में हेहल के सुधीर उरांव द्वारा किये गये आत्मघाती गोल से जोरार ने बढ़त ले ली। एक गोल से पिछड़ने के बाद हेहल ने जोरार के उपर ताबड़तोड़ हमला जारी रखा। इसी बीच दोनों टीमों को गोल करने के दो दो आसान अवसर मिला। लेकिन निशाना चूक गया। मध्यांतर तक जोरार एक गोल से आगे रही। दूसरे हाफ में हेहल ने वापसी की और शंकर उरांव ने 50वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। पेनाल्टी शूट आउट में दोनों टीमों दो दो गोल ही कर सकी। सडनडेथ में जोरार ने बाजी मार ली। जोरार की तरफ से पेनाल्टी शूट आउट में तीन शानदार बचाव करने वाले गोलची तरूण महतो को मैन आफ दी मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के पूर्व खिजरी विस प्रत्याशी पारसनाथ उरांव व विशिष्ट अतिथि आजसू नेता आतिश कुमार महतो ने प्रदान की। 5 दिसंबर को रेल एफसी कोलकाता का मुकाबला राजा स्पोटस बरियातू के बीच होगा। पारसनाथ उरांव ने कहा कि खेल कूद जीवन का एक हिस्सा है खेल कूद से तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेन्द्र शाही मुंडा, सीइओ जैलेन्द्र कुमार, संजय नायक, उपमुखिया शंकर बैठा, जगदीश महतो, जितेन्द्र उरांव, अजय उरांव, राजन महतो, राजेश लोहरा, सौरव कुमार, गौरीशंकर मुण्डा सहित अन्य उपस्थित थे।

## दलपतपुर में अबुआ आवास के लिए ग्रामीणों ने 1200 आवेदन जमा किये

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** पिपरा प्रखंड के दलपतपुर पंचायत सचिवालय में सोमवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिए ग्रामीणों ने रूचि दिखायी। इस दौरान ग्रामीणों ने सर्वाधिक 1200 आवेदन जमा किये। इससे पहले बीडीओ अनीता केरकेट्टा, मुखिया मीना देवी, उप प्रमुख ममता देवी, समाजसेवी राजेंद्र यादव, उपेंद्र यादव, उप मुखिया विजय भुईयां ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। वहीं सूचना और जनसंपर्क विभाग के द्वारा आये हुए कलाकारों ने नुक्कड़, नाटक और संगीत के माध्यम से लोगों को योजना से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम में अबुआ आवास सहित सभी योजनाओं से करीब 1350 आवेदन प्राप्त हुए। जबकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा 115 लोगों का जांच कर दावा दी गयी। मौके पर बीपीओ प्रभात कुमार, ब्लॉक नजीर रणजीत सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर घनश्याम प्रसाद, आवास कोऑर्डिनेटर धर्मपाल, अमित कुमार, पंचायत सेवक मुख्तार, प्रभु, एआई टेक्नीशियन संजय सिंह सहित काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण शामिल थे।

### जेल में अमन सिंह हत्या मामले की जांच करने पहुंचे जेल आइजी और सीआइडी के डीआइजी

# परिजनों ने लगाया हाई प्रोफाइल साजिश का आरोप

**परिजनों की मौजूदगी में अमन के शव का हुआ पोस्टमार्टम**







आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** गैंगस्टर अमन सिंह की जेल में हत्या के बाद उसके पिता उदय भवन सिंह और बड़े भाई अजय सिंह धनबाद पहुंचे। एसएनएमएमसीएच के मॉर्चरी में रखे अमन के शव को देख जिसके बाद परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं देर रात जेलर की लिखित शिकायत पर धनबाद सदर थाने में मामला दर्ज किया गया। हालांकि खबर लिखे जाने तक अमन जिस पिस्टल से गोली मारकर हत्या की गयी वह बरामद नहीं किया जा सका है। **पुलिसिया जांच हुई तेज, राज्य पुलिस के कई आलाधिकारी पहुंचे :** अमन सिंह की जेल हत्या मामले में पुलिसिया जांच भी तेज हो गयी है। सोमवार को जेल आईजी उमा शंकर सिंह, जेल एआईजी हामीद अख्तर, सीआईडी डीआईजी विक्रांत कुमार मिंज सहित जिले के उपायुक्त वरुण रंजन, एसडीएम उदय कुमार रजक, एसएसपी संजीव कुमार, सिटी एसपी अजित सिंह, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी सहित कई जिला प्रशासन के अधिकारी जेल पहुंचे। जेल के अंदर कई घंटों तक जांच पड़ताल किया। वहीं कई अधिकारियों का पूरे दिन जेल के अंदर आना जाना लगा रहा। हालांकि इस दौरान सभी कुछ भी कहने से परहेज करते रहे। **अमन के भाई ने कहा हाई प्रोफाइल साजिश के तहत हुई अमन की हत्या :** अमन का शव लेने लेने पहुंचे बड़े भाई अजय एसएनएमएमसीएच में पत्रकारों से कहा कि उनका भाई न्यायालय से लेकर मीडिया तक अपनी जान के खतरे को लेकर बार बार गुहार लगाता रहा। परन्तु किसी ने ध्यान नहीं दिया अंत मे उसकी हत्या कर ही दी गयी। उन्होंने कहा कि अमन की पत्नी द्वारा अमन की जान की सुरक्षा के लिए न्यायालय में भी आवेदन दिया गया था। बताया था की अमन को जहर देने की कोशिश की गयी थी। अगर उसी समय जिला प्रशासन ने ध्यान दिया होता तो शायद आज अमन जिंदा होता। अजय ने कहा कि इसे सामान्य हत्या नहीं कहा जा सकता। धनबाद जेल जैसे सुरक्षित स्थान में हत्या हो जाना सामान्य नहीं है। मेरे भाई की हत्या हाई प्रोफाइल साजिश है जिसके तहत जेल में उसे गोलियों से छलनी कर दिया गया। **मेडिकल बोर्ड की मौजुदगी में हुआ पोस्टमार्टम, अमन के शव को ले गये परिजन :** सोमवार की सुबह अमन सिंह के पिता और बड़े भाई के एसएनएमएमसीएच पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू हुई। मेडिकल बोर्ड और मजिस्ट्रेट की निगरानी में अमन के शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम में 10 गोली लगने की बात कही जा रही है। शव के पोस्टमार्टम के बाद शाम को उसके परिजन उत्तर प्रदेश लेकर चले गये। जबकि अमन सिंह का सामान पुलिस ने जब्त कर रखा है उसे परिजनों को नहीं दिया गया है। **अमन को जेल में गोली मारने वाला बाइक चोरी के आरोप में था जेल में बंद :** जेल में अमन को गोली मारने वाले के रूप में सुंदर महतो की पहचान की गयी है। बीते 25 नवंबर को मुनीडीह ओपी क्षेत्र से पुलिस ने उसे बाइक चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। हालांकि चर्चा यह भी है कि सुंदर महतो उत्तर प्रदेश का वांटेड क्रिमिनल है। और उसने बीते दिनों अपना ठिकाना बोकारो बनाया था और वहीं रहकर सुंदर महतो के नाम से अपना फर्जी आधार कार्ड भी बनवाया था।

### रात में ड्यूटी पर निकला सिक्यूरिटी गार्ड की हुई संदेहास्पद मौत

# शव के साथ परिजन व ग्रामीण प्रदर्शन कर मांग रहे हैं नियोजन व मुआवजा

**प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे विशाल महतो ने कहा कि कंपनी मृत कर्मी के आश्रित को नियोजन और 17 लाख रुपये मुआवजा दे।**





आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** निचितपूर डेको आउटसोर्सिंग कंपनी में रात्रि सुरक्षा प्रहरी की जिम्मेदारी संभाल रहे कोबरा सेंटिनल प्रा लि के 45 वर्षीय महेश सिंह नामक कर्मी बांसजोड़ा कंपनी कैंप के रास्ते में सोमवार की अहले सुबह गिरा पड़ा मिला। इलाज के लिए उसे तत्काल कतरास निचितपूर स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने महेश को मृत घोषित कर दिया। मृत कर्मी के शरीर पर चोटें है लेकिन उसकी मौत कैसे हुई है यह खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो सकेगा। विधि व्यवस्था बनाये रखने के पुलिस मौके पर कैंप किए हुए। समाचार लिखे जाने तक कंपनी का कोई भी अधिकारी वार्ता के लिए नहीं पहुंचा है। मृतक के परिजन और ग्रामीण कंपनी कार्यालय के समक्ष शव को रख कर आश्रित को नियोजन और मुआवजे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे विशाल महतो ने कहा कि कंपनी मृत कर्मी के आश्रित को नियोजन और 17 लाख रुपये मुआवजा दे। बताया जाता है कि महेश सिंह की बहाली कोबरा सेंटेनिल प्रा लि कंपनी में हुई है। यह सिक्योरिटी एजेंसी की कंपनी है जो डेको आउटसोर्सिंग कंपनी में सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह करीब छह बजे शौच के लिए लोग उधर गए तो उसे गिरा पड़ा देखा। गांव वालों को जानकारी होते ही वहां पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए ले गये। परिजन ने बताया कि वह रात में ड्यूटी पर गये थे। मृतक के दो बेटा और एक बेटी है। पत्नी निशा देवी और बच्चों को रो-रो कर बूरा हाल है। पत्नी दहाड़े मार कर रोते-रोते बेहोश हो जा रही है। वहां पर मौजूद महिलाओं ने बताया कि इसके घर में यही एक कमाने वाला व्यक्ति था। अब इसके परिवार का भरण-पोषण कौन करेगा। विरोध करने वालों में विशाल महतो, दीपक रवानी,सोनू कुमार, ढुलू महतो, उमेश सिंह, संतोष सिंह, रोहित रवानी, मंजीत रवानी, छोटू सिंह आदि शामिल है।

**महेश सिंह कोबरा सेंटिनल प्रा लि के कर्मी है। कंपनी में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि किसी तरह की घटना घटते ही मुआवजे की भुगतान किया जाए। कर्मी के आश्रित को नियमानुसार पीएफ और पेंशन मिलेगा। पीएफ और पेंशन दिलाने में कंपनी के अधिकारी सहयोग करेंगे।**

**आर के बनर्जी: आफिस इंचार्ज, कोबरा सेंटीनल प्रा. लि**

### अपराधियों ने हाइवे के नजदीक स्थित मकान में की तोड़-फोड़

# रंगदारी नहीं मिलने पर दबंग नेता के इशारे पर की जाती है तोड़फोड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र अंतर्गत महुदा-राजगंज नये बने फोरलेन सड़क के बगल में तारगा मोड़ स्थित तीन नये बने मकानों को अज्ञात अपराधियों द्वारा रात के अंधेरे में तोड़-फोड़ कर दिया गया। बताया जाता हैं कि उक्त स्थान पर तीनो मकान को देवघरा निवासी विक्की रवानी ने टाइल्स मार्बल का दुकान करने के लिये तारगा गांव के हरिपद महतो से लीज पर लिया था। वहीं इसी सप्ताह दुकान का उद्घाटन किया जाता। विक्की रवानी के अनुसार वे किसी निजी कार्य के लिये धनबाद गया हुआ था। तभी उसे स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सुचना फोन पर मिला। वहीं उन्होंने मकान मालिक को इसकी सुचना दिया, मकान मालिक सुचना पाकर उक्त स्थल पहुंचकर देखा तो मकान के तीनो कमरों के शटर और बाउंड्री वाल सहित बिजली कनेक्शन के तार को किसी ने क्षतिग्रस्त कर दिया। मकान मालिक हरिपद महतो ने घटना की सुचना महुदा थाना को दिया। सुचना पर महुदा थाना की पुलिस घटना स्थल पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दिया। वहीं मामले को लेकर मकान मालिक हरिपद महतो व विक्की रवानी ने महुदा पुलिस को घटना की लिखित शिकायत दिया। ज्ञात हो कि महुदा-राजगंज नये बने फोरलेन सड़क पर आयेदिन किसी न किसी दुकान व मकान को अपराधियों द्वारा तोड़फोड़ किया जाता हैं। सूत्रों के अनुसार महुदा से नारायण धोड़ा तक सरकारी व रैयती जमीनों पर एक दबंग राजनितिक पार्टी के नेता द्वारा जबरन अवैध कब्जा किये जाने का मामला चर्चाओं में हैं, वहीं रैयत द्वारा किसी को जमीन विक्री कर देते हैं तो उनके द्वारा रंगदारी मांगा जाता हैं, वहीं रंगदारी नहीं देने पर रात में दुकान व मकानों में तोड़फोड़ कर दिया जाता हैं। इससे लोगों के बीच भय कायम हैं।

### तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर मना जश्न



**धनसार।** मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा की बंपर जीत से उत्साहित पार्टी कार्यकर्ता जश्न में डूब गए हैं। बस्ताकोला गौशाला मोड में सोमवार की देर शाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। बस्ताकोला मंडल अध्यक्ष रामदेव शर्मा जीत से उत्साहित में 11 किलो लड्डू बांटी। बस्ताकोला मोड में मोड़ पर राहगीरों और दुकानदार के बीच मिठाई बांटकर खुशियां मनायी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ने जमकर जश्न मनाया और एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर बधाई दी। वही आमजनों के बीच मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। मौके पर पप्पू पासवान,संतोष शर्मा, तरुण राय, संतोष रवानी, रंजीत दास, चिंटू शर्मा,संजय रवानी अन्य थे।

**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी**
**–सह–उपायुक्त, खूँटी**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**

**शुद्धि पत्र**

आगामी लोकसभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव 2024 के परिप्रेक्ष्य में **मुद्रण सामग्रियों** के लिए दर निर्धारित हेतु प्रकाशित निविदा विज्ञप्ति PR **312294** (Election) 23-24 (D) अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, खूँटी

PR 312649 (Election)23-24*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या 15/JMT/2023-24, PR No. 311751 में अपरिहार्य कारण निम्न संशोधन किया जाता है। विवरणी निम्नवत है :–

| क्रमांक | कार्य का नाम | कंडिका | पूर्व में प्रकाशित कंडिका की विवरणी | संशोधित कंडिका की विवरणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Running, Repairing, Operation and Maintenance (Civil & Mechanical) excluding Raw Water & Energy Charges for Urban Water Supply Scheme Koderma under D. W. & S. Division Jhumri Telaiya for the year 2023-24 | Notes to Tenderers के कंडिका नं0 2.17 Earnest money deposit and security deposit: | The tenders must accompany the earnest money as per IFB in shape of 6 year N.S.C. VIII issue/ 3 years or 5 years post office time deposit pass-book/ Bank guarantee issued from a schedule commercial Bank (in case of firm & company only) valid for 12 months from date of opening of tender duly pledged in favor of Executive Engineer, D.W.& S. Division Jhumri Telaiya . No tender will be considered without the sufficient earnest money. The successful tenderer will have to pay 5% as security deposit on accepted value of his tender, including earnest money paid by the successful tenderer in shape of 6 year N.S.C. VIII issue/3 year or 5 year time deposit pass-book/Bank guarantee issued from a Schedule commercial Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, DW&S Division, Jhumri Telaiya . In addition to this 5% security deposit will be deducted from his on account bills. The security deposit will be released after six months of satisfactory completion of the work. | (i) Cost of Bidding documents for a Non Refundable Fee ( Cost of BOQ) and Earnest Money Deposit must be deposit online through various payment modes like Internet Banking/ NEFT/RTGS/IMPS/ Debit Card/ Credit Card till dated 02.12.2023 up to 05.00 PM. Designated Bank (SBI) Payment Gateway has been integrated with e-procurement Portal of Government of Jharkhand (http://jharkhandtenders.gov.in) (ii) Back-end transaction Matrix of Electronic Receipt and remittance of cost of tender Paper and Earnest Money Deposit on submission of bids as per mentioned in Annexure -1 vide letter No. 120 dt- 03.10.2023 by Secretary, Department of Information Technology and e-Governance ' Government of Jharkhand. |

शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

(ई0 अभय टोप्पो)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

PR 312654 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

# फुटबॉल व हैंडबॉल टूर्नामेंट संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में दो दिवसीय डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स फुटबॉल व हैंडबॉल खेल संपन्न हुआ। डीएवी जोन जी के विद्यालयों से 21 टीम 272 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें डीएवी- 6, डीएवी- 4 , डीएवी बरियातू, डीएवी एसआर पुनदाग, डीएवी कथारा डीएवी ढोरी तथा डीएवी भंडारीदह के खिलाड़ियों ने खेलकूद में बढ़ चढ़कर का भाग लिया। हैंडबॉल बालक वर्ग अंडर 19 में डीएवी 6 विजेता तथा उपविजेता डीएवी एस आर पुनदाग रहा। बालिका वर्ग अंडर 14 में डी ए वी 6 विजेता बने वहीं अंडर 17 में डीएवी सेक्टर 4 विजेता बनी, बालक वर्ग अंदर-19 हैंडबॉल में डीएवी 6 तथा अंडर 17 डीएवी सेक्टर 4 अंडर 14 डीएवी पुनदाग विजय रहे। फुटबॉल अंडर 14 बालक वर्ग में डीएवी 4 ने डीएवी ढोरी को हराकर विजेता बने। बालक वर्ग फुटबॉल अंडर 14 में डीएवी सेक्टर 4 और डीएवी ढोरी के बीच मैच खेला गया जिसमें डी ए वी सेक्टर 4 ने 2 -0 से मैच जीता। बालक वर्ग फुटबॉल अंडर 17 डीएवी बरियातू और डीएवी सेक्टर 4 के बीच खेला गया जिसमें बरियातू ने 1-0से मैच जीता। इसी प्रकार अंडर 19 बालक वर्ग फुटबॉल मैच फाइनल डीएवी 6 और डीएवी भंडारीदह के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें डीएवी भंडारीदह विजेता तथा डी ए वी 6 उपविजेता रहे । हैंडबॉल में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी डीएवी 6 के श्रेयांस परासर, भंडारीदह बिपुल मिंज बरियातू, अंकित भंडारीदह, प्रशांत, सेक्टर 4 किसांत, निशा, नंदीलाल बक्सी को मिला।

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(जिला जनसम्पर्क शाखा, समाहरणालय भवन)**

**आपकी योजना–आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम–2023**
**–: संशोधित पंचायत स्तरीय शिविर आयोजन संबंधी आम सूचना :–**

राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक–24 नवम्बर से 26 दिसम्बर, 2023 तक **"आपकी योजना–आपकी सरकार, आपके द्वार"** कार्यक्रम के तहत प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 1464, दिनांक 09.11.2023 के आलोक में हजारीबाग जिला के सभी प्रखण्डों के विभिन्न पंचायतों में निम्नलिखित **संशोधित** Schedule के अनुसार शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं :–

**1. पंचायतों में शिविर आयोजन करने की तिथि निम्नवत् है:–**

**पार्ट–2 (दिनांक 8 दिसम्बर–26 दिसम्बर, 2023 तक)**

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत का नाम | शिविर आयोजन की संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 120 | ईचाक | पुराना ईचाक | 09.12.23 |
| 121 | ईचाक | बरकाकला | 11.12.23 |
| 122 | ईचाक | बरकाखुर्द | 13.12.23 |
| 123 | ईचाक | डाड़ीघाघर | 15.12.23 |
| 124 | ईचाक | आलौंजाखुर्द | 18.12.23 |
| 125 | ईचाक | डाढ़ा | 20.12.23 |
| 126 | ईचाक | दरिया | 21.12.23 |
| 127 | ईचाक | देवकुली | 22.12.23 |
| 128 | ईचाक | मंगुरा | 23.12.23 |
| 129 | ईचाक | करियातपुर | 26.12.23 |
| 130 | बरकट्ठा | चेचकपी | 09.12.23 |
| 131 | बरकट्ठा | बरकट्ठा दक्षिणी | 11.12.23 |
| 132 | बरकट्ठा | बरकट्ठा उत्तरी | 14.12.23 |
| 133 | बरकट्ठा | बेलकपी | 20.12.23 |
| 134 | बरकट्ठा | शिलाडीह | 22.12.23 |
| 135 | बरकट्ठा | गोरहर | 26.12.23 |
| 136 | बरही | दुलमाहा | 09.12.23 |
| 137 | बरही | कोल्हुआकला | 11.12.23 |
| 138 | बरही | भण्डारो | 12.12.23 |
| 139 | बरही | डपोक | 13.12.23 |
| 140 | बरही | बिजैया | 15.12.23 |
| 141 | बरही | मलकोको | 16.12.23 |
| 142 | बरही | रानीचुंआ | 18.12.23 |
| 143 | बरही | बरसोत | 21.12.23 |
| 144 | बरही | करियातपुर | 22.12.23 |
| 145 | बरही | धनवार | 23.12.23 |
| 146 | बड़कागॉंव | गोंदलपुरा | 08.12.23 |
| 147 | बड़कागॉंव | बादम | 09.12.23 |
| 148 | बड़कागॉंव | हरली | 11.12.23 |
| 149 | बड़कागॉंव | चेपाकला | 12.12.23 |
| 150 | बड़कागॉंव | नयाटांड़ | 13.12.23 |
| 151 | बड़कागॉंव | चोपदारबलिया | 14.12.23 |
| 152 | बड़कागॉंव | नापोखुर्द | 15.12.23 |
| 153 | बड़कागॉंव | तलसवार | 16.12.23 |
| 154 | बड़कागॉंव | आंगो | 18.12.23 |
| 155 | बड़कागॉंव | पोटंगा | 20.12.23 |
| 156 | बड़कागॉंव | सिरमा | 22.12.23 |
| 157 | बड़कागॉंव | उरीमारी | 23.12.23 |
| 158 | बड़कागॉंव | गरसुला | 26.12.23 |
| 159 | केरेडारी | गरीकला | 09.12.23 |
| 160 | केरेडारी | पचड़ा | 12.12.23 |
| 161 | केरेडारी | कराली | 14.12.23 |
| 162 | केरेडारी | केरेडारी | 16.12.23 |
| 163 | केरेडारी | पेटो | 18.12.23 |
| 164 | केरेडारी | सलगा | 19.12.23 |
| 165 | केरेडारी | कण्डाबेर | 21.12.23 |
| 166 | केरेडारी | बुण्डू | 22.12.23 |
| 167 | केरेडारी | पताल | 23.12.23 |
| 168 | कटकमसाण्डी | कंचनपुर | 09.12.23 |
| 169 | कटकमसाण्डी | पेलावल दक्षिणी | 11.12.23 |
| 170 | कटकमसाण्डी | कटकमसाण्डी | 13.12.23 |
| 171 | कटकमसाण्डी | ढौठवा | 14.12.23 |
| 172 | कटकमसाण्डी | आराभुसाई | 21.12.23 |
| 173 | कटकमसाण्डी | बाझा | 22.12.23 |
| 174 | कटकमसाण्डी | रेबर | 26.12.23 |
| 175 | कटकमदाग | कुसुम्भा | 08.12.23 |
| 176 | कटकमदाग | ढेंगुरा | 18.12.23 |
| 177 | कटकमदाग | खपरियावां | 19.12.23 |
| 178 | कटकमदाग | बेस | 20.12.23 |
| 179 | कटकमदाग | नवादा | 23.12.23 |
| 180 | विष्णुगढ़ | नवादा | 08.12.23 |
| 181 | विष्णुगढ़ | बकसपुरा | 09.12.23 |
| 182 | विष्णुगढ़ | मड़मो | 11.12.23 |
| 183 | विष्णुगढ़ | सिरय | 12.12.23 |
| 184 | विष्णुगढ़ | जोबर | 13.12.23 |
| 185 | विष्णुगढ़ | गाल्होवार | 14.12.23 |
| 186 | विष्णुगढ़ | नागी | 15.12.23 |
| 187 | विष्णुगढ़ | नरकी | 16.12.23 |
| 188 | विष्णुगढ़ | खरकी | 18.12.23 |
| 189 | विष्णुगढ़ | भेलवारा | 19.12.23 |
| 190 | विष्णुगढ़ | गोविन्दपुर | 20.12.23 |
| 191 | विष्णुगढ़ | कुसम्भा | 21.12.23 |
| 192 | विष्णुगढ़ | गैड़ा | 22.12.23 |
| 193 | विष्णुगढ़ | अलपिटो | 23.12.23 |
| 194 | विष्णुगढ़ | बरॉय | 26.12.23 |
| 195 | पदमा | पदमा | 16.12.23 |
| 196 | पदमा | सूर्यपुरा | 20.12.23 |
| 197 | पदमा | बंदरबेला | 21.12.23 |
| 198 | पदमा | रोमी | 23.12.23 |
| 199 | पदमा | बिहारी | 26.12.23 |
| 200 | सदर हजारीबाग | सिंघानी | 08.12.23 |
| 201 | सदर हजारीबाग | मोरांगी | 09.12.23 |
| 202 | सदर हजारीबाग | भेलवारा | 11.12.23 |
| 203 | सदर हजारीबाग | करवेकला | 15.12.23 |
| 204 | सदर हजारीबाग | सिलवारकला | 16.12.23 |
| 205 | सदर हजारीबाग | अमनारी | 18.12.23 |
| 206 | सदर हजारीबाग | मेरू | 20.12.23 |
| 207 | सदर हजारीबाग | हुटपा | 23.12.23 |
| 208 | सदर हजारीबाग | चुटियारो | 26.12.23 |
| 209 | डाड़ी | मिश्राईनमोढा | 08.12.23 |
| 210 | डाड़ी | रेलिगढा पूर्वी | 15.12.23 |
| 211 | डाड़ी | रेलिगढा प0 | 18.12.23 |
| 212 | डाड़ी | गिद्दी 'ख' | 19.12.23 |
| 213 | डाड़ी | गिद्दी 'क' | 20.12.23 |
| 214 | डाड़ी | टोंगी | 21.12.23 |
| 215 | डाड़ी | गिद्दी 'ग' | 23.12.23 |
| 216 | दारू | रामदेव खरिका | 08.12.23 |
| 217 | दारू | हरली | 14.12.23 |
| 218 | दारू | दिगवार | 16.12.23 |
| 219 | दारू | दारू | 18.12.23 |
| 220 | दारू | कविलासी | 22.12.23 |
| 221 | दारू | ईरगा | 23.12.23 |
| 222 | चौपारण | जगदीशपुर | 08.12.23 |
| 223 | चौपारण | पाण्डेयबारा | 09.12.23 |
| 224 | चौपारण | पडरिया | 11.12.23 |
| 225 | चौपारण | चोरदाहा | 12.12.23 |
| 226 | चौपारण | बसरिया | 13.12.23 |
| 227 | चौपारण | बरहमौरिया | 14.12.23 |
| 228 | चौपारण | बेलाही | 15.12.23 |
| 229 | चौपारण | रामपुर | 16.12.23 |
| 230 | चौपारण | सेलहराकला | 18.12.23 |
| 231 | चौपारण | दैहर | 19.12.23 |
| 232 | चौपारण | डेबो | 20.12.23 |
| 233 | चौपारण | झापा | 21.12.23 |
| 234 | चौपारण | बच्छई | 22.12.23 |
| 235 | चौपारण | गोबिन्दपुर | 23.12.23 |
| 236 | चौपारण | सिंघरावॉं | 26.12.23 |
| 237 | चुरचू | चरही | 09.12.23 |
| 238 | चुरचू | इन्दरा | 13.12.23 |
| 239 | चुरचू | हेन्देगढ़ा | 22.12.23 |
| 240 | चुरचू | जरबा | 26.12.23 |
| 241 | चलकुशा | सुदन | 08.12.23 |
| 242 | चलकुशा | सलैयडीह | 11.12.23 |
| 243 | चलकुशा | खरगु | 12.12.23 |
| 244 | चलकुशा | चलकुशा | 14.12.23 |
| 245 | चलकुशा | मनैया | 18.12.23 |
| 246 | चलकुशा | मस्केडीह | 20.12.23 |
| 247 | चलकुशा | चौबे | 23.12.23 |
| 248 | टाटीझरिया | धरमपुर | 08.12.23 |
| 249 | टाटीझरिया | बेड़म | 11.12.23 |
| 250 | टाटीझरिया | झरपो | 13.12.23 |
| 251 | टाटीझरिया | डूमर | 15.12.23 |
| 252 | टाटीझरिया | डहरभंगा | 22.12.23 |
| 253 | टाटीझरिया | टाटीझरिया | 23.12.23 |

**2. हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्ड में शिविर आयोजन करने की तिथि निम्नवत् है:–**

| क्र0 | वार्ड सं0 | शिविर आयोजन केन्द्र/मोहल्ला का नाम | शिविर आयोजन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 7 | 18, 19 | आर0ई0ओ0 कार्यालय, इन्द्रपुरीचौक | 08.12.23 |
| 8 | 23, 24 | कदमा–2, नावाटॉंड़ | 12.12.23 |
| 9 | 25, 26 | कुम्हारटोली पारनाला | 15.12.23 |
| 10 | 27, 28 | बिहारी गर्ल्स स्कूल | 18.12.23 |
| 11 | 29, 30 | हरिनगर | 20.12.23 |
| 12 | 31, 32 | खिरगॉंव मोमिन स्कूल | 22.12.23 |
| 13 | 35, 36 | वार्ड विकास केन्द्र, हुरहुरू | 23.12.23 |
| 14 | 33, 34 | सिरसी भुईयॉं टोली | 26.12.23 |

नोट :– इस संबंध में पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन (पीआर 311118) को इस हद तक संशोधित समझा जाय।
उपरोक्त तिथियों को आयोजित होने वाले नगर निगम क्षेत्र एवं पंचायत स्तरीय शिविरों में विभिन्न योजनाओं एवं समस्याओं से संबंधित आवदेन प्राप्त किये जायेंगे। साथ ही ऑन द स्पॉट शिकायतों का निवारण एवं योजनाओं का लाभ, परिसम्पत्तियों का वितरण सहित जनकल्याणकारी/फ्लैगशीप योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।
सभी आमजनों से अपील की जाती है कि तिथिवार आयोजित होने वाले इन शिविरों में भागीदार बनकर समस्याओं का समाधान कराने सहित सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

PR312661 (IPRD)23-24*D उपायुक्त,हजारीबाग

## न्यूज रील्स

### मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी को बधाई दी



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आज सुबह फोन करके मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है।

### मिजोरम में जेडपीएम को स्पष्ट बहुमत

आइजोल (आजाद सिपाही)। जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) को मणिपुर विधानसभा की 40 में से 27 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत मिला। इसके अलावा मिजो नेशनल फ्रंट को 10, भाजपा को भाजपा को दो और कांग्रेस को एक सीट मिली। भाजपा ने पलक और सैहा सीट अपने नाम की, जबकि कांग्रेस ने लांग्तलाई वेस्ट सीट पर जीत हासिल की। जीत दर्ज करने वाले जेडपीएम के प्रमुख नेताओं में पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार लालदुहोमा शामिल हैं। उन्होंने सेरछिप सीट पर मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के जे. माल्सावमजुआला वानचावंग को 2,982 वोटों से हराया। इस बीच मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथंगा ने सोमवार शाम को राज्यपाल हरी बाबू कंभमपति से मुलाकात की। विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी मिजो नेशनल फ्रंट की हार के बाद उन्होंने इस्तीफा सौंप दिया।

# ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में एनइपी पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में रविवार को 'एनइपी-2020 के माध्यम से भारतीय परंपराओं और मूल्यों को बदलनाः शिक्षा की बहुभाषी और बहु-विषयक संस्कृति' पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गयी थी। अखिल भारतीय राष्ट्रीय अकादमिक अकादमी के सहयोग से विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित, शिक्षाविदों, विद्वानों और विशेषज्ञों ने भारत के सांस्कृतिक और शैक्षिक परिदृश्य पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) 2020 के गहन प्रभाव पर चर्चा की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने वास्तविक शिक्षा के सार के रूप में भारतीय पारंपरिक प्रणालियों के महत्व पर जोर दिया और एनइपी 2020 को लागू करने में शिक्षक शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व के गुणों को विकसित करना है। दूसरे दिन प्रख्यात पैनलिस्टों ने एनईपी-2020 के माध्यम से भारतीय परंपराओं और मूल्यों के परिवर्तन पर एक व्यापक व्याख्यान दिया। सेंट फ्रांसिस विश्वविद्यालय के प्रोफेसर श्रीमणि चक्रवर्ती ने भारतीय ज्ञान प्रणाली में सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक शब्दावली की प्रासंगिकता पर चर्चा की। अग्रवाल, अध्यक्ष, आरआइइ (एनसीईआरटी) ने शिक्षा के एक अभिन्न पहलू के रूप में सतत विकास पर जोर दिया और देश के मूल्यों के निर्माण के लिए बुनियादी ढांचे के रूप में स्कूली शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के एक शिक्षाविद फैसल करीमी ने अफगानिस्तान में तालिबान शासन के तहत शिक्षा के लिए खतरे के बारे में बात की और लड़कियों और महिलाओं पर इसके प्रभाव पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्थिरता और सकारात्मक बदलाव की भी बात की। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के युग में दिमाग के डिजिटलीकरण और दिल के मानवीकरण पर जोर देते हुए मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एडम पॉल पटेटी ने सॉफ्ट स्किल्स के महत्व पर जोर दिया।

प्राध्यापक प्रशांत कुमार आचार्य, विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग, राजीव गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय ने भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रचार-प्रसार में वेदांत, योग, न्याय, मिम्सा, आयुर्वेद और भारतीय दर्शन के अन्य पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने आशा व्यक्त की कि 2025 तक अनेक छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त होगी। राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सत्यनारायण आचार्य ने शिक्षा में नैतिक मूल्यों की मौलिक भूमिका पर जोर दिया और भारतीय संस्कृति और दर्शन पर अधिक शोध का आह्वान किया। उन्होंने वैश्विक भाईचारे में भारत के योगदान की सराहना की।

ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के जनजातीय अध्ययन के लिए राजीव गांधी चेयर और दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व वरिष्ठ प्रोफेसर प्रोफेसर पीसी पटनायक ने भाषाई और सांस्कृतिक विविधता पर चर्चा की और ज्ञान प्रणाली के लिए एक अंतःविषय दृष्टिकोण का सुझाव दिया। एनजीबीटी कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ कल्याणी साहू ने रवींद्रनाथ टैगोर के समावेशी शिक्षा के दर्शन को दोहराया और इस बात पर प्रकाश डाला कि त्योहार एक सांस्कृतिक एकता बल और पहचान का प्रतीक हैं। शिक्षा पर अकादमिक पेपर पूरे दिन प्रस्तुत किया गया, जिसने चर्चा की गहराई और चौड़ाई को दिखाया।

इस मौके पर डॉ रामेंद्र कुमार पाधी, एचओडी, शिक्षा विभाग, सीयूओ ने स्वागत भाषण दिया, जबकि पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के एचओडीआइ/सी डॉ सौरभ गुप्ता ने समन्वयक के रूप में कार्य किया। एबीआरएसएम की ओर से नीलूराम जेना ने आभार व्यक्त किया।

# चक्रवात मिचौंग को देखते हुए ट्रेनों को रद्द किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** चक्रवात मिचौंग के मद्देनजर ट्रेन सेवाओं को विनियमित किया गया है। तदनुसार, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूर्व तट रेलवे के अधिकार क्षेत्र से शुरू होने वाली, समाप्त होने वाली और गुजरने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

रद्द की गयी ट्रेनों में 03358 कोयंबटूर-बरौनी स्पेशल एक्सप्रेस 6 दिसंबर को, 12246 एसएमवीबी-हावड़ा एक्सप्रेस 5दिसंबर को, 12509 एसएमवीबी-गुवाहाटी एक्सप्रेस 5 और 6 दिसंबर को, 12660 शालीमार-नागरकोइल एक्सप्रेस 6 दिसंबर को, 12836 एसएमवीबी-हटिया एक्सप्रेस 5 दिसंबर को, 12840 चेन्नई-हावड़ा एक्सप्रेस 5 और 6 दिसंबर को, 12841 शालीमार-चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस 5 दिसंबर को, 12842 चेन्नई-शालीमार कोरोमंडल एक्सप्रेस 5 और 6 दिसंबर को, 12864 एसएमवीबी-हावड़ा एक्सप्रेस 5 और 6 दिसंबर को, 12868 पुडुचेरी-हावड़ा एक्सप्रेस 6 दिसंबर को, 13352 एलेप्पी-धनबाद एक्सप्रेस 6 और 7 दिसंबर को, 15227 एसएमवीबी-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 7 दिसंबर को, 15630 सिलघाट टाउन-ताम्ब्रम एक्सप्रेस 8 दिसंबर को, 17488 विशाखापत्तनम-कडप्पा तिरुमाला एक्सप्रेस 5 दिसंबर को, 17487 कडप्पा-विशाखापत्तनम तिरुमाला एक्सप्रेस 5 और 6 दिसंबर को, 18190 एनार्कुलम-टाटानगर एक्सप्रेस 5 दिसंबर को, 18638 एसएमवीबी-हटिया एक्सप्रेस 5 दिसंबर को, 22503 कन्याकुमारी-डिब्रूगढ़ विवेक एक्सप्रेस 6 और 7 दिसंबर को, 22604 विल्लुपुरम-खड़गपुर एक्सप्रेस 5 दिसंबर को, 22603 खड़गपुर-विल्लुपुरम एक्सप्रेस 7 दिसंबर को, 22644 पटना-एनार्कुलम एक्सप्रेस 7 दिसंबर को, 22838 एनार्कुलम-हटिया एक्सप्रेस 6 दिसंबर को, 22842 ताम्ब्रम-संतरागाछी एक्सप्रेस 6 दिसंबर को, 22864 एसएमवीबी-हावड़ा एक्सप्रेस 6 दिसंबर को, 22870 चेन्नई-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस 5 दिसंबर को शामिल हैं।

## पूर्व तट रेलवे ने संकट प्रबंधन कक्ष खोला, हेल्पलाइन नंबर जारी किया

- गश्ती दल और चौकीदारों को तैनात करके संवेदनशील स्थानों पर गश्त बढ़ायी गयी



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। पूर्व तट रेलवे ने चक्रवात मिचौंग और उसके क्षेत्राधिकार में इसके प्रभावों के प्रबंधन के लिए तैयारी और जमीनी काम किया है। मौसम संबंधी पूवार्नुमानों की प्रारंभिक भविष्यवाणियों और आपदाओं के पूर्व प्रबंधन के अनुभवों का लाभ उठाते हुए, पूर्व तट रेलवे ने चक्रवात मिचौंग से प्रभावित होने पर ट्रेन यातायात और रेलवे ट्रैक की शीघ्र बहाली की योजना बनाई है। रेल सदन में पूर्व तट रेलवे मुख्यालय और विशाखापत्तनम, खुर्दा रोड और संबलपुर में मंडल मुख्यालयों में चौबीसों घंटे आपदा प्रबंधन कक्ष खोला गया है। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने अधिकारियों को संवेदनशील स्थानों की निरंतर निगरानी और ट्रैक, सिग्नलिंग प्रणाली और ओएचई इंस्टॉलेशन आदि की त्वरित बहाली के लिए संसाधनों को शीघ्र जुटाने के साथ सतर्क रहने की सलाह दी है।

**हेल्पलाइन नंबर:** 0674 - 2301525, 2301626, 2303060

**ट्रेनों का रद्दीकरण:** चक्रवात की स्थिति को देखते हुए कुछ ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं. ये ट्रेनें हैं : 17481 बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस 5 दिसंबर को बिलासपुर से, 17479 पुरी-तिरुपति एक्सप्रेस 6 दिसंबर को पुरी से, 12509 बेंगलुरु-गुवाहाटी एक्सप्रेस 6 और 7 दिसंबर को बेंगलुरु से और 18190 एनार्कुलम-टाटा एक्सप्रेस 6 दिसंबर को एनार्कुलम से।













# बेरहामपुर विश्वविद्यालय में स्मार्ट लाइब्रेरी इको-सिस्टम पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**बेरहामपरु।** बेरहामपर विश्वविद्यालय के पोस्ट-ग्रेजुएट डिपार्टमेंट ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस, ने राजा राममोहन रपे लाइब्रेरी फाउंडेशन (आरआरआरएलएफ) के सहयोग से, सफलतापवर्क दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन का शीषर्क शिक्षा परिहश्य में स्मार्ट लाइब्रेरी इको-सिस्टम था। इसका उद्देश्य लाइब्रेरी सेवाओं में स्मार्ट तकनीक के समाहित करने और चर्चा करने का था।

एक दिसंबर को आयोजित उद्घाटन सत्र में बेरहामपर विश्ववद्यालय के उपाध्य प्रो गीतांजलि दास ने मख्य पत्रकार के रूप में संबोधित किया। प्रो दास ने लाइब्रेरी में स्मार्ट तकनीक की बदलने वाले शक्ति पर जोर दिया। पारंपरिक लाइब्रेरी को ज्ञान के स्मार्ट हब्स में रूपांतरित होने का दृष्टिकोण दिया। बेरहामपर विश्वविद्यालय के पीजी कौंसल के अध्यक्ष प्रो एसके बरल ने अपने विचार साझा किये और छात्रों के पठन से जुड़ी बातों पर जोर दिया। सम्मेलन के संयोजक, डॉ ज्योत्सना साहू, जो कि लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस विभाग की हेड भी हैं, ने महत्वपर्ण अधिवेशन दिया। उन्होंने महत्वपर्ण विचार साझा किये और उच्च शिक्षा में स्मार्ट लाइब्रेरी के महत्व को साझा किया। कायर्क्रम के मख्य अतिथि, प्रो अजय प्रताप सिंह, नेशनल लाइब्रेरी कोलकाता के निदेशक जनरल और पूर्व आरआरआरएलएफ के डीजी ने भारत सरकार के पस्तकालय सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए की जा रही पहल का संक्षेप प्रस्तुत किया। उन्होंने स्थानीय स्तर पर पुस्तकालय स्थापित करने की सरकार की योजनाओं को भी बताया। गोस्वामी गोलाम देबाता, आइएएस (सेवानिवृत्त) ने मख्य आतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करीय। उन्होंने अपने दृष्टिकोणों पर आधारित पुस्तक और काव्यात्मक अभिव्यक्ति से श्रोताओं को प्रभावित किया। प्रो पीतांबर पाधी, उत्कल विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर ने स्मार्ट लाइब्रेरी के महत्व पर अपने दृष्टिकोण साझा किए और केंद्रीय पस्तकालय प्रणाली की प्रशंसा की और राज्य में सावर्जनिक पस्तकालय प्रणाली को सुधारने की दिशा में एक मजबत आंदोलन की आवश्यकता को बताया। सम्मेलन के संयोजक, डॉ राज किशोर कंपा ने आयोजन के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन किया। सम्मेलन ने देशभर से आये प्रतिनिधियों द्वारा 30 पेपर्स प्रस्तुत किये गये। दो दसंबर को सम्मेलन एक विदायिका समारोह के साथ समाप्त हो गया। इसमें मख्य अतिथि सत्य रंजन साहू, ओएएस, (विशेष सचिव) और पूर्व कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बौद ने अपने विचार व्यक्त किये। श्री साहू ने पढ़ाई, पस्तकों को दान करने और व्यक्तिगत पस्तकालय स्थापित करने की महत्वपणर्ता को महसूस कराया।







# समावेशिता की वकालत करता है वेदांता एल्युमीनियम

- अंतरराष्ट्रीय विकलांगता दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** विकलांग व्यक्तियों के अंतरराष्ट्रीय दिवस पर भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने भारत के विनिर्माण परिदृश्य में विविधता, समानता और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। कंपनी वर्तमान में अपने परिचालन में कई दिव्यांग व्यक्तियों को रोजगार देती है। इस अवसर पर इसने कई पहलों का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य दिव्यांगों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करना



और उनकी अनूठी जरूरतों के प्रति सहानुभूति रख कर एक अधिक समावेशी दुनिया कैसे बनायी जा सकती है। भारी इंजीनियरिंग, धातु और विनिर्माण क्षेत्रों में कार्यों की जटिलता को देखते हुए कंपनी का प्रयास विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

कंपनी ने दृष्टि, वाणी और श्रवण बाधित बच्चों के लिए मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन पर विशेष रूप से डिजाइन किये गये शिक्षण मॉड्यूल भी लॉन्च किये। इसके अलावा इसने ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी से लड़ने में मदद करने के लिए 'स्टिच माई ओन पैड' अभियान चलाया।

इस अवसर पर वेदांता एल्युमीनियम के सीइओ जॉन स्लेवेन ने कहा कि वेदांता एल्युमीनियम में, हम मानते हैं कि विविधता को अपनाना न केवल एक नैतिक अनिवार्यता है, बल्कि एक रणनीतिक लाभ भी है। विकलांग व्यक्तियों को काम पर रखकर और यह सुनिश्चित करके कि उनकी विविध पेशेवर जरूरतें पूरी हों, हमारा लक्ष्य एक ऐसा कार्यस्थल बनाना है जहां अद्वितीय दृष्टिकोण हमारी सामूहिक सफलता में योगदान करते हैं।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**